3 राजधानी
महिलाओं व बुजुर्गों में दिखा उत्साह

6 अभिमत
भारत की शतकीय पारी और विज्ञान

10 विदेश
इंडोनेशिया में फिर हुआ ज्वालामुखी विस्फोट

11 राष्ट्रीय
भानुप्रतापपुर उपचुनाव का मतदान आज

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 33
नई दिल्ली, सोमवार, 5 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



विकेटकीपिंग के लिए तैयार रहने को कहा गया
स्पोर्ट्स-12

# दिल्ली एमसीडी चुनाव में 50% मतदान

- नगर निगम के एकीकरण के बाद पहली बार हुए चुनाव में कांग्रेस, भाजपा और आप कर रहे अपनी जीत के दावे, मतगणना सात को
- सीएम केजरीवाल ने परिवार के साथ डाला वोट, लोगों से भी की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




नई दिल्ली में एक केंद्र पर मतदान के बाद उंगली पर लगा चिन्ह दिखातीं महिला मतदाता

**दिल्ली** में नगर निगम चुनाव के लिए रविवार को शाम साढ़े पांच बजे तक लगभग 50 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान शाम 5.30 बजे समाप्त हुआ। प्रदूषण और सर्दी वाली अलसायी सुबह में कम लोग वोट डालने के लिए निकले, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, बूथों पर लंबी-लंबी लाइनें लग गईं। महिलाओं, बुजुर्गों और पहली बार वोट डालने वालों में खासा उत्साह देखने को मिला।

वर्ष 2017 के पिछले नगर निगम चुनावों में 53 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। मतदान प्रतिशत 50.47 हुआ। इसके और बढ़ने की संभावना है। सबसे अधिक वोट 65.74 प्रतिशत बख्तावरपुर में और सबसे कम 33.74 प्रतिशत एंड्रूज गंज में पड़े। विकास कार्य नहीं कराए जाने से खफा होकर नांगल ठाकरान के वार्ड 31 के तीन बूथों 17, 18 व 19 पर मतदान का बहिष्कार किया। इसी प्रकार राजनीतिक दलों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए बवाना विधानसभा क्षेत्र के कटेवड़ा गांव में भी लोगों ने वोट नहीं डाले। बेहद कड़ी सुरक्षा के बीच चल रही मतदान प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के मुताबिक अपराह्न 12.30 बजे तक 18 फीसदी वोट पड़े, जबकि अपराह्न 2.30 बजे तक 30 और शाम चार बजे तक 45 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। इसके बाद भी अनेक बूथों पर लंबी कतारें लगी थीं। राज्य निर्वाचन अधिकारी (एसईसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सभी वार्डों में चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से चली। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली नगर निगम चुनाव में मतदान करने बाद लोगों से कहा कि स्वच्छता और विकास के लिए वोट डालें। लोगों को उस पार्टी के पक्ष में मतदान करना चाहिए जो बाधाएं खड़ी करने के बजाय लोगों के लिए काम करती है। केजरीवाल अपने माता-पिता, पत्नी एवं बच्चों के साथ सिविल लाइंस में मतदान केंद्र पर पहुंचे थे। वह वोट डालने के बाद अपने माता-पिता का हाथ पकड़कर मतदान केंद्र से बाहर आए। निगम चुनाव में 1.45 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के पात्र हैं। कुल 1,349 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। निगम के एकीकरण के बाद यह पहला चुनाव रहा। भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी तीनों ही अपनी-अपनी जीत के दावे कर रही हैं। हालांकि ऊंट किस करवट बैठेगा, यह सात दिसंबर को मतगणना के बाद पता चलेगा। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में मतदाताओं की कुल संख्या 1,45,05,358 हैं, जिनमें 78,93,418 पुरुष, 66,10,879 महिलाएं और 1,061 ( शेष पेज 8 )

## दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष समेत कई लोगों के नाम सूची से गायब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नगर** निगम के लिए हुए चुनाव में अनेक लोगों को उस समय झटका लगा जब वे मतदान केंद्र तक तो पहुंचे, लेकिन वोट नहीं डाल सके। कारण, मतदाता सूची से नाम गायब था। दिल्ली के अनेक बूथों से ऐसी शिकायतें आईं। यहां तक कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी का नाम भी वोटर लिस्ट में नहीं मिला और वह वोट डालने से वंचित रह गए। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य निर्वाचन आयोग में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए इस संबंध में एक शिकायत दर्ज कराई है। अधिकारियों ने कहा कि मतदाता सूची भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार की जाती है और दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग के पास किसी मतदाता का ( शेष पेज 8 )

# खड़गे ने खींची जवाबदेही की लकीर फरवरी में होगा कांग्रेस अधिवेशन




कांग्रेस संचालन समिति की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, अंबिका सोनी

- भारत जोड़ो यात्रा के बाद 26 जनवरी से दो माह तक 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान चलेगा
- संचालन समिति की पहली बैठक में बोले खड़गे- जो जिम्मेदारी नहीं निभा सकते, वे पद छोड़ें और नए लोगों को मौका दें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** को नई दिशा देने की रणनीति तैयार करने और अध्यक्ष के तौर पर मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्वाचन पर मुहर लगाने के लिए पार्टी का तीन दिवसीय अधिवेशन अगले साल फरवरी में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित होगा। खड़गे के पार्टी अध्यक्ष बनने की संपुष्टि होने के बाद ही नई कार्य समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू होगी।

पार्टी ने रविवार को यह भी ऐलान किया कि भारत जोड़ो यात्रा पूरी होने के बाद आगामी 26 जनवरी से दो माह तक 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान चलेगा। पार्टी अध्यक्ष खड़गे की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस संचालन समिति की बैठक में अधिवेशन को लेकर यह निर्णय लिया गया। यह पार्टी का 85वां अधिवेशन होगा। खड़गे ने बैठक की शुरुआत में संगठन में ऊपर से लेकर नीचे तक जवाबदेही की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि जो लोग अपनी जिम्मेदारी निभाने में अक्षम हैं, वे पद छोड़ दें और नए लोगों को मौका दें। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के महासचिव और प्रदेश प्रभारी पहले खुद की जिम्मेदारी सुनिश्चित करें तथा जनांदोलन के संदर्भ में 30 से 90 दिनों के भीतर रूपरेखा तैयार करें। खड़गे के अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार संचालन समिति की बैठक हुई।

पिछले महीने पार्टी अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के शीर्ष निकाय कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) के स्थान पर इस संचालन समिति का गठन किया था। इस बैठक में खड़गे के अलावा पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम, संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, आनंद शर्मा, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, मीरा कुमार और अंबिका सोनी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के चलते इस बैठक में भाग नहीं ले सके। संचालन समिति की बैठक के बाद पार्टी के संगठन महासचिव केसी ( शेष पेज 8 )

# गुजरात विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान आज

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद

**गुजरात** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में सोमवार को 14 मध्य और उत्तरी जिलों की 93 सीट पर मतदान होगा। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इनमें से 51 सीट जीती थी। कांग्रेस ने 39, जबकि तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी। मध्य गुजरात में भाजपा ने 37 सीट जीती थी। कांग्रेस को 22 सीट मिली थी। लेकिन उत्तर गुजरात में, कांग्रेस ने 17 सीट पर जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा को 14 सीट मिली थी।

दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार शनिवार शाम को समाप्त हो गया था। सौराष्ट्र, कच्छ और दक्षिण गुजरात क्षेत्रों की 89 सीट पर पहले चरण में एक दिसंबर को मतदान हुआ था। पहले चरण में औसत मतदान 63.31 प्रतिशत दर्ज किया गया था। गुजरात विधानसभा में कुल 182 सीट हैं। दूसरे चरण में जिन शेष 93 सीट पर मतदान होगा, उसके लिए 61 राजनीतिक दलों के 833 उम्मीदवार मैदान में हैं। राज्य चुनाव निकाय के अनुसार, उम्मीदवारों में 285 निर्दलीय भी शामिल हैं। भाजपा और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सभी 93 सीट ( शेष पेज 8 )

## मोदी-शाह अहमदाबाद में करेंगे मतदान



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में पांच दिसंबर को होने वाले मतदान में भाग लेने के लिए रविवार शाम अहमदाबाद पहुंचे। एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री सोमवार सुबह अहमदाबाद शहर के रानिप इलाके में एक विद्यालय में स्थापित मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का ( शेष पेज 8 )

# प्रदूषण बढ़ा, दिल्ली व एनसीआर में निर्माण, तोड़फोड़ पर फिर लगी रोक

- वायु गुणवत्ता आयोग ने आपात बैठक कर लगाई पाबंदियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में ठंड की दस्तक के साथ-साथ वायु प्रदूषण में भी बढ़ोतरी होती जा रही है। रविवार को एक्यूआई 407 के दर्ज किया गया, जिसे देखते हुए केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने आपात बैठक कर ग्रेप तीन के प्रावधानों को लागू कर दिया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा लगाए गए चरणबद्ध कार्रवाई कार्य योजना (जीआरएपी) के तीसरे चरण के प्रतिबंधों के अंतर्गत अब दिल्ली में सभी तरह के निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा किसी भी तरह के तोड़-फोड़ पर भी पांबंदी रहेगी। साथ ही खनन पर भी बैन लगाया गया है। रविवार की सुबह पूरे दिल्ली एनसीआर में कोहरे और धुंध की चादर छाई रही। इस कारण लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को गले में खराश से लेकर आखों में जलन जैसी परेशानिया झेलनी पड़ रही है। जीआरएपी के क्रियान्वयन के लिए उप समिति ने रविवार को क्षेत्र में वायु गुणवत्ता परिदृश्य के साथ-साथ मौसम संबंधी स्थितियों और दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक के पूर्वानुमान की समीक्षा के लिए एक बैठक बुलाई। उप समिति के अनुसार, पिछले 24 घंटों में हवा की गुणवत्ता में और गिरावट देखी गई। उप समिति ने और गिरावट को रोकने के प्रयास में निर्णय लिया कि जीआरएपी के चरण एक और दो के तहत सभी कार्यों के अलावा, चरण तीन के तहत सभी कार्यों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने 14 नवंबर को प्राधिकारों को जीआरएपी के तीसरे चरण के तहत दिल्ली-एनसीआर में लागू प्रतिबंधों को हटाने का निर्देश दिया था, जिसमें गैर-जरूरी निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध भी शामिल था।

# मेरी छवि खराब करने को खर्च किए गए हजारों करोड़ : राहुल गांधी

- पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- पहले मीडिया करता मेरी वाह-वाह, गरीब के लिए जमीन के मुद्दे उठाने पर हुआ खिलाफ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मीडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि जब मैं राजनीति में आया, तो देश का सारा मीडिया 2008-09 तक 24 घंटे मेरे लिए वाह, वाह करता था। इसके बाद जब उन्होंने आदिवासियों के भूमि अधिकार और गरीबों के शोषण के दो मुद्दे उठाए तो सारा मीडिया उनके खिलाफ हो गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी छवि खराब करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

उन्होंने राजनीति में अपने शुरुआती दिनों की क्लिप भी जारी की। राहुल ने कहा कि मैंने दो मुद्दे उठाए थे, एक नियामगिरी था और दूसरा भट्टा पारसौल था। जिस क्षण मैंने जमीन का सवाल उठाया और जिस क्षण मैंने जमीन पर गरीब लोगों के अधिकार की रक्षा करने की आवाज बुलंद की, तब से पूरा मीडिया तमाशा शुरू हो गया। हम आदिवासियों के लिए पेसा अधिनियम और उनके भूमि अधिकारों के लिए अन्य कानून लाए।

इसके बाद मीडिया ने मेरे खिलाफ 24 घंटे लिखना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की संपत्ति जो मूल रूप से महाराजाओं की थी, कांग्रेस सरकार ने संविधान के माध्यम से जनता को दी, लेकिन भाजपा इसका उल्टा कर रही है। वह उन्हीं संपत्तियों को आप से छीन कर दोबारा महाराजाओं को दे रही है। राहुल गांधी ने ओडिशा में वेदांता के खनन अभियान ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 63,284 | |
| निफ्टी | 18,812 | |
| सोना | 53,677 | /10g |
| चांदी | 65,003 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू।** सुरक्षाबलों ने रविवार को जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और गोला बारूद तथा विस्फोटक सामग्री बरामद की। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि सुदूरवर्ती मारवाह के सरकुंडु-नवपाची इलाके में सेना और पुलिस ने एक संयुक्त तलाश अभियान के दौरान इस ठिकाने का भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि ठिकाने से दो हथगोले, एक डेटोनेटर, एक सेफ्टी फ्यूज, एके असॉल्ट राइफल की दो मैगजीन के साथ 109 गोलियां, जनरल पर्पज मशीन गन की 56 गोलियां और .303 राइफल की एक मैगजीन के साथ 27 गोलियां बरामद की। प्रवक्ता ने कहा, संवेदनशील इलाके से युद्ध जैसे भंडार की इस बरामदगी से खुद को पुनः संगठित करने की कोशिश कर रहे।

# ईरान ने मोरैलिटी पुलिस को भंग किया

- हाल ही में 22 वर्षीय महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में हुई मौत के बाद से ईरान में इसके खिलाफ सरकार-विरोधी प्रदर्शन जारी हैं

**एजेंसियां।** तेहरान

**ईरान** के प्रॉसिक्यूटर जनरल ने एक धार्मिक सम्मेलन में बताया कि देश की धार्मिक पुलिस यानी मोरैलिटी पुलिस को भंग कर दिया गया है। हालांकि प्रॉसिक्यूटर जनरल मोहम्मद जफर मॉन्ताजेरी के बयान को ईरान की कानून लागू करने वाली संस्था ने पुष्टि नहीं की है। हाल ही में 22 वर्षीय महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में हुई मौत के बाद से ईरान में इसके खिलाफ सरकार-विरोधी प्रदर्शन जारी हैं।

इन विरोध प्रदर्शनों में अब तक 300 से अधिक लोगों की मौत भी हुई है। महसा अमीनी को तेहरान की मोरैलिटी पुलिस ने कथित तौर पर ठीक से हिजाब न पहनने के आरोप में हिरासत में लिया और बाद में उनकी मौत हो गई। ईरान के कठोर नियमों के अनुसार, महिलाओं के लिए हिजाब या हेडस्कार्फ पहनना अनिवार्य है। हालांकि बीबीसी फारसी सेवा के रिपोर्टर सियावाश अर्दलान ने कहा कि मोरैलिटी पुलिस को भंग किए जाने का मतलब ये जरूरी नहीं है कि अब हिजाब का कानून बदल जाएगा। उन्होंने इसे बहुत देर से उठाया गया छोटा क़दम बताया। ईरान की मोरैलिटी पुलिस गश्त-ए-इरशाद को अमेरिका ने 23 सितंबर को ब्लैकलिस्ट कर दिया था। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने उस समय कहा था कि मोरैलिटी पुलिस महसा अमीनी की मौत के लिए जिम्मेदार है। ट्रेजरी विभाग ने ईरानी महिलाओं के खिलाफ हिंसा और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के अधिकारों के उल्लंघन के लिए ये प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। महसा अमीनी की मौत के बाद से कुर्दिस्तान से लेकर तेहरान तक देश के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शन भड़क गए थे। बीबीसी मॉनिटरिंग की एक रिपोर्ट के अनुसार, साल 1979 की क्रांति के बाद से ही ईरान में सामाजिक मुद्दों से निपटने के लिए मोरैलिटी पुलिस कई स्वरूपों में मौजूद रही है।

इनके अधिकार क्षेत्र में महिलाओं के हिजाब से लेकर पुरुषों और औरतों के आपस में घुलने-मिलने का मुद्दा भी शामिल रहा है। लेकिन महसा की मौत के लिए जिम्मेदार बताई जा रही सरकारी एजेंसी गश्त-ए-इरशाद ही वो मोरैलिटी पुलिस है, जिसका काम ईरान में सार्वजनिक तौर पर इस्लामी आचार संहिता को लागू करना है। गश्त-ए-इरशाद का गठन साल 2006 में हुआ था। ये न्यायपालिका और इस्लामिक ( शेष पेज 8 )

# झीलों के नगर में जी20 शेरपाओं की बैठक

- भारत की अध्यक्षता में हरित विकास पर चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** उदयपुर




बैठक में बोलते भारत के शेरपा अमिताभ कांत

**भारत** की जी20 अध्यक्षता के तहत पहली बैठक रविवार को यहां शुरू हुई, जिसमें देश को अगले साल सितंबर में नई दिल्ली में होने वाली समूह के नेताओं की बैठक से पहले विकासशील देशों का एजेंडा आगे रखने का अवसर मिलेगा। बैठक में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने समावेशी, जुझारू और टिकाऊ विकास का मार्ग निर्धारित करने, बेहतर आजीविका निर्माण की गति बढ़ाने और कोविड-19 से उबरते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार एवं जीवन की गुणवत्ता जैसे विषयों को आगे रखकर बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत की। कांत ने बैठक में टिकाऊ विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर एक सह-आयोजन को संबोधित करते हुए कहा, हम बड़े भूराजनीतिक संकट से गुजर रहे हैं। हमने वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं को टूटते, देशों पर कर्ज बढ़ते और जलवायु कार्रवाई एवं जलवायु वित्तपोषण संबंधी बड़े संकट देखे हैं। इससे पहले संवाददाताओं के साथ अनौपचारिक बातचीत में कांत ने कहा कि जी20 की अध्यक्षता ने भारत को बहुपक्षीय मंच के एजेंडे में विकासशील देशों के मुद्दों को शामिल करने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा, पहले हमें एजेंडा के विषय विकसित देशों से मिलते थे। अब, हम जी20 की बैठक का एजेंडा तय करने जा रहे हैं।

हम दुनिया को बताएंगे कि हम लोकतंत्र की जननी हैं। आर्थिक विभाग के सचिव अजय सेठ ने कहा कि चार दिन तक चलने वाली बैठक में अर्थव्यवस्थाओं और वित्त पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर एक प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा। राजस्थान के इस सुंदर झीलों वाले शहर में चार दिवसीय बैठक में जी20 के सदस्य देशों, नौ अतिथि देशों के नेताओं के साथ अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इन अतिथि देशों में बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड्स, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन तथा संयुक्त अरब अमीरात हैं।

बैठक में प्रौद्योगिकी बदलाव, हरित विकास, महिला नीत विकास, टिकाऊविकास लक्ष्यों (एसडीजी) के क्रियान्वयन को तेज करने तथा समावेशी एवं जुझारू विकास प्रक्रिया जैसे विषयों पर बातचीत हो रही है। एक आधिकारिक वक्तव्य में यहां कहा गया, पहली शेरपा बैठक आगामी बैठकों के लिए एजेंडा तय करेगी और भारत को अध्यक्षता मिलने के मद्देनजर उसे अपनी व्यापक प्राथमिकताओं को रेखांकित करने का तथा उसकी जी20 की अध्यक्षता पर दृष्टिकोण रखने ( शेष पेज 8 )

# चिल्ला बॉर्डर से महामाया फ्लाईओवर तक सड़क होगी चौड़ी, जाम से मिलेगी मुक्ति




● नोएडा के अलावा दिल्ली और अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों को होगा फायदा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बढ़ती जनसंख्या के साथ सड़कों पर गाड़ियों का दवा भी ज्यादा पड़ने लगा है। कोई ऐसा दिन नहीं जाता, जब नोएडा एक्सप्रेसवे पर जाम नहीं लगता हो। सबसे ज्यादा चिल्ला बॉर्डर से लेकर महामाया फ्लाईओवर तक जाम लगा रहता है।

सुबह और शाम के समय यहां पर वाहनों की लंबी लाइन लगी होती है। रोजाना सुबह और शाम चिल्ला बॉर्डर से लेकर महामाया फ्लाईओवर तक लंबा जाम लगा रहता है। अब यह समस्या बहुत ही जल्द दूर होने वाली है। इसको लेकर नोएडा अथॉरिटी एक योजना बना रही है। मिली जानकारी के मुताबिक चिल्ला बॉर्डर से लेकर महामाया फ्लाईओवर तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। चिल्ला बॉर्डर से लेकर महामाया फ्लाईओवर तक कुल 4.7 किलोमीटर की दूरी है, लेकिन जाम की स्थिति बनने के बाद ऐसा लगता है कि यह 10 किलोमीटर का सफर है।

अब इस 4.7 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। नोएडा अथॉरिटी से मिली जानकारी के अनुसार प्राधिकरण के अधिकारियों ने इसको लेकर सर्वे करना शुरू कर दिया है।

सर्वे में यह देखा जा रहा है कि किन-किन स्थानों पर सड़क को चौड़ा किया जा सकता है।

इस सड़क के चौड़ीकरण होने के बाद ना ही केवल नोएडा, बल्कि आसपास के जिलों को भी काफी फायदा होगा। बड़ी संख्या में लोग चिल्ला बॉर्डर से गुजरते हैं।

## न्यू नोएडा के पहले चरण में 3 हजार हेक्टेयर जमीन पर होगा विकास

● शुरुआत में 8500 करोड़ का प्रोजेक्ट पेश

**नोएडा।** न्यू नोएडा को लेकर एक बार फिर नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय में मंथन हुआ। सेक्टर-6 में स्थित नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय में स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर ने अपनी रिपोर्ट पेश की है। जिसमें बताया गया कि शुरुआत में 3000 हेक्टेयर जमीन पर नया नोएडा विकसित होगा। इस 3000 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने में करीब शुरुआती 8,500 करोड़ रुपए खर्च करने का अनुमान लगाया गया है।

यह केवल जमीन खरीदने वाला प्रोजेक्ट है। इस बैठक में नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के अधिकारियों के साथ लंबी चर्चा की है। मिली जानकारी के मुताबिक पहले चरण में जमीन खरीदने और उसे विकसित करने में



करीब 8500 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें न्यू नोएडा की सड़क, यातायात के इंतजाम और अन्य सुविधाएं शामिल हैं।

न्यू नोएडा को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कनेक्ट किया जाएगा। इसके अलावा ईस्टर्न और वेस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे को भी जोड़ा जाएगा। यह मास्टर प्लान 2041 के तहत है। इसमें गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर के 84 गांव शामिल होंगे। मिली रिपोर्ट के मुताबिक न्यू नोएडा के 41 प्रतिशत में औद्योगिक इकाइयों का लगाया जाएगा। इसके अलावा 11.5 प्रतिशत में प्रतिशत आवासीय इलाके बनाए जाएंगे। वहीं दुकानोंए मॉल और शॉपिंग कंपलेक्स के लिए 4.5 प्रतिशत जमीन आरक्षित की गई है। इसके अलावा बाकी 17 प्रतिशत जमीन को ग्रीन बेल्ट के लिए व्यक्त किया जाएगा। न्यू नोएडा में सड़क और पार्किंग के लिए 15.5 प्रतिशत जमीन और कार्यालय आदि बनाने के लिए 9 प्रतिशत जमीन आरक्षित की गई है। नोएडा प्राधिकरण का प्रयास है कि न्यू नोएडा का प्लान वर्ष 2023 में शुरू कर दिया जाएगा और केवल 8 साल के भीतर यानी कि 2041 तक नोएडा पूरी तरीके से विकसित हो जाएगा। अधिकारियों ने दावा किया है कि वह न्यू नोएडा को बेहद जल्द एक खूबसूरत आकार की देंगे।

# नोएडा की ऊंची इमारतों के लिए बने लिफ्ट एक्ट

● लिफ्ट में बच्चों और बुजुर्गो के फंसने की घटनाओं से डरे लोग कर रहे है मांग, जिले में 1000 से ज्यादा सोसाइटी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा और ग्रेटर नोएडा हाइराइज इमारतों का शहर है। यहां की आधी से ज्यादा आबादी इन इमारतों में रहती है। वो अभी डरी हुई है। इसकी वजह सोसायटी में लगी लिफ्ट है। बच्चों के लिफ्ट में फंसने की घटनाएं सामने आई है। इस तरह की घटनाएं पहले भी होती रही है। ये टेक्निकल फाल्ट है। जिस वजह से लिफ्ट फंस रही है। इनका प्रॉपर मेंटेनेंस तब होगा जब नोएडा में लिफ्ट एक्ट बनेगा।

नोएडा के एओए और आरडब्ल्यूए विगत कई सालों से लिफ्ट एक्ट की डिमांड प्राधिकरण से करते आ रहे है। लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया। हालांकि हाइराइज इमारतों के लिए स्ट्रक्चर ऑडिट पालिसी लागू की गई है। लेकिन इस पॉलिसी में लिफ्ट का कोई प्राविधान नहीं है।

नोएडा प्राधिकरण के चीफ आर्किटेक्ट प्लानर इश्तियाक अहमद ने बताया कि जिस से नोएडा ग्रेटर नोएडा में हाइराइज इमारतें बन रही है। यहां लिफ्टों की संख्या बढ़ी है। दोनों ही प्राधिकरण में लिफ्ट लागू होना चाहिए। ताकि लिफ्टों का प्रॉपर मेंटेनेंस हो सके। विशेषज्ञों की माने तो लिफ्ट में .001 प्रतिशत की खराबी भी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए काफी है। स्ट्रक्चर ऑडिट पॉलिसी की तर्ज पर नोएडा में लिफ्ट एक्ट बनाया जा सकता है। हालांकि बिल्डिंग बॉयलॉज में इसके नियम और कानून पहले सी है। सीएपी इश्तियाक ने बताया कि लिफ्ट में हो रहे हादसों को रोकने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने 2015 में सभी लिफ्टों में ऑटोमेटिक रेस्क्यू डिवाइस लगाना अनिवार्य कर दिया। बिना इसके लगाए बिल्डर कंपलीशन सर्टिफिकेट हासिल नहीं कर सकता है। ये एक ऐसी डिवाइस है जो लिफ्ट को गिरने से रोकती है। यदि लिफ्ट का सॉफ्टवेयर फेल हो जाए तो ये डिवाइस दो फ्लोर के बीच लगी होती है जो ऑटोमेटिक एक कुशन के साथ बेस तैयार करती है।

जिससे लिफ्ट रुक जाती है। जिन सोसायटी में एओए है और जिनमें बिल्डरो ने एओए के हैंडओवर सोसायटी को नहीं किया है। दोनों ही जगह लिफ्ट मेंटेनेंस नाम मात्र के बराबर ही है। जबकि सोसायटी मेंटेनेंस के नाम पर दोनों ही सोसायटी वासियों से 3 से 4 हजार रुपए लेते है। यही वजह है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में लोग रोजाना लिफ्ट फंस रही है। ज्यादातर सोसायटी वासियों का आरोप है लिफ्ट लगाने में मानकों का प्रयोग नहीं किया गया है।

कई बार प्राधिकरण को शिकायत की जा चुकी है लेकिन एक बार भी प्राधिकरण ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। सेक्टर.46 गार्डन ग्लोरी सोसाइटी है। इसमें 20 टावर है। प्रत्येक टावर में 19 फ्लोर है और टावर में 80 फ्लैट है। 1300 लोग इस सोसायटी में रहते है। ये सभी फिटआउट के आधार पर यहां रह रहे है। एओए बनी है लेकिन बिल्डर ने सोसायटी हैंडओवर नहीं की। प्रत्येक टावर में दो लिफ्ट है। 16 ऑपरेशनल है। जिनकी हालत खस्ता है। लोग डर के मारे सीढ़ियों का ही प्रयोग करते है। सोसायटी के एओए प्रैजिडेंट दुर्गेश सिंह बताते है कि लिफ्ट में पैनिक अलार्म सिस्टम, इंटर कॉम, कैमरे, सिक्योरिटी गार्ड के अलावा फायर एनओसी तक नहीं है।

## गाजियाबाद में एक रात में 6 गाड़ियों के ईसीएम चोरी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में शनिवार देर रात चोरों ने साहिबाबाद थाना क्षेत्र के शालीमार गार्डन और राजेंद्र नगर में छह गाड़ियों के शीशे तोड़े और उनके अंदर से इंजन कंट्रोल मॉड्यूल चुरा लिए। चोरों की घटना आस.पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि चोर एक कार से आए थे।

उन्होंने दूसरी कार के सामने आकर अपनी कार रोकी। एक व्यक्ति उतरा। उसके हाथ में हथौड़े जैसी कोई वस्तु थी। उसने पीछे वाली सीट के छोटे शीशे को हथौड़े से तोड़ दिया। इसके बाद हाथ अंदर डालकर पीछे वाला दरवाजा खोला और चोर अंदर बैठ गया। महज डेढ़ मिनट के अंदर उसने गाड़ी से ईसीएम चुराया।

## महिला का मतलब कमजोर नहीं: पुलिस आयुक्त

● अच्छे लॉ एंड ऑर्डर की बदौलत नोएडा को 40 हजार करोड़ मिले: आलोक सिंह

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



एडीजी आलोक सिंह का धन्यवाद और पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का स्वागत नोएडा मीडिया क्लब ने शनिवार को किया।

यह कार्यक्रम ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क में स्थित बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी बिमटेक में हुआ। जिसमें जिले के पत्रकार शामिल हुए। इस दौरान जिलेभर के लोगों ने गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। नवागत पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने अपनी पुलिसिंग की योजना पेश की।

इस कार्यक्रम में गौतमबुद्ध नगर के सभी पत्रकार, तमाम सामाजिक संगठन, आरडब्लूए, एओए और बिजनेसमैन शामिल हुए। सभी ने पिछले 3 साल के दौरान नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के कार्यों की समीक्षा की। आलोक सिंह ने कहा, मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस होता है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जिस उद्देश्य के साथ गौतमबुद्ध नगर में कमिश्नरेट का गठन किया था, वह पूरा हुआ है। आज गौतमबुद्ध नगर सुरक्षित हाथों में है। तीन साल पहले जिले से कोई भी व्यक्ति रात के 8:00 बजे के बाद अपने घर से नहीं निकलता था, लेकिन आज यह वही नोएडा है। जहां पर पिछले 3 सालों के दौरान 40 हजार करोड़ का निवेश हुआ है। आज के समय में नोएडा पुलिस उत्तर प्रदेश की सबसे हाईटेक पुलिस में से एक मानी जाती है।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी ठग।

### दादरी पुलिस ने 2 ठगों को किया गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की दादरी पुलिस ने 2 शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ठगों के कब्जे से ठगी के पैसों से खरीदी गई दो सोने की अंगूठी, 18500 नगद और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। इन लोगों ने कन्नौज जा रहे दो युवकों से ठगी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। दादरी थाना प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया, 30 नवंबर को दो लड़के कन्नौज जाने के लिए दादरी बस स्टैंड पर खड़े हुए थे। तभी मोटरसाइकिल से दो युवक आए और उनसे पूछने लगे कि कहां जाना है। जब उन्होंने बता दिया कि उन्हें कन्नौज जाना है तो उन्होंने बोला कि हमारी गाड़ी भी कन्नौज जा रही है। तुम हमारे साथ चलो लेकिन उसके लिए तुम्हें वेरिफिकेशन करानी होगी क्योंकि हम बैंक के पैसे लेकर जा रहे हैं। वेरिफिकेशन के बहाने ठगों ने दोनों युवकों से फोन और एटीएम कार्ड ले लिया और वहां से चले गए। उसके बाद एटीएम से पैसे निकाल लिए और फोन.पे से पैसे ट्रांसफर कर 66500 की दो सोने की अंगूठी खरीद ली।

### बिना हॉलमार्क ज्वेलरी पकड़ी गई

**गाजियाबाद।** भारतीय मानक ब्यूरो ने गाजियाबाद के पीपी ज्वैलर्स में बिना हॉलमार्क सोने के जेवरात बिकते पकड़े हैं। करीब 30 लाख रुपए कीमत के जेवरात जब्त कर लिए गए हैं। जबकि 4 करोड़ रुपए मूल्य का 7 किलो सोना ऐसा मिला है, जिस पर पुराना हॉलमार्क था। डॉक्यूमेंट नहीं होने की वजह से इस सोने की बिक्री पर रोक लगाते हुए इसे सिक्योरिटी में रखवा दिया गया है। भारतीय मानक ब्यूरो की गाजियाबाद शाखा के उपनिदेशक दिव्यांशु यादव के नेतृत्व में टीम ने ये कार्रवाई की। पीपी ज्वैलर्स, श्री गणेश ज्वेलर्स शोरूम गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित वैभव खंड के कृष्णा अपरा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में है। ब्यूरो को सूचना मिली थी कि इस फर्म पर बिना हॉलमॉर्क सोने के आभूषण बेचे जा रहे हैं। इस आधार पर ब्यूरो की टीम में उपनिदेशक दिव्यांशु यादव, संयुक्त निदेशक विक्रांत, विशाल कुमार, हरिओम मीणा और हरीश मीणा ने शनिवार को फर्म पर पहुंचकर तलाशी ली। इस दौरान इंदिरापुरम थाने की पुलिस भी साथ रही।

### गौर सिटी में जुटे एनसीआर के स्वयंसेवक

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गाजियाबाद विभाग के हरनंदी महानगर ने गौर सिटी स्थित गौर इंटरनेशनल स्कूल में साधनम गण समता प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें इंदिरापुरम, खोड़ा, विजयनगर और नोएडा एक्सटेंशन से सैकड़ों स्वयंसेवक शामिल हुए। संघ प्रचारक ने कहा कि जैसा कि संघ कई बार कहता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा केवल संघ के लिए नहीं अपितु देश के लिए आदर्श और अनुशासित नागरिक के रूप में व्यक्ति निर्माण करने का कार्य करती है। विभिन्न नगरों से आए हुए स्वयंसेवकों ने कदम-से- दम मिलाकर अनुशासित और सधे कदमों से कई प्रयोगों का प्रदर्शन किया। स्वयंसेवकों के इन प्रयोगों का निरीक्षण करने आए। प्रतिनिधिमंडल में प्रांत शारीरिक टोली के सदस्य ओमेंद्र और योगेंद्र जी शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत सह.प्रचारक विनोद कुमार ने कहा कि आज समाज में संघ की स्वीकार्यता बढ़ी है। उपेक्षा उपहास से शुरू हुई संघ की यात्रा आज स्वीकार्यता में बदल गई है। समाज संघ की ओर आशा भरी निगाहों से देखता है और संघ के साथ चलने को तैयार खड़ा है। इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से संघ अपने स्वयंसेवकों का समय.समय पर मूल्यांकन करता रहता है।

## इन्वेस्टर्स समिट के लिए सिंगापुर जाएगी सीईओ माहेश्वरी

● 120 हजार करोड़ रुपए का निदेश नोएडा में आने की उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



इसी महीने 9 दिसंबर से लेकर 19 दिसंबर तक नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ जिले में नहीं रहेंगी। शासनादेश पर सीईओ ऋतु माहेश्वरी सिडनी और सिंगापुर में रहेंगी।

दरअसल, फरवरी 2023 में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होने वाला है। जिसमें करीब एक लाख करोड़ रुपए का निवेश उत्तर प्रदेश में करने का लक्ष्य रखा गया है। उसको लेकर उत्तर प्रदेश के सभी अधिकारी विदेश दौरे पर जाएंगे और वहां पर नोएडा शहर में निवेश करने के लिए प्रचार.प्रसार करेंगे। खुद योगी आदित्यनाथ भी विदेश दौरे पर जाएंगे। शासन से आदेश आने के बाद गौतमबुद्ध नगर के वरिष्ठ अधिकारी भी विदेश दौरे पर जाकर नोएडा में निवेश करने के लिए प्रचार करेंगे।

इसी कड़ी में नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी भी सिडनी और सिंगापुर जाकर नोएडा में निवेश करने के लिए प्रचार करेंगी। लक्ष्य रखा गया है कि नोएडा में 60 हजार करोड़ और ग्रेटर नोएडा में भी 60 हजार करोड़ रुपए का निवेश आए। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर दोनों प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी विदेश दौरे पर जाएंगी।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अलावा यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में भी 60 हजार करोड रुपए का निवेश का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरुणवीर सिंह भी विदेश दौरे पर जाएंगे। जानकारी के लिए आपको बता दें कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट आने के बाद गौतमबुद्ध नगर निवेशकों की पहली पसंद बना है। अगर आज पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा निवेश हुआ है तो वह केवल और केवल गौतमबुद्ध नगर है।

## सिगरेट के रुपये नहीं देने पर की गई थी युवक की हत्या, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दादरी के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित देवला गांव के नाले में मिले अरुण के शव के मामले का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। अरुण की हत्या उसके ही दोस्त आकाश ने की थी। सिगरेट के रुपये नहीं देने पर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया।

आरोपी आकाश दादरी के नई बस्ती का रहने वाला था। अरुण की गला रेतकर हत्या करने के बाद शव को देवला गांव के नाले में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी आकाश को कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बादलपुर कोतवाली प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी आकाश के भाई विकास का दादरी ओवर ब्रिज के नीचे पान का खोखा है।

अरुण अक्सर विकास के खोखे पर जाकर सिगरेट पीता था और रुपये नहीं देता था। 20 नवंबर घटना वाली रात भी दस बजे के करीब अरुण ने सिगरेट ली और रुपये नहीं दिए। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। मामले में बीच-बचाव विकास के भाई व अरुण के दोस्त आकाश ने किया।

## जांच पर सवाल, कमिश्नर से मिलेगा परिवार

ग्रेटर नोएडा में रविन्द्र हत्याकांड मामला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट से बीते 12 नवंबर को गायब हुई हेमा चौधरी का पुलिस ने न केवल पता लगा लिया बल्कि उसकी हत्या के आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

पुलिस की इस त्वरित और कर्तव्यपरायण कार्रवाई से जहां पुलिस की सभी जगह भूरि.भूरि प्रशंसा हो रही है, वहीं हेमा चौधरी के परिजन इस बात को लेकर संतुष्ट है कि उनकी बेटी के कातिल सलाखों के पीछे हैं और उन्हें कोर्ट से अपराध की सजा मिलेगी। वहीं बीते 19 अक्टूबर को दीपावली से ठीक पहले दादरी के बील अकबरपुर गांव निवासी ज्ञानेन्द्र भाटी के इकलौते पुत्र रविन्द्र भाटी की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर डाल दिया गया।

घटना के बाद से ही पीड़ित परिवार पुलिस से लगातार गुहार लगा रहा है कि मामले की जांच कर उनके बेटे के हत्यारे का पता लगाया जाए। उसे कठोर सजा दिलवाई जाए, लेकिन इस मामले में पुलिस आंखों पर पट्टी बांधे बैठी है।

पुलिस की कार्यशैली से प्रतीत होता है कि वह इस मामले को जल्द से जल्द ठंडे बस्ते में डाले जाने का इंतजार कर रही है। वहीं इकलौते बेटे की मौत के बाद न्याय की उम्मीद लगाए बैठे परिजनों की उम्मीदें हर रोज दम तोड़ रही हैं। लेकिन हेमा हत्याकांड के खुलासे ने उन्हें एक बार फिर से उम्मीद बंधाई है।

परिजनों का कहना है यदि पुलिस मन से जांच करें तो उनके बेटे के हत्यारे का न केवल पता चल जाएगा बल्कि उसे अपराध की कठोर सजा भी मिल जाएगी। दरअसल, दादरी कोतवाली क्षेत्र के बील अकबरपुर गांव निवासी ज्ञानेन्द्र सिंह का पुत्र रविन्द्र 27 घर पर ही एनएच-91 पर एक ढाबा चलाता था।

## सास की खुशी के लिए बहू ने रचाई दूसरी बार शादी

● देवर और बेटी के साथ खूब नाची

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शादी एक पवित्र बंधन होता है। हर मां.बाप का सपना होता है कि उनकी आंखों के सामने उनके बेटा या बेटी के हाथ पीले हो जाए, लेकिन कभी.कभी ऐसा होता है कि मां.बाप अपने सामने अपने बच्चों की शादी नहीं देख पाते हैं। ग्रेटर नोएडा में ऐसा ही कुछ मामला सामने आया है, लेकिन बाद में अनोखा बन गया।

ग्रेटर नोएडा के सुथियाना गांव में सूरज अपने परिवार के साथ किराए पर रहते हैं। बताया जा रहा है कि करीब एक साल पहले सूरज की शादी गोरखपुर में रहने वाली राखी नाम की एक लड़की से हुई थी। विवाह के दौरान दूल्हे की मां की तबीयत खराब थी। जिस वजह से वह किसी भी हालत में अपनी बेटे की शादी नहीं देख पाई, लेकिन अब दूल्हे की मां बिल्कुल ठीक है और अपने घर पर हैं। बीते 2 दिसंबर को शादी को पूरा एक साल हो गया। लड़के की मां ने इच्छा जताई कि वह अपनी आंखों के सामने अपने लाडले बेटे की शादी देखना चाहती थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ था। राखी ने देखा कि इस बात से उसकी सास काफी परेशान थी। जिसके बाद घर की बहू राखी ने एक योजना बनाई।

योजना के अनुसार शादी की वर्षगांठ यानी की 2 दिसंबर 2022 को घर में हवन करके बहू.बेटे ने अपनी शादी दूसरी बार रचाई। दोनों ने अपनी मां का आशीर्वाद लिया। इस अनोखे पल में उनकी डेढ़ महीने की बेटी ने भी हिस्सा लिया। बेटी ने अपने मां-बाप की शादी को अपनी आंखों के सामने देखा। शादी के दौरान घर की बहू अपने देवर के साथ खूब नाची।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-पब्लिक संवाद

● गौतमबुद्ध नगर में पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान तीनों जॉन के डीसीपी एडिशनल डीसीपी के नेतृत्व में पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया गया। संदिग्ध वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पी रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह में निर्देश पर सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी के नेतृत्व में पुलिस फोर्स के साथ अपने.अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च करते हुए व बैरिकेडिंग लगाकर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की तलाश के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

डीसीपी महिला सुरक्षा के नेतृत्व में महिला सुरक्षा इकाई द्वारा सभी थाना क्षेत्रों के अंतर्गत मेट्रो स्टेशन, मॉल्स, मार्केट व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर महिलाओं से बातचीत कर उन्हें पुलिस हेल्पलाइन नंबर के संबंध में जागरूक किया गया। गौतम बुद्ध नगर के सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी के नेतृत्व में सभी एसीपी व थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च करते हुए व बैरिकेडिंग लगाकर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की तलाश के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिसकर्मियों द्वारा संदिग्ध प्रतीत हो रहे वाहनों की रोककर तलाशी ली गई। नियमों का पालन न करने वाले लोगों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई भी की गई। सभी पुलिस अधिकारियों के द्वारा अपने.अपने क्षेत्रों के ओयो होटल, विश्राम गृह, धर्मशाला आदि स्थानों पर जाकर वहां ठहरे लोगों का सत्यापन किया गया।

वहां के संचालकों व कर्मचारियों को सभी की आईडी की ठीक से जांच करने, बिना सत्यापन कमरा ना देने व कोई भी व्यक्ति संदिग्ध प्रतित होने पर तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना देने के लिए निर्देशित किया गया।

पैदल मार्च के दौरान सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटाने के लिए बताया गया, जिससे सड़क जाम की समस्या न होने पाए। यातायात सुचारू रूप से संचालित रहे।

## अस्पताल में बच्चे को जन्म देकर मां ने छोड़ी दुनिया, लापरवाही का आरोप

● डॉक्टर ने कहा- ज्यादा खून बहने की वजह से गई जान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कृष्णा हॉस्पिटल में एक महिला ने बच्चा पैदा करने के बाद दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद महिला के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया।

पुलिस टीम मौके पर पहुंची और समझाया। जिसके बाद महिला के परिजन उसके शव को लेकर वापस चले गए हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि महिला की प्लेट्स काफी डाउन हो गई थी। जिसकी वजह से उसके ब्लीडिंग हो रही थी। जिसके कारण महिला की मौत हो गई। कृष्णा अस्पताल के मालिक डॉक्टर रामवीर त्यागी का कहना है कि 2 दिन पहले मनीषा को प्रसव के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया था। इलाज के दौरान मनीषा को सारी सुविधाएं दी गई।

डॉक्टर रामवीर त्यागी ने बताया कि महिला की तबीयत काफी खराब थी। उन्होंने बताया कि अस्पताल के द्वारा मनीषा को हर संभव इलाज दिया, लेकिन प्लेट डाउन होने के कारण बीती रात को मनीषा की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पुलिस और डॉक्टरों द्वारा समझाने की बात तरुण और उसके परिजन मनीषा के शव को अपने साथ ले गए हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बेहतर सुविधाओं के लिए महिलाओं व बुजुर्गों में दिखा उत्साह

## शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, स्वच्छता मुद्दों पर किया मतदान

● मॉडल पोलिंग बूथ पर पहली महिला मतदाता का गुलाब का फूल देकर किया स्वागत



मतदान करने से पहले अपनी पहचान पत्र दिखातीं महिला वोटर। फोटो रंजन डिमरी

**संजय राय।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम चुनाव में बुजुर्गों, महिलाओं व युवाओं में मतदान के प्रति जबदस्त उत्साह देखने को मिला। इन लोगों ने राष्ट्रीय राजधानी में प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य, मूलभूत ढांचे का विकास, साफ-सफाई को बेहतर करने के मुद्दे पर वोट डाले। सिविल लाइन स्थित राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय स्थित पोलिंग बूथ को मॉडल पोलिंग बूथ बनाया गया था। मतदान केंद्र पर पहुंच की पहली महिला मतदाता को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया। उनका कहना था कि ड्यूटी जाना था इसलिए वह सबसे पहले मतदान करने पहुंची। वहीं, पहली बार मतदान करने वाली छात्रा सोनम ने कहा कि वह एमसीडी चुनाव में पहली बार मतदान करने आई है। इसे लेकर वह बहुत उत्साहित है। जितना जरूरी इस देश में रहना है उतना ही जरूरी हमें देश को और बेहतर करने की दिशा में मतदान करना चाहिए।

मतदाता आरती कोहली के मुताबिक उनके लिए राष्ट्रीय राजधानी की साफ-सफाई, पार्कों का रख-रखाव और पार्किंग आदि मुद्दे अहम हैं। उम्मीद है कि जो भी पार्टी नगर निकाय की कमान संभालेगा। वह स्वच्छता के मुद्दे पर काम करेगा।

यह चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि यह स्थानीय मुद्दों पर लड़ा जाता है। अगर लोगों के आसपास स्वच्छता रहेगी तो मलेरिया, टायफाइड, चिकनगुनिया और डेंगू जैसी बीमारियां नहीं होंगी। लाजपत नगर निवासी मनोज गुप्ता ने कहा, मतदान करते समय उनके मन में यह स्पष्ट था कि वोट हमारे क्षेत्र के विकास और यहां शिक्षा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए है। वहीं, पृथ्वीराज कहा कि वह एमसीडी, लोकसभा व विधानसभा चुनाव में कभी भी मतदान करने से नहीं चूके। मतदान के समय उनके लिए स्वास्थ्य और स्कूल के बुनियादी ढांचे में सुधार सबसे महत्वपूर्ण है।

कृष्णा नगर में मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे पृथ्वीराज ने कहा, आखिरकार बच्चे भविष्य के नेता हैं, जिन्हें देश में क्या चल रहा है, इसके बारे में जागरूक होने की जरूरत है। डीडीयू मार्ग पिंक बूथ पर कन्हैया लाल ने कहा कि लोग स्कूलों और अस्पतालों का विकास और एमसीडी सुविधाओं की बेहतरी चाहते हैं। वह पार्टी जो लोगों बेहतर सुविधाए मुहैया कराए वह सत्ता में आने की हकदार है। माता सुंदरी रोड निवासी कमल किशोर ने दावा किया कि एमसीडी के स्कूलों और अस्पतालों की हालत खराब है। प्राथमिक स्कूलों में छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए। उनकी आर्थिक स्थिति कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। यही वह मुद्दा है जिसके लिए मतदान किया है। राजकुमारी ने कहा कि शिक्षा मुख्य मुद्दा है और जो भी सत्ता में आए उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चों को सबसे अच्छी शिक्षा मिले। एमसीडी का काम सड़कों, गलियों को साफ रखना है। साफ-सफाई और स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए।



मतदान करने जाते बुजुर्ग।

## नगर निगम चुनाव में सौ साल से अधिक आयु के बुजुर्गों ने भी किया मतदान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के बाड़ा हिंदू राव इलाके में 106 वर्षीय शांति बाला वैद्य अपनी बेटी के साथ दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए मतदान करने पहुंचीं। उनकी 55 वर्षीय बेटी कमला ने कहा उसकी मां ने जब से वोट डालना शुरू किया था। उसके बाद हर चुनाव में मतदान किया है। चाहे वह लोकसभा, विधानसभा, एमसीडी या कोई उपचुनाव हो। सभी चुनाव में बढ़चढ़ कर मतदान करती रही है।

अधिक उम्र के चलते वैद्य की याददाश्त कमजोर होने लगी है। वह केवल बांग्ला भाष समझती हैं, लेकिन बोल नहीं सकतीं। वह अपनी बेटी को मां कहकर संबोधित करती हैं। सूखे मेवे बेचने वाली कमला ने कहा, वह एक ही शब्द बोलती हैं मां। वह मुझे मां कहती हैं। डिप्टी गंज मतदान केंद्र पर तैनात पुलिसकर्मियों ने वोट डालने में भी वैद्य की मदद की। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने कहा कि मतदाताओं, खासकर वरिष्ठ नागरिकों के प्रति पुलिस की भी जिम्मेदारी है। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा कर्मियों को उन लोगों की मदद करने के निर्देश दिए गए जिनको इसकी जरूरत है। वहीं, 105 वर्षीय अमीना बीबी ने कहा कि वह हर चुनाव में सुबह के समय मतदान करती हैं।

इस बार मतदान केंद्र उनके घर से लगभग 300 मीटर दूर था और वह अकेले जाना चाहती थीं, लेकिन कई पड़ोसियों ने उनसे कहा कि वे भी उनके साथ जाना चाहते हैं। अधिक उम्र के कारण वह ठीक से बोल नहीं पातीं, लेकिन मतदान को लेकर काफी उत्सुक थीं। गुरदास जीत सिंह अगले महीने अपना 100वां जन्मदिन मनाएंगे, लेकिन मतदान को लेकर उनका उत्साह अभी भी पहले जैसा ही है।

उनके पोते विमल ने यह बात कही। गुरदास जीत सिंह ने कहा, यह उनका अधिकार है। जब तक लोग अपने घरों से बाहर नहीं आएंगे, तब तक अपनी पसंद की सरकार और नेता को कैसे चुनेंगे। घरों में आराम से बैठकर शिकायत करने से चीजें नहीं बदलने वालीं। उन्होंने इस बात पर भी चिंता जताई कि युवा पीढ़ी मतदान में रुचि नहीं दिखा रही। दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 100 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 229 मतदाता हैं।



पहली बार वोट देकर आई युवती, अंगुली पर लगी स्याही दिखाती हुई।

## पहली बार के वोटर को चाहिए साफ-सुथरी दिल्ली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं को भी दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में कतारों में देखा गया। उनको बेहतर जन सुविधाओं वाली साफ-सुथरी दिल्ली चाहिए। आईटीआई मालवीय नगर में एक मतदान केंद्र से बाहर निकल रही 18 वर्षीय नमिता ने कहा कि उसने साफ-सफाई, बेहतर शिक्षा, बेहतर पार्किंग सुविधाओं के लिए और अतिक्रमण के खिलाफ वोट दिया।

किरोड़ी मल कॉलेज में राजनीति विज्ञान के छात्र कनिष्क डागर ने कहा कि वह अपने माता-पिता से प्रेरित है जो हर चुनाव में मतदान करते हैं।

डागर ने कहा, वह 18 वर्ष की आयु होने का इंतजार कर रहा था ताकि अपना वोट डाल सकूं। मैं ऐसी पार्टी को जीतते हुए देखना चाहता हूं जो पूरे पांच साल काम करे, ना कि अपने कार्यकाल के आखिरी दिनों में मतदाताओं को लुभाने के लिए काम करे। बीटेक की छात्रा मसीरा फातिमा ने कहा कि उसके माता सुंदरी इलाके में कूड़े की बहुत गंभीर समस्या है, इसलिए पूरे साल साफ-सफाई होनी चाहिए।

## ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में निकले मतदाता

**नई दिल्ली।** एमसीडी चुनाव में मतदान करने के लिए रोहिणी और बादली के ग्रामीण इलाकों के लोग रविवार को बड़ी संख्या में अपने घरों से निकले। उनके लिए जलभराव, खराब सड़कें और स्कूलों में अच्छी शिक्षा का अभाव मुख्य मुद्दा रहा।

रोहिणी सेक्टर 18 में एक मतदान केंद्र के बाहर लंबी कतार में अपनी बारी का इंतजार कर रहीं 86 वर्षीय शांति देवी ने बताया कि उनके इलाके में बेहतर जल निकासी और सड़कों की जरूरत है।

उन्होंने आरोप लगाया कि एमसीडी में भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। हमें यहां बेहतर सुविधाएं चाहिए।

## परिवार संग बूथ पर पहुंचे बच्चों में दिखी उत्सुकता



**नई दिल्ली।** एमसीडी के चुनाव के दौरान कई बच्चे अपने माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया से रूबरू हुए। इस दौरान बच्चों में उत्साह रहा। कई मतदान केंद्रों पर बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसमें क्रेच, झूले और सेल्फी कियोस्क शामिल थे। कक्षा चार का छात्र नमन अपने नाना के साथ पूसा संस्थान के मतदान केंद्र पर गया था। नमन ने कहा, यही वह स्कूल है जहां वह पढ़ता भी है। यह पहली बार है जब वह बूथ पर गया और यह रोमांचक है। इस अवसर पर मेरे स्कूल को खूबसूरती से सजाया गया है। नमन का स्कूल चुनाव के लिए तैयार किए गए 68 मॉडल बूथों में से एक था। लाजपत नगर निवासी उषा गुप्ता भी अपनी पोती के साथ मतदान केंद्र पहुंची। उन्होंने बताया कि पोती इलाके में खराब सड़कों, गंदगी और कचरे के ढेर के बारे में शिकायत करती रहती है।

# कांग्रेस को ऑक्सीजन, आप की सांसें उखड़ीं

## पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी, मुस्तफाबाद, बाबरपुर, सीलमपुर में मतदान को लेकर उत्साह

**ज़ाहिद अली।** नई दिल्ली




राजधानी में जहां सुस्त मतदान देखने को मिला, वहीं मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में लोगों ने जमकर वोट डाले। पूर्वी दिल्ली में सुबह से ही मतदान बूथों पर लोगों की लंबी कतारें देखने को मिली। वहीं संकरी गलियों में लोगों का हुजुम देखा गया। पार्टी कार्यकर्ता आने जाने वाले वोटरों को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते नजर आए। मोहल्लों में खुली दुकानों पर खूब राजनीतिक चर्चाएं हुई। इस दौरान कभी गर्म तो कभी खट्टी तो कभी तीखी बहसों के बीच लोग अपनी पसंदीदा पाटियों के जीत के दावे करते नजर आए। पूरे दिन चुनावी रंग देखकर साफ नजर आ रहा था कि आम आदमी पार्टी को लेकर मुस्लिम इलाकों में खासी नाराजगी है, इस बेरूखी का असर आप पर भारी पड़ सकता है वहीं कांग्रेस के लिए यहां ऑक्सीजन मिलती नजर आई।

सीलमपुर विधासभा के बहुचर्चित चौहान बांगर सीट पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला। आप विधायक रहमान की पत्नी आसमां रहमान और पूर्व विधायक चौधरी मतीन की पुत्र वधु शगुफ्ता चौधरी आमने-सामने है।

पिछले उपचुनाव में आप यहां बुरी तरह हारी थी। इस बार भी कांग्रेस ने यहां पर मकरज, दिल्ली दंगा और मकान के लिंटर पर कमिश्नखोरी का मुद्दा उठाया। यह मुद्दे एक बार फिर काम करते नजर आया। जीनत महल मतदान बूथ से बाहर अमन ने पहली बार वोट डाला था। अमन ने साफ कहा कि वह हाथ यानि कांग्रेस के साथ है। कांग्रेस पार्षद ने महज एक साल में ही कई कामों को अंजाम दिया जिसमें इलाके में बच्चों को पढ़ने के लिए लाइब्रेरी भी है। वहीं आप ने इलाके में सिर्फ शराब की दुकाने ही खोली है। एक अन्य युवक अकरम के भी यही विचार थे।

शबनम ने बताया कि आप ने शिक्षा और स्वास्थ्य पर अच्छा काम किया है लेकिन यह चुनाव साफ-सफाई और कूड़ों को लेकर है। इलाका गंदा है, क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर कोई काम नहीं हुआ। बाबरपुर विधानसभा की गोरख पार्क सीट पर भी तगड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा था। इस सीट में जनता कॉलोनी शामिल है। अनाधिकृत कॉलोनी को लेकर कई मुद्दे यहां चुनावी चर्चाओं में घूम रहे थे।

जनता कॉलोनी में फल बेचने वाले इस्लाम ने बताया कि सभी पार्टियों ने सिर्फ ठेंगा दिखाया है।

बातचीत के दौरान वह आप के मुकबाले कांग्रेस पर नरम नजर आए। केजरीवाल की कर्मस्थली के रूप में शुमार सीमापुरी स्थित सुंदरनगरी में मतदातों का मिलाजुला रूख नजर आया। यहां स्थित झुग्गी में आप प्रत्याशी को समर्थन मिल रहा था वहीं मुस्लिम बाहुल्य मोहल्लों में मतदाताओं की तीखी प्रतिक्रिया थी। बुजुर्ग महिला रोशन बेगम ने कहा कि सरकार अच्छा काम कर रही है, वहीं फारूख नाम व्यक्ति ने बताया कि सभी ने अपनी जेबे भरने का काम किया है। मुस्ताफबाद में भी दिल्ली दंगा और निजामुद्दीन मस्जिद प्रकरण का मुद्दा उछलता दिखा।

कांग्रेस समर्थक मतदान करने जा रहे लोगों को आवाज लगाते नजर आए। वहीं आप कार्यकर्ताओं ने खूब ताल ठोंकी। वोट डालकर आए अनस ने बताया कि कांग्रेस को फिर जिंदा करने की जरूरत है। सीलमपुर विधानसभा मौजपुर वार्ड में सिर्फ मुस्लिम बाहुल्य मोहल्लो में उत्साह देखने को मिला।

### भाजपा के पसमांदा मुस्लिम प्रत्याशियों को उम्मीद

उत्तरी पूवी दिल्ली में भाजपा ने दो पसमांदा मुस्लिम महिलाओं को टिकट दिया है। चौहान बांगर से सबा गाजी और मुस्तफाबाद से शबनम मलिक चुनावी मैदान में है। इन इलाकों में भाजपा के चुनावी बस्तों पर भी लोगों की भीड़ देखने को मिली। भाजपा कार्यकर्ता इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के विकास कार्यों को लेकर लोगों से वोट देने की अपील करते नजर आए। मुस्तफाबाद के एक बूथ स्थल से बाहर आई आफरीन मलिक ने बताया कि मुसलमानों को सभी पार्टियों के साथ-साथ भाजपा को भी अपनाना चाहिए ताकि बहुसंख्यकों के साथ-साथ अल्पसंख्यकों का भी विकास हो सके।

### कई बूथों पर मतदान सुस्त कराने का आरोप

सीलमपुर इलाके में स्थित टेंट वाले स्कूल मतदान स्थल के बूथों पर लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली। कुछ लोग शिकायत करते नजर आए कि प्रशासन जानबूझकर वोट डलवाने में देरी कर रहा है। बूथ के नजारा भी भीड़भाड़ वाला था। मतदान स्थल पर कर्मचारी मुस्तैद नजर आए।

## पिंक बूथ, आदर्श मतदान केंद्रों पर लाउंज जैसी व्यवस्था

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम चुनाव में रविवार को पिंक बूथ और आदर्श मतदान केंद्रों पर बच्चों के देखभाल की सुविधाओं, सेल्फी प्वाइंट, लाउंज और कैंडीज से मतदाताओं का स्वागत किया गया। दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने 68 पिंक बूथ और इतने ही आदर्श मतदान केंद्र स्थापित बनाए थे। उत्तर पूर्व दिल्ली के खजूरी खास में सिर्फ महिला कर्मचारियों के प्रबंधन वाले गुब्बारों से सजे पिंक बूथ पर आईं मतदाता मोमिना राशिद ने कहा, यह सुखद लग रहा है। मतदान आसान हो गया है। उन्होंने कहा, लोगों को अपने अधिकारों का प्रयोग करने की आवश्यकता है। हमारे सामने सड़कों और जल निकासी की दयनीय स्थिति जैसे मुद्दे हैं।

## आप-भाजपा ने एक-दूसरे पर लगाए आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप

**नई दिल्ली।** नगर निगम चुनाव के मतदान के दौरान भाजपा और आम आदमी पार्टी ने एक-दूसरे पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आरोप लगाया कि मतदान के दिन लाखों लोगों को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रिकॉर्ड किए गए संदेश प्राप्त हुए जिनमें उन्होंने लोगों से आप को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है और इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई गई है। इस बीच दक्षिणी दिल्ली के पुष्प विहार से आप उम्मीदवार अरुण नवरिया ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पैसे बांटे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, अंबेडकर नगर थाने के एसएचओ ने आप प्रत्याशी द्वारा बताई गई जगह पर जाकर शिकायत की जांच की। वहां एक व्यक्ति मिला लेकिन वह किसी पार्टी का कार्यकर्ता नहीं था। जांच में पता चला कि शिकायत फर्जी थी।

## गांव में नहीं हुआ विकास, किया मतदान का बहिष्कार

● उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, पार्षद, मुख्य सचिव से 31 बार शिकायत कर चुके हैं : ग्रामीण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कटेवड़ा गांव में डेढ़ दशक से विकास कार्य नहीं होने से ग्रामीणों में भारी रोष है। उन्होंने उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री सांसद, विधायक, पार्षद समेत सभी एजेंसियों से समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई लेकिन नतिजा जीरो रहा। इससे नाराज ग्रामिणों ने लोकतंत्र के महापर्व दिल्ली नगर निगम चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला लिया। रविवार को मतदान के समय बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा तो हुए मगर सर्वसम्मित से किसी ने मतदान नहीं करने का निर्णय लिया। गांव में तीन बूथों पर करीब 35 सौ मतमदाता है।

ग्रमीण ईश्वर दत्तर वत्स ने बताया कि पिछले 15 साल से सांसद, विधायक और पार्षद कई बार दौरा कर चुके हैं। गांव में टूटी सड़कें, गंदगी से बचबजाती नालियां, स्ट्रीट लाइट का अभाव, श्मशान भूमि में दाह संस्कार करने की समुचित व्यवस्था नहीं है। प्रतिक्षालय में शवदाह होता है। सड़कें खस्ताहाल होने की वजह से स्कूल की बसें भी गांव में नहीं आती है। गांव में आने-जाने के तीन रास्ते कटेवड़ा से बाजीतपुर, कटेवड़ा से कुतुबगढ़ और कटेवड़ा से जटखोड़ हैं। तीन रास्तों की सड़क टूटी हुई है।

कुलवीर खत्री कहा कि पूरे बांव का बुरा हाल है। नालियां गंदगी से अटी-पटी हैं। गलियां भी मरम्मत के अभाव में खस्ताहाल हैं। श्मशान भूमि में भी कोई सुविधा नहीं। वहां सब कुछ टूटा हुआ है। गांव की समस्या को लेकर उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, पार्षद, मुख्य सचिव को 31 बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए गूंगी बहरी सरकार और प्रशासन ने गांव की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया।

इससे नाराज होकर सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि दिल्ली नगर निगम चुनाव का बहिष्कार किया जाए। इतना ही नहीं जब तक गांव की समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक सभी चुनाव का बहिष्कार करेंगे। इससे किसी को कोई परेशानी नहीं होगी।

# मैं आपातकाल की वजह से संघ का स्वयंसेवक बना : मनोहर लाल

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अशोक सिंहल वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकि विश्वविद्यालय में हुई गोष्ठी में की शिरकत

**बोले, तुलना करके लोगों को समझाएं कि कैसे हमारी प्राचीन शिक्षा पद्धति वर्तमान पद्धति से है बेहतर**

संजय कुमार मेहरा । गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि अगर आपातकाल नहीं लगता तो शायद वे संघ से नहीं जुड़ पाते। उस समय आपातकाल की पीड़ा या जिज्ञासावश बहुत से लोग संघ के नजदीक आए और संगठन को मजबूती मिली। सीएम बोले, स्वर्गीय अशोक सिंहल सन् 1977 से लेकर 1981 तक हरियाणा के संघ के प्रांत प्रचारक थे। सन् 1977 में मैं आपातकाल के कारण संघ का स्वयं सेवक बना था। वे रविवार को यहां सेक्टर-56 स्थित अशोक सिंहल वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकि विश्वविद्यालय में द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय वैदिक विज्ञान संगोष्ठी गवेष्णा में बोल रहे थे।



गुरुग्राम के सेक्टर-56 स्थित अशोक सिंहल वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकि विश्वविद्यालय में गोष्ठी में बोलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

मनोहर लाल ने यह भी बताया कि संघ की शाखाओं में जाते हुए जब भी कभी उनके मन में प्रश्न खड़े होते थे तो उनका समाधान प्राप्त करने के लिए वे स्वर्गीय अशोक सिंहल के पास चले जाते थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आजादी के बाद अब ऐसा समय आ गया है कि जब हम अपनी पुरानी विद्याओं को सामने लाएं। भूतकाल में जो भी कुछ आज तक हुआ है, जिस विधा या पद्धति को बढ़ावा नहीं दिया गया, उसको अब ज्ञाता आगे ला रहे हैं।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत संचालक पवन जिंदल, विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक दिनेश चंद्र, महेश भागचंद, हरियाणा संस्कृत अकादमी के निदेशक डा. दिनेश शास्त्री सहित संस्कृत के कई विद्वान और वेदों के ज्ञाता उपस्थित थे। अपने वक्तव्य में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्षों पुरानी दुविधा अब तक चली आ रही है कि भारतवर्ष की आजादी से पहले हमारे वेद विज्ञान और वेद के ज्ञान को विदेशी ताकतों ने खण्डित करने और इनका विनाश करने का काम किया।

वेद विषय पर हमने कई अहम कदम उठाएं हैं, जिनमें यह शोध केंद्र स्थापित करने, वेद विश्वविद्यालय के लिए जमीन खरीदने, महर्षि वाल्मीकि के नाम पर कैथल में संस्कृत विश्वविद्यालय शुरू करना, माता मनसा देवी मंदिर परिसर में गुरुकुल शुरू करना, संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना आदि शामिल हैं। इनके माध्यम से हमारे वेदों और प्राचीन विद्याओं को आगे लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अशोक सिंहल ने जो सपना देखा था, उसे पूरा करने की दिशा में दिनेश चंद्र महान काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके जीवन की दिशा बदलने में स्वर्गीय अशोक सिंहल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्वर्गीय श्री अशोक सिंहल बहुत शिक्षित व्यक्ति थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन संघ में लगा दिया और उनका जीवन एक तपस्वी जैसा था।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गोष्ठी में भाषण देने की बजाय उनके मन में उठने वाले प्रश्न रखे, जिनका समाधान ढूंढने के लिए वहां मौजूद विद्वानों का आह्वान किया। उन्होने कहा कि हमारी वर्तमान शिक्षा पद्धति पश्चिमी शिक्षा पद्धति के हिसाब से आगे बढ़ रही है। यदि हम इसे बदलना चाहते हैं तो केवल अपनी पद्धति को श्रेष्ठ बताने से यह काम नहीं होगा, बल्कि हमें आज की वर्तमान पद्धति के साथ एक-एक विषय की तुलना करनी होगी। तुलना करने अपनी पद्धति की विशेषता बतानी पड़ेगी और उसके बाद कौन सी पद्धति जनता के लिए उपयोगी है, यह सिद्ध करना पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लायंस क्लब के शिविर में 91 दाताओं ने किया रक्तदान



**सोहना।** लायंस क्लब सोहना टाउन द्वारा लगाए शिविर में 91 नागरिकों ने अपना रक्तदान किया। यह रक्तदान जरूरतमंदों की जरूरत के लिए किया गया।रविवार को लायंस क्लब सोहना टाउन ने शहर के दमदमा मार्ग पर स्थित सोसायटी में रक्तदान शिविर लगाया। क्लब के प्रेस प्रवक्ता सुरेश मदान ने बताया कि सोसायटी में रहने वाले नागरिकों ने अपनी इच्छा से अपना रक्तदान किया। उन्होंने ने बताया कि क्लब इस प्रकार के शिविर साल भर लगाकर देश की सीमाओं पर 24 घंटा सजगता से 150 करोड़ देशवासियों की सेवा में कर रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान इस दुनिया में नहीं है।

### धूमधाम से निकाली गीता जयंती की शोभायात्रा

**सोनीपत।** गीता माता की जय-जयकार के साथ निकाली गई नगर शोभायात्रा को विधायक निर्मल चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि गीता ज्ञान का भंडार है। जीवन दर्शन से सराबोर और हर समस्या का निवारण करने वाला ग्रंथ गीता है। हर व्यक्ति को गीता का श्रद्धापूर्वक अध्ययन करते हुए निहित संदेशों को जीवन में धारण करना चाहिए। तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के तहत अंतिम दिन रविवार की सुबह सेक्टर-15 स्थित जागृति धाम मंदिर से श्रीमदभागवतगीता की नगर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। विधायक ने कहा कि गीता हमारी आवश्यकता है, जो सदैव बनी रहेगी। गीता के बिना जीवन अधूरा है। गीता में जीवन का सार है। गीता कर्म का संदेश देती है और परिणामों की चिंता से दूर रखती है। यह बहुत जरूरी है। परिणामों की इच्छा ही हमें दास बनाती है और तनाव से ग्रस्त करती है। आज के दौर में तनाव एक बड़ी बीमारी के रूप में सामने आया है, जिससे बचने के लिए गीता के संदेशों का अनुकरण आवश्यक है। तनाव से हम शारीरिक व मानसिक बिमारियों से पीड़ित होते हैं, जिनसे संरक्षित रहने के लिए गीता का आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने शोभायात्रा के भव्य आयोजन की भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को इसमें शामिल करना सुखद है। नगर शोभायात्रा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ बैंड की मधुर धुनों पर नगर में आगे बढ़ी तो नगरवासियों ने श्रीमदभागवतगीता को आगे बढक़र नमन किया। लोगों ने शोभायात्रा पर खूब फूल बरसाये। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। बच्चों ने गीता के श्लोकों का उच्चारण करते हुए लोगों को उन्हें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। शोभायात्रा के आगे बैंड और फिर श्रीगणेश जी की झांकी शामिल थी।

## नवनिर्वाचित सरपंचों पर उठे सवाल भी नहीं रोक सके शपथ लेने से

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**खंड** की चार ग्राम पंचायतों के सरपंचों पर लगे सवालियां निशान शपथ लेने से नहीं रोक सके। विरोधियों ने तीन महिला सरपंच तथा एक पुरुष सरपंच पर पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया था। नवनिर्वाचित सरपंचों पर सवालियां निशान लगने आरंभ हो गए है, लेकिन सवालिया निशान लगाने वालों के सवालों में अभी इतना दम नजर नहीं आया। जिसके कारण विरोधाभास के बावजूद सवालों के घेरे में आए सरपंच शपथ लेने से नहीं चुके। सवालों के घेरे में आए चार सरपंचों में से तीन महिला सरपंच हैं। जिनकी शिक्षा को लेकर विरोधियों ने सवाल उठाएं है।

जबकि ग्राम पंचायत सिलानी सरपंच जयपाल पर विरोधियों ने पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप गया था। लेकिन उक्त आरोप सरपंच जयपाल को शपथ लेने से नहीं रोक सका। वहीं जयपाल का कहना है कि विरोधियों का आरोप निराधार है। वह आने वाले पांच वर्ष पूरी ईमानदारी और बिना पक्षपात के गांव का विकास कराने का इरादा लेकर चला है। ग्राम पंचायत खेड़ला से सोनिया, रानी का सिंघौला से रेखा और ग्राम पंचायत नूनेरा से शबनम की शिक्षा प्रमाण पत्रों पर विरोधियों ने सवाल उठाएं है। जिसमें ग्राम पंचायत रानी का सिंघौला में विरोध पक्ष के लोगों ने जिला उपायुक्त तक लिखित में शिकायत दी गई थी। इन सब विरोधों के बावजूद आरोपों के घेरे में आई महिला सरपंचों ने सर्वाजनिक स्थानों पर पद व गोपनियता की शपथ ली गई।

> **प्रशासनिक** स्तर पर दी गई शिकायत के आधार पर किसी भी जनप्रतिनिधि को शपथ लेने से नहीं रोका जा सकता, क्योंकि शिकायत के बाद मामला अधिकारी द्वारा जांच कराना होता है। जांच पूरी होने पर ही फैसले सुनाएं जाते है। **परमेन्द्रा सिंह (बीडीपीओ)**

## श्रीसेन ने जाति व धर्म से ऊपर उठकर कार्य किए

### नवीन गोयल ने कहा, संत शिरोमणि श्रीसेन के पदचिन्हों पर चलकर समाज में लाएं बदलाव

**आजादी से पहले खंडित किए गए हमारे वेद-विज्ञान को अब आगे लाया जा रहा**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रविवार** को राधा कृष्ण मंदिर में सेन जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज को नमन करते हुए उनकी शिक्षाओं पर चलने का आह्वान किया।

नवीन गोयल ने कहा कि संत सेन महाराजजी ने भक्ति के मार्ग पर चलकर भारतीय संस्कृति के अनुरूप जनमानस को शिक्षा और उपदेश के माध्यम से एक सूत्र में पिरोया। उन्होंने कहा कि सेन समाज गुरुग्राम ही नहीं, देशभर में अपने कार्यों को महत्व देते हुए समाज सेवा के कार्य भी करता है। इस अवसर पर सेन समाज की ओर से नवीन गोयल से मांग की गई कि गुरुग्राम में समाज के नाम पर एक मात्र धर्मशाला है। समाज के परिवारों के कार्यक्रम, अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने में कठिनाई आती है। इसलिए एक और धर्मशाला गुरुग्राम में किसी भी स्थान पर बनवाने के लिए वे कदम उठाएं। इसके अलावा संत सेनजी महाराज की जयंती पर अवकाश भी होना चाहिए, जिससे कि समाज के लोग उनकी जयंती को मिलकर धूमधाम से मना सकें। नवीन गोयल ने समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि वे इस मांग को सरकार तक जरूर पहुंचाएंगे। श्रीगोयल ने महाराज सेन जी के जीवन के संस्मरणों का जिक्र करते हुए कहा कि श्रीसेन जी महाराज प्रत्येक जीव में ईश्वर का दर्शन करते और सत्य, अहिंसा तथा प्रेम का संदेश जीवन पर्यंत देते रहे। महापुरुषों में शिरोमणि सेन जी



गुरुग्राम में महाराज सेनजी की जयंती पर बोलते पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल।

महाराज का नाम विशेष रूप से जिक्र है। उन्होनें जाति व धर्म से ऊपर उठकर कार्य किए और सच्ची मानवता का संदेश दिया। उन्होंने स्वयं भी ग्रहस्थ जीवन का निर्वाह करते हुए धार्मिक कर्तव्यों का आजीवन पालन किया। सेन शिरोमणि सेवा, प्रेम, भक्ति व मधुर व्यवहार को संतों का प्रमुख लक्षण मानते थे। समाज में फैली कुप्रथाओं की आलोचना करते और उन्हें दोष पूर्ण बताकर समाज सुधार के लिए हर सम्भव प्रयास करते थे। धर्म व जाति के आधार पर किसी को छोटा बड़ा न मानकर सभी से समान रूप से प्रेम करना ही उनकी सबसे बड़ी साधना रही। उनके जीवन से जुड़ी बातों का जिक्र इतिहास के पन्नों में दर्ज है। इस अवसर पर प्रधान रमेश सेन, अनूप सेन, बलजीत सेन, महेंद्र सिंह, महेन्द्र नीमराणिया, सुभाष राणा, तेजवीर सेन, सुनील सेन, राकेश सेन, दीपचन्द नीमराणिया, महावीर सेन, जसवीर सेन समेत समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

## अब एक ही एप से ले सकेंगे सभी सरकारी सेवाओं का लाभ : डीसी

**जन सहायक हेल्प मी एप से मोबाइल के जरिए दी जाने वाली सरकारी योजनाओं की जानकारी**

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**सरकार** द्वारा दी जाने वाली सेवाएं और सूचनाएं अब एक ही एप के माध्यम से मोबाइल पर ही प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा जन सहायक हेल्प मी एप शुरू किया हुआ है।

उपायुक्त राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा शुरू की गई जन सहायक हेल्प मी एप के माध्यम से आम नागरिकों को सभी सरकारी सेवाएं और सूचनाएं मोबाइल फोन पर ही उपलब्ध होंगी। यह सेवाएं आप घर पर मौजूद रहते हुए ही एप के माध्यम से देख सकते हैं और योजनाओं का फायदा उठा सकते हैं। इसके लिए जिलावासी मोबाइल पर जनसहायक एप डाउनलोड कर सकते हैं। एप का इस्तेमाल करने के लिए मोबाइल नंबर या परिवार पहचान पत्र के द्वारा रजिस्ट्रेशन करवाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि नागरिकों को विभाग अनुसार एवं सरल पोर्टल पर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी जन सहायक एप पर मिलेगी। उन्होंने बताया कि 112 आपातकालीन सेवाएं, 100 पुलिस, 108 एंबुलेंस, 101 अग्निशमन, 104 स्वास्थ्य, 1091 महिला हेल्पलाइन, 1098 बाल हेल्पलाइन सहित अन्य सेवाओं के रूप में निविदाएं, बिल भुगतान, यात्रा, नौकरियां, खेल, आधारभूत संरचना व कौशल विकास और सरल सेवाएं, विभागवार सेवाएं, यूजर्स सेवाएं व जन शिकायत एवं आरटीआई आदि सभी प्रकार की सेवाएं व सूचनाएं जन सहायक एप पर उपलब्ध हैं। साथ ही एप पर नवीनतम समाचार, कैलेंडर एवं कार्यक्रम, सरकार की नवीनतम उपलब्धियां और घोषणाओं सहित सरकारी दूरभाष निर्देशिका भी मौजूद है, जिसका प्रयोग लोग अपने मोबाइल फोन के माध्यम से उठा सकते हैं। हुड्डा ने बताया कि जन सहायक एप के माध्यम से सरकार द्वारा किसी विशेष जिला, आयु वर्ग आदि के नागरिकों को नोटिफिकेशन भेजी जा सकती है। जन सहायक एप पर रजिस्ट्रेशन करवाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है।

इस जनसहायक एप के माध्यम से सरकार द्वारा दी जा रही सेवाओं पर नागरिक अपने सुझाव भी दे सकते हैं। साथ ही प्राप्त सुझावों का विश्लेषण कर विभागों की सेवा प्रदायगी को और उत्कृष्ट बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा जनसहायक एप की मदद से राज्य के नागरिको को डॉक्टर, पढ़ाई, कहीं पर आने-जाने के लिए पास, वित्तीय मदद, सिलेंडर, एम्बुलेंस सहित अन्य विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाने का विकल्प भी है। एप के माध्यम से किसी व्यक्ति द्वारा किसी भी सेवा के लिए अनुरोध किये जाने पर तुरंत संबंधित जिला के संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया जाता है। स्वयं सेवी संस्थाएं तथा समर्थ नागरिक एवं परिवार इस एप के माध्यम से पंजीकरण करवा कर जरूरतमंद लोगो को मदद पहुंचा सकते हैं।

### श्लोकों से गुंजायमान हुई द्रोण नगरी

## गीता के मूल सार को प्रदर्शित करने वाली झांकियां नगर में निकालीं

**एडीसी ने शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाई**

प्रवीण शर्मा। गुरुग्राम

**तीन** दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को भव्य नगर शोभा यात्रा निकाली गई। गीता के मूल सार को प्रस्तुत करने वाली विभिन्न विभागों, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की झांकियों को एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुई इस भव्य शोभायात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया।

नगर शोभा यात्रा में सबसे पहले वाहन में जिओ गीता परिवार द्वारा फूलमालाओं से सुसज्जित रथ पर पवित्र ग्रंथ गीता को रखा गया था। इसी क्रम में दूसरे वाहन पर श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड द्वारा माँ शीतला का भव्य दरबार सजाया गया था। इस भव्य रथ को इस तरह से सजाया गया कि लोग माँ शीतला के अच्छे से दर्शन कर सके। विभिन्न वाहनों में आयुष विभाग, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, ईलेक्ट्रोपेथी संस्थान सहित गुरुग्राम जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई झांकियों में भगवान श्रीकृष्ण के मानव जीवन की विभिन्न क्रियाओं व गीता का उपदेश देते हुए दर्शाया गया। श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों के उच्चारण से शहर के माहौल को भक्तिमय बनाने व जिलावासियों को गीता के अमर संदेश देने वाली शोभा यात्रा शहर में अनेक स्थानों से गुजरी।



गीता जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा को रवाना करते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

## सोमवार को 15 से 17 वर्ष के किशोरों को 41 केंद्रों पर लगेगा टीका

**गुरुग्राम।** जिला में विभिन्न आयु वर्ग के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान के तहत सोमवार को 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों को 41 केन्द्रों पर कॉवेक्सीन का पहला, दूसरा व बूस्टर डोज टीका लगाया जाएगा।

सोमवार को जिन स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, इनमें एसडीएच हेलीमंडी, सुल्तानपुर, ट्रेनिंग सेंटर एसडीएच सोहना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चोमा, मंदपुरा, सूरत नगर, दौलताबाद, ओम नगर, कासन, घाटा व वजीराबाद, पीएचसी गढ़ी, राजीव नगर, नाहरपुर रूपा, गुड़गांव गांव, मुल्लाहेड़ा, बादशाहपुर, राजेंद्रा पार्क, सीएचसी फर्रूखनगर, पीएचसी भांगरोला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलपुर, पीएचसी भोड़ा कलां, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर, तिगरा, मानेसर, नाथूपुर, पटेल नगर, पीएचसी पलड़ा,घगोला, बसई एनक्लेव व चंद्रलोक, नागरिक अस्पताल पटौदी, पीएचसी भोंडसी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुखराली, लक्ष्मण विहार, फिरोज गांधी कॉलोनी व खांडसा, पॉलीक्लीनक सेक्टर 31 व अन्य जगहों पर बनाये गए अस्थायी केन्द्रों पर 5890 स्लॉट उपलब्ध रहेंगे।

## रंजिश में युवक को रात के अंधेरे में लोहे की रॉड व डंडों पीटा

**पुलिस ने नामजद पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**भोंडसी** में पुरानी रंजिश में युवक को घर से बाहर आने पर पांच लड़कों ने पीटा। युवक पर लोहे की रॉड व डंडों से हमला किया। पीड़ित युवक को अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने नामजद पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

भोंडसी निवासी 24 वर्षीय राहुल ने स्थानीय पुलिस को बताया कि वह खेतीवाड़ी करता है। गांव के कुछ युवक उससे पुरानी रंजिश रखते हैं। शनिवार की रात करीब साढ़े 10 बजे वह अपने घर में बैठा हुआ था। उसे घर से बाहर गली में शोर सुनाई दिया। वह घर से बाहर शोर देखने को निकला तो वहां पर पहले से खड़ा पंकज, दीपक, मोहित, हिमांशु और विक्रान्त ने दरवाजे में से बाहर खिंच लिया। उन्होंने अपने-अपने हाथों में ली हुई लोहे की रॉड व डंडों से हमला कर दिया।



वह चिल्लाता रहा और नामजद आरोपी उसे बदला लेने की बात कहते हुए पीटते रहे। उसकी आवाज को सुनकर परिवार वाले बाहर निकले। जिन्हें देख सभी आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन जाते समय उसे जान से मार देने की धमकी देकर गए थे। भोंडसी पुलिस ने राहुल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पहले आओ-पहले लगवाओ की तर्ज पर लगेगी वैक्सीन

**18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को 45 केंद्रों पर लगेगी वैक्सीन**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।




जिला में वैक्सीनेशन अभियान के तहत सोमवार को 45 केन्द्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को कोविशिल्ड की पहली व दूसरी डोज लगाई जाएगी।

18 वर्ष से अधिक आयु के वे नागरिक जिनकी दूसरी डोज लगने के बाद नौ महीने का समय पूरा हो गया है, उनको सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बूस्टर डोज के नि:शुल्क टीके लगाएं जाएंगे। इसके अतिरिक्त जिन नागरिकों को कोविशिल्ड का पहला या दूसरा टीका लगवाना है, वह अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी कोरोना रोधी वैक्सीन लगवा सकता है। सोमवार को 45 टीकाकरण केंद्रों पर उपर्युक्त वैक्सीन के कुल 8570 स्लॉट उपलब्ध कराए गए हैं। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स व 60 वर्ष से अधिक आयु के वे लोग जो कॉर्बिटी से प्रभावित उनके लिए ऑफलाइन माध्यम से स्लॉट उपलब्ध रहेंगे। बूस्टर डोज के लिए किसी प्रकार के नए रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं है। सभी सेंटरों पर पहले आओ पहले लगवाओ की नीति के आधार पर वैक्सीन लगेगी।

## कला व आस्था के संगम के साथ हुआ गीता जयंती महोत्सव का समापन

### नगर शोभा यात्रा निकाली गई, मंत्रोच्चारण के बीच किया गया शोभा यात्रा को रवाना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

रविवार को यहां गीता जयंती महोत्सव का अंतिम दिन हरियाणा की कला, संस्कृति व अध्यात्म को समर्पित रहा। समापन अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

उन्होंने गीता पर आधारित नगर शोभा यात्रा को मंत्रोच्चारण के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गीता जयंती महोत्सव में प्रतिभागी विद्यार्थियों को जिला प्रशासन की ओर से 1100-1100 रुपये की राशि तथा स्मृति चिन्ह प्रोत्साहन स्वरूप भेंट किए गए। गीता जयंती महोत्सव में रविवार को गीता की शिक्षाओं और हरियाणा के रीति रिवाज व परंपराओं की अनूठी झलक देखने को मिली। गुरु द्रोण की पावन धरा पर लोगों ने हरियाणवी अंदाज में गीता में निहित संदेश को सुना। आरबीएसएम स्कूल भोंडसी के विद्यार्थियों ने अपनी धमाकेदार प्रस्तुति देते हुए उपस्थित दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इन विद्यार्थियों ने मेरा नो डांडी का बिजणा, इसा एंडी म्हारा हरियाणा और मेरा चुन्दड़ मंगा दे रे गीत पर धमाकेदार प्रस्तुति दी। इसी प्रकार विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी समूह गान तथा राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। इन विद्यार्थियों ने रंगीलो म्हारो ढोलना और कालो कूद पड़ो मेलो में पर शानदार प्रस्तुति दी।




गुरुग्राम में रविवार को गीता जयंती महोत्सव के समापन अवसर पर प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

**अनुशासित जीवन जीना सिखाती है गीता की शिक्षाएं**

समापन अवसर के मुख्यातिथि अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि गीता जयंती महोत्सव सभी के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म है। गीता जयंती महोत्सव का प्लेटफार्म एक ऐसा मंच बन गया है, जहां पर गीता में निहित शिक्षाओं के अलावा हरियाणवी संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि जो लोग कुरुक्षेत्र जाकर गीता जयंती महोत्सव में भाग नहीं ले पाते उनके लिए प्रदेश के सभी जिलों में भी गीता जयंती महोत्सव आयोजित किया गया है, ताकि लोगों के बीच गीता के महत्व को पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि गीता हमें अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देता है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में अनुशासनप्रिय बनते हुए गीता की शिक्षाओं को अपनाना चाहिए।सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक (एनसीआर) आरएस सांगवान ने मुख्यातिथि के स्वागत संबोधन में इस तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव के दौरान करवाई गई गतिविधियों के बारे में बताया। इस मौके पर आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक डॉ. भूदेव ने अपने विचार रखते हुए अपने शरीर को निरोग रखने के गुर सिखाए। उन्होंने कार्यक्रम में योग क्रियाओं से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने इस दौरान दृष्टि व अंतर्मन को स्वस्थ रखने को लेकर अपने विचार सांझा किए।

# कर्मचारियों की मनमानी से परेशान रहे मरीज और तीमारदार

**कविता।** फरीदाबाद

**जिले** के सबसे बड़े बादशाह खान सिविल अस्पताल में रविवार को मात्र एक ही सफाई कर्मी काम करती नजर आई। सूत्रों के मुताबिक यहां कार्यरत सभी कर्मचारी मनमानी करते हुए अवकाश पर थे। जिसके कारण यहां अव्यवस्था का माहौल देखने को मिला। जगह-जगह गंदगी तो कहीं बच्चों के डायपर और कूड़ा-कचरा पड़ा मिला। वहीं अस्पताल में द्वितीय तल से लेकर ग्राउंड फ्लोर तक हर जगह पानी बहता हुआ दिखा। जोकि द्वितीय तल से ग्राउंड फ्लोर पर होता हुआ ओपीडी, अपातकालीन कक्ष के सामने से अस्पताल के मुख्य द्वार तक बह रहा था। जब इस विषय में अस्पताल प्रबंधन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह पानी पेयजल टंकियों की साफ सफाई करने के कारण बह रहा है। लेकिन जब खोजबीन की गई तो मालूम हुआ कि सीवरेज की पाइप लाइन में कचरा फंसने के कारण गंदा पानी ओवरफ्लो होकर अस्पताल के भवन से मुख्य द्वार तक पहुंच रहा है।


बीके अस्पताल में बहता पानी ।

**परेशान हुए तीमारदारः** अस्पताल के प्रथम तल पर भर्ती मरीजों के परिजनों ने बताया कि अस्पताल के शौचालय में पानी भरा हुआ है और गंदगी का ढेर लगा हुआ है। वहां देखा गया तो हाथ साफ करने के लिए लगे वॉशवैसिन के पास ही दो स्थानों पर गंदगी पड़ी हुई थी। जिसके कारण लोगों को उसे देखकर उल्टियां आ रही थीं। वहीं उसके सामने ही डस्टबिन भरा पड़ा था। जिसके आसपास भी कचरा बिखरा हुआ था। वहीं रैम्प पर जगह-जगह गंदगी से सने हुए बच्चों के डायपर और अन्य कचरा पड़ा हुआ था। इसी तरह से वार्डों में बिस्तरों के नीचे भी गंदगी के ढेर लगे थे।



हाथ धोने के स्थान पर फैली गंदगी का आलम।

**बहता मिला पानीः** अस्पताल के द्वितीय तल पर रैम्प के रास्ते पर पानी बहता हुआ देखने को मिला। हालांकि इस तल पर एक स्वीपर काम करती नजर आई। जब उससे पूछा गया कि प्रथम और अपातकालीन कक्ष में कर्मचारी कहां हैं तो उसने बताया कि शायद अवकाश पर होंगे। उसने बताया कि वह अपना काम कर रही है, पानी बह रहा है, जिसे उसने साफ किया है। यह पानी नीचे अस्पताल की ओपीडी के कमरा नम्बर 21 के सामने से होते हुए और ओपीडी के बाहर होता हुआ अस्पताल के मुख्य द्वार तक बहता नजर आया। वहीं ओपीडी के सामने भी कुछ समय बाद पानी बहना शुरू हो गया। वह भी अस्पताल के गेट तक बह रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### चंदावली फ्लाईओवर संघर्ष समिति का धरना जारी


चंदावली फ्लाईओवर संघर्ष समिति के धरने में शामिल विभिन्न गांवों के लोग।

**फरीदाबाद।** चंदावली फ्लाईओवर संघर्ष समिति का धरना आठवें दिन भी जारी रहा। आज के धरने की अध्यक्षता सुभाष चौधरी प्रधान जाट सभा सेक्टर-2 की देखरेख में हुई। आज धरने पर फरीदाबाद के अलग-अलग गांव के सरपंच, आरडब्ल्यू, प्रेसिडेंट, समाजसेवियों और गांव के मौजूद लोगों ने धरने को समर्थन दिया। इसमें गांव अमरपुर से भीम सिंह लांबा, साहूपुरा से अवतार सारंग पूर्व जिला पार्षद, चौधरी रामरतन भाटिया कालोनी, संदीप कपासिया मुजेड़ी, आजाद सिंह, रविन्द्र मलिक, सुरेश मोर और बहुत से गणमान्य लोगों ने आज धरने को अपना पूरा समर्थन दिया। सभी ने 6-12-2012 को होने वाली सभी गांव की सरदारी की पंचायत में रूप रेखा तैयार की। धरने के संयोजक हेमन्त शर्मा ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि आप सभी लोगों का सहयोग मिलने से हमे नई ऊर्जा मिली हैं और अब हम और जोर-शोर से अपनी बात एनएचआईए तक पहुंचा सकेंगे। लोगों ने एनएचआईए के प्रोजेक्ट निदेशक ने गलत रिपोर्ट बनाकर पूरे क्षेत्र की जनता को दुखी कर दिया हैं और इस प्रोजेक्ट की ओरिजिनल डीपीआर में छेड़छाड़ करके मोहना रोड के एलिवेटेड सेक्शन को सेक्टर-64 पर शिफ्ट करने की साजिश की हैं। इसलिये लोगो में एनएचआईए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के लिये काफी रोष हैं।

### प्रतियोगिता में एलआर ग्रुप ने जीते मेडल



**फरीदाबाद।** पंडित एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने रावल इंस्टीट्यूशंस फरीदाबाद के एकदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। पंडित एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने सभी कबड्डी, क्रिकेट, दौड़, भाला फेंक, गोला फेंकना, वह जैवलिन थ्रो के अलावा सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। जिसकी अध्यक्षता पीटी एलआर कॉलेज के एचओडी रोहतास ने की। मेडल लाने वाले विद्यार्थियों में रिले दौड़ में सिल्वर मेडल, जयबिलिंग में सिल्वर मेडल, 100, 200, 400 मीटर दौड़ में 2 सिल्वर मेडल, एक ब्रोंज मेडल जीत कर पंडित एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस व अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया। मेडल जीत कर आए पंडित एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस के सभी विद्यार्थियों का स्वागत व सम्मान चेयरमैन पंडित लखमीचंद भारद्वाज ने किया और विजेता खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है आने वाले समय में देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में आप सभी का योगदान होने वाला है। इसलिए मैं उम्मीद करता हूं कि आप सब अपनी पढ़ाई को अच्छे से बरकरार रखते हुए खेलकूद, टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट वह विज्ञान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ते रहें मेरी शुभकामनाएं आप सभी के साथ हैं।

### मंदिर में लगाया निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**फरीदाबाद।** सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर मार्केट नंबर-1 में व्यापार मंडल फरीदाबाद एवं मेदांता हॉस्पिटल के सौजन्य से सिद्ध पीठ श्रीहनुमान मंदिर एनआईटी-1 मार्केट मे मंदिर के मुख्य संयोजक एवं जननायक जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया के सहयोग से निः शुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड प्रेशर,ब्लड शुगर, ईसीजी, मैमोग्राफी, पीएफटी, डेंटल स्क्रीनिंग, कारडियोलाजी एवं गायनोकोलॉजिस्ट जैसी जांच का कैम्प लगाया गया। इस कैम्प में हर वर्ग एवं आयु के स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। चेकअप कैंप का लाभ उठाया। इस निः शुल्क चेकअप कैंप आयोजित करने को लेकर स्थानीय लोगों ने मंदिर के मुख्य संयोजक एवं जननायक जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सहित मौके पर उपस्थित मेदांता हॉस्पिटल की टीम का आभार प्रकट किया एवं धन्यवाद दिया। इस कैम्प में डॉ एसके तनेजा, डॉ अनु यादव, फिजीशियन डॉ शोनल, डॉ अयूब एवं मार्केटिंग टीम उपस्थित रही। इस अवसर को सफल बनाने के लिए मंदिर संयोजक एवं जननायक जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया द्वारा उपस्थित डॉक्टरों एवं टीम के लिए आभार प्रकट किया। मंदिर संयोजक एवं जननायक जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया ने स्थानीय डॉक्टर देवेंद्र बक्शी (डायबिटीज स्पेशिलिस्ट) व डॉक्टर अनुपमा बख्शी (लेडी डॉक्टर) का भी उनके सहयोग पर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अजय कत्याल, प्रेम बब्बर, राकेश खन्ना, गगन अरोड़ा, रिंकल भाटिया, गौरव गुलाटी (नोनी), प्रवेश (पंकी), सचिन भाटिया, रविंद्र गुलाटी, नंदराम पाहिल, अरविंद शर्मा, प्रमोद डंग, विकास भाटिया (राजे), वेद भाटिया मामा, जनक भाटिया, अरविन्द शर्मा एवं सीमा सितोरिया उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत गीता का आत्मसात बनाता है मनुष्य के जीवन को संतुष्टः सीमा त्रिखा

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद


सेक्टर 12 स्थित कन्वेशन हाल में आयोजित गीता जंयती के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाा कर शुभारंभ करती बडखल की विधायक सीमा त्रिखा।

**बड़खल** की विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता का आत्मसात मनुष्य के जीवन को संतुष्ट बनाता है। उन्होंने कहा कि गीता एक समुंदर है। इसमें जितनी बार भी गोते लगाओगे। उतनी बार ही नया अहसास जीवन में महसूस होगा। गीता का अनुसरण आज पूरे विश्व के लोग कर रहे हैं। श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ को विश्व में मनुष्य जीवन के सफल जीवन में सर्वोपरि माना जा रहा है।

विधायक सीमा त्रिखा आज रविवार को तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्रीकृष्ण भगवान के संदेश गीता ग्रंथ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया है। गीता ग्रंथ महोत्सव में विद्यार्थी, व्यापारी, सामाजिक संस्थाओं व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी व अन्य समाज के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों फकीर की जिंदगी जी रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि त्योहार और उत्सव हमें ऊर्जा और शक्ति प्रदान करते हैं। श्रीमद् भागवत गीता महाग्रंथ हमें जीने की कला सिखाती है। अवसाद से दूर करती है। धार्मिक प्रकृति की ओर अग्रसर करती है। गीता हमें उच्च विचारों की ओर प्रेरित करती है। गीता हमारे जीवन को सुधारने का संदेश देती है। गीता ग्रंथ को वि के लोग आत्मसात कर रहे हैं। महाभारत के युद्ध में भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का उपदेश देकर संसार को एक नया मार्ग दिया है। उन्होंने कहा कि जीवन में संतुष्टि ही तो सब कुछ है और गीता मनुष्य को संतुष्टि की ओर प्रेरित करती है। एसडीएम परमजीत चहल ने आए हुए मेहमानों का गीता जयंती समारोह के समापन अवसर पर स्वागत करते हुए कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में प्रशासन का सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं सहित विभिन्न विभागों ने विशेष सहयोग दिया है। इसके लिए मैं सब का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने उपस्थित मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि समय-समय पर विधायक सीमा त्रिखा, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने भी अपना मार्गदर्शन गीता जयंती महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समय दिया है। सीटीएम अमित मान ने जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव -2022 के समापन अवसर पर सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस सफल आयोजन के लिए हर व्यक्ति की भागीदारी को मैं शत-शत प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव में फरीदाबाद के हर नागरिक में अपनी भागीदारी किसी न किसी रूप में अवश्य की है और इस भागीदारी के लिए गीता जयंती के सफल आयोजन के लिए सबका तहे दिल से शुक्रगुजार करता हूं। इस अवसर पर एसडीएम परमजीत चहल, सीटीएम अमित मान, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# पुलिस ने चार महीने बाद भी दर्ज नहीं किया साइबर क्राइम का केस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



## रिटायर टीचर का कार्ड बदलकर बदमाशों ने उड़ाए थे 1.15 लाख रुपये

**ओल्ड** फरीदाबाद की भूड़ कालोनी में स्थित एक एटीएम से रुपये निकालने के लिए गए एक सेवानिवृत अध्यापक का मदद के बहाने एक अज्ञात बदमाश ने मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदल दिया। बाद में आरोपी ने खाते से करीब एक लाख 15 हजार रुपये निकाल लिये। घटना करीब चार महीने पहले की है। पीड़ित व्यक्ति ने उसी दिन मामले की शिकायत थाना साइबर, सेंट्रल जोन में कर दी थी, लेकिन पुलिस न अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। थाना साइबर क्राइम को दी गई शिकायत में ओल्ड फरीदाबाद स्थित नई अग्रवाल धर्मशाला के पास रहने वाले सामलिया गुप्ता ने कहा है कि वह सेवानिवृत अध्यापक हैं।

गत सात अगस्त को उन्हें पारीवारिक कारणों से रुपयों की जरूरत थी। जिसके कारण वे ओल्ड फरीदाबाद की भूड़ कालोनी में स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम से दस हजार रुपये निकालने के लिए गए थे। उनके द्वारा प्रयास करने पर रुपये नहीं निकले। तभी वहां पहले से खड़े एक युवक ने मदद के बहाने उनका कार्ड ले लिया रुपये निकालने का प्रयास करने लगा। सफल न होने पर वह कार्ड लौटाकर वहां से चला गया। जिसके बाद वह घर लौट आए। कुछ देर बाद पता चला कि आरोपी ने उनका कार्ड बदल कर एटीएम से 40 हजार रुपये निकाल लिए। जबकि आरोपी ने कोलकाता की अमन इंटरप्राइजेज कंपनी के खाते में 74 हजार 900 रुपये ट्रांसफर किये हैं। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। लेकिन पुलिस ने आज तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की।

# मिशन जागृति ने वॉलंटियरों को किया सम्मानित



अंतरराष्ट्रीय वालंटियर दिवस पर डीएवी मैनेजमेंट कालेज में स्वयंसेवकों को सम्मानित करते मिशन जागृति संस्थान के पदाधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अंतरराष्ट्रीय** वालंटियर दिवस की पूर्व संध्या पर मिशन जागृति संस्थान अपनी वालंटियर स्वयंसेवकों को डीएवी मैनेजमेंट कालेज में एक भव्य समारोह आयोजित करके सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी राजेश, वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीरा तोमर, सुनील दांगी, साहिल नंबरदार, प्रमोद मिनोचा अधिवक्ता राजेश खटाना, लेफ्टिनेंट कर्नल ध्रुव मिश्रा, कुलदीप सिंह ज्योतिष आचार्य हेमंत बरुआ और दिनेश मलिक साहिल नंबरदार के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएसपी राजेश ने कहां की मिशन जागृति की स्वयंसेवक अपनी सेवा से इतिहास रच रहे हैं वह लोग हमेशा ही दूसरों की मदद करने के लिए तत्पर रहते हैं। मीरा तोमर ने कहा कि स्वयंसेवक बनाए नहीं जाते खुद से बनते हैं जिसके अंदर स्वयं से जज्बा होता है सेवा करने का। सुनील दांगी ने कहा कि समाज सेवा अगर सीखनी है तो मिशन जागृति की स्वयंसेवकों सी सीखनी चाहिए लोगों को और मैं लोगों से आमान करता हूं कि ज्यादा से ज्यादा लोग मिशन जागृति के साथ जुड़कर सिवा कार्य करें।

# परीक्षार्थियों को किया मटर पुलाव वितरित



**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 55 फरीदाबाद में एचटेट की परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्र पर 310 पात्र उम्मीदवारों में से परीक्षा देने आज 255 परीक्षार्थियों ही पहुंचे थे। उनके लिए लंगर भंडारे में अल्पाहार के रूप में मटर पुलाव वितरित किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य सतेन्द्र सोरौत, पुलिस चौकी सेक्टर 55 इंचार्ज राव रणधीर सिंह, फीवा महासचिव गुरमीत सिंह देओल, आरडब्ल्यूए के प्रधान बजरंग तोषनीवाल, समाजसेवी महादेव साहू, राजेंद्र प्रसाद, ओमबीर, नरेंद्र कुमार जांगड़ा, सिमरनजीत सिंह देओल आदि सभी ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। इससे पूर्व शनिवार को पहले चरण की परीक्षा देने के लिए विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया था। उनके लिए भी दोपहर को लंगर प्रसाद भंडारे की व्यवस्था की गई थी।

# दिव्यांगजनों को रेडक्रॉस ने उपलब्ध करवाए कृत्रिम अंग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


रेडक्रॉस द्वारा गीता महोत्सव में लगे शिविर में शामिल सचिव व सदस्य सेवाएं देते हुए।

**हरियाणा** प्रदेश में बनाए जा रहे गीता महोत्सव कार्यक्रम एवं विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष में जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें रेडक्रॉस द्वारा चलाए जा रहे पुनर्वास केंद्र बादशाह खान सामान्य अस्पताल के द्वारा दिव्यांग जनों को कैलीपर, कृत्रिम अंग, बैसाखी एवं वृद्ध जनों के लिए कान की सुनने की मशीन, छड़ी इत्यादि वितरित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा के प्रधान (वाइस चेयरमैन ) सुषमा गुप्ता, जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के सचिव बिजेंद्र सोरौत, उप अधीक्षक पुरुषोत्तम सैनी, भौतिक चिकित्सक डॉ राकेश कुमार, प्रोस्थेटिस्ट ऑर्थोटीस्ट डॉ. जयपाल सिंह, ज्ञान प्रसाद तकनीशियन, भगवानदास विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बारे में जानकारी देते हुए रेडक्रॉस के सचिव बिजेन्द्र सौरोत ने बताया कि उनके स्टॉल का दौरा केंद्रीय मंत्री एवं विधायकों के द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने सामान्य अस्पताल बादशाह खान में चलाए जा रहे रेडक्रॉस सोसाइटी के दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का 35 वर्षों से आसपास के चार जिलों में जो सेवा प्रदान की जा रही है उसकी भूरी भूरी प्रशंसा की। यह केंद्र जिला उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में यहां पहुंचने वाले दिव्यांग जनों की सेवा में हमेशा तत्पर रहा है और यहां पहुंचने वाले सभी दिव्यांग जनों को मुफ्त में कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण देकर उन्हें चलने फिरने लायक बनाया जाता है। इसके साथ ही यहां पर बहुत ही चिकित्सा केंद्र में आने वाले वृद्धजनों दिव्यांगजनों एवं गरीब जरूरतमंदों के लिए व्यक्तियों को प्रतिवर्ष भौतिक चिकित्सा का लाभ दिया जा रहा है।

# गुर्जर महोत्सव में दिखेगी संस्कृति की झलक

## सूरजकुंड मेला स्थल पर 23 दिसंबर से शुरू होगा दो दिवसीय गुर्जर महोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



पत्रकारो से बातचीत करते गुर्जर आर्ट एण्ड कलचरल ट्रस्अ के चेयरमैन दिवाकर बिधूडी।

**आगामी** 23 व 24 दिसम्बर को बाबा फरीद की नगरी फरीदाबाद की धरती पर स्थित सूरजकुण्ड मेला स्थल पर देशभर से गुर्जर समाज के लोग गुर्जर महोत्सव में भाग लेंगे। गुर्जर आर्ट एण्ड कल्चरल ट्रस्ट के चेयरमैन दिवाकर बिधूड़ी ने कहा कि गुर्जर सांस्कृतिक विभिन्न आयामों को विस्तार से देखने का मौका इस गुर्जर महोत्सव के दौरान मिलेगा। कश्मीर से कर्नाटक तक समस्त गुर्जर समाज के लोक गीत, लोक नृत्य, रहन-सहन, खान-पान, परिधान व आभूषणों से भी परिचित होने का गुर्जर समाज के लोगों को मौका मिलेगा।

यह बात गुर्जर भवन सैक्टर-16 में गुर्जर महोत्सव 2022के संदर्भ में जानकारी पत्रकारों को देते हुए दिवाकर बिधूड़ी ने बताया कि देश के 13 राज्यों के कुल 18 करोड़ गुर्जर समाज के लोग निवास करते हैं। इन सभी लोगों को गुर्जर समाज की प्रादेशिक इकाई निमंत्रण देकर के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित कर रही है। एडवोकेट राजेश खटाना ने बताया कि समाज के सभी सम्मानित बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नौजवानों, बुजुर्गों व मातृ शक्ति से अपील एवं आग्रह करते है कि सांस्कृतिक उत्थान, बन्धुत्व एवं भाईचारे को मजबूत करने के लिए गुर्जर महोत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।

समाजसेवी राम बसौया ने बताया कि गुर्जर महोत्सव का शुभारंभ प्रदेश के पर्यटन एवं शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर 23 दिसम्बर को करेंगे। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर 24 दिसम्बर को समापन अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

वहीं महोत्सव कार्यक्रम गुर्जर मातृ शक्ति की अगुवाई की किया जाएगा। मातृ शक्ति ने अपनी बात रखते हुए कहा कि गुर्जरों गौरवशाली इतिहास को जानने, 1857 की प्रथम क्रांति से लेकर आज तक गुर्जर समुदाय के राष्ट्र के प्रति योगदान की प्रदर्शनी भी गुर्जर महोत्सव में देखने को मिलेगी। इस मौके पर देशभर के गुर्जर जन प्रतिनिधियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

इस मौके पर ज्ञानचंद भड़ाना, रामफूल भाटी, तिलकराज बैंसला, हंसराज कपासिया, एडवोकेट राजेश खटाना, राम बसौया, ओमप्रकाश बैंसला, निरंजन नागर, हवा सिंह छौकर, जतिन खटाना, रणवीर चौहान, शिक्षाविद् ममता भड़ाना, नीतू श्यामदेव भड़ाना, सीमा चौधरी, रेखा गुर्जर, ऋतु कपासिया, सुनीता खटाना, विनित रानी सहित गुर्जर समाज के लोग उपस्थित थे।

# युवती का धर्म परिवर्तन करवाने का केस दर्ज

**फरीदाबाद।** एसजीएम नगर 22 वर्षीय लड़की का गैरकानूनी तरीके से धर्म परिवर्तन कराने वाले नौ लोगों के खिलाफ थाना एसजीएम नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक लड़की के पिता की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है।

नामजद आरोपियों में लड़की संस्कृति का पति जावेद, लड़की का देवर फिरोज खान, लड़की का ससुर लियाकत अली, लड़की की सास, लड़की स्वयं, गवाह पायल व इरशाद, मौलवी अब्दुल शामिल हैं। आपको बता दें कि लड़की एचडीएफसी बैंक में कार्यरत है। जो 28 अक्टूबर को अपने घर से अपने ऑफिस गई थी। जो ऑफिस ना जाकर जावेद के साथ चली गई थी। जिसने जावेद के साथ निकाह कर लिया था। लड़की ने अदालत के माध्यम से पुलिस प्रोटक्शन भी ले रखी थी। लड़की संस्कृति, और जावेद के साथ उसके परिवार ने हरियाणा विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन निवारण अधिनियम 2022 का उल्लंघन किया है। जिसमें दो लाख का जुर्माना तथा 5 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है।

# श्रीमद् भागवत गीता ग्रन्थ देता है हमें समरसता का सन्देशः नागर

## विधायक राजेश नागर ने सैक्टर-17 मार्केट से गीता जयंती समारोह की शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



गीता जयंती के अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा को झंडी दिखा कर रवाना करते तिगांव के विधायक राजेश नागर व अन्य अधिकारी।

**विधायक** राजेश नागर ने कहा कि गीता ग्रन्थ हमें समरसता का सन्देश देता है। विधायक राजेश नागर ने सैक्टर-17 मार्केट से गीता जयंती समारोह की शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए यह बात कही। उन्होंने एक-एक करके सभी झाकियों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए कहा कि हर झांकी में गीता ग्रन्थ के समरसता का सन्देश समाज को मिल रहा है। जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में तिगांव से विधायक राजेश नागर ने रविवार को दोपहर 01.15 बजे रवाना किया।

जिला स्तरीय तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव की शोभा यात्रा के लिए श्रीगीता मन्दिर सैक्टर-15, श्रीसनातन धर्म मन्दिर सभा सैक्टर-15ए नहर कालोनी, राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैक्टर-3 सीही मोड़; श्रीलक्ष्मी नारायण मन्दिर सैक्टर -16, शिक्षा विभाग, श्री गोपाल गौशाला, विश्व हिन्दू परिषद, हनुमान मन्दिर जैड पार्क सैक्टर -16,श्री आशा राम बापू संस्थाओं द्वारा भव्य झांकियों बनाई गई थी। भव्य झांकियों से सुसज्जित शोभा यात्रा सेक्टर -17 से शुरू होकर मार्केट से पुराना एसपी कार्यालय रोड़, सैक्टर-16 होती हुई सैक्टर-15 मार्केट, सैक्टर -15 गीता मन्दिर रोड़, रैड लाइट से सैक्टर-12 खेल परिसर रोड़ होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर सेक्टर-12 पहुंची। शहर के लगभग हजारों लोगो को उनके प्रतिष्ठानों, घरों और कोठियों के सामने गीता जयंती महोत्सव की भव्य शोभा यात्रा के दौरान साक्षात दर्शन लोगों को हुए। शोभा यात्रा की आवाज सुनकर लोग अपने घरों से बाहर निकल कर झाकियों के दर्शन कर रहे थे।

## अमेरिका के साथ युद्धाभ्यास
### चीन को आपत्ति

**भारत** ने ठीक ही कहा है कि वह अमेरिका के साथ युद्धाभ्यास जैसे मामलों पर चीन को कोई 'वीटो' अधिकार नहीं देने जा रहा है। उन्नीसवीं शताब्दी में 'राष्ट्र-राज्य' की अवधारणा पश्चिम में लोकप्रिय हो गई थी, पर इसके एकदम उलट चीन इस शताब्दी में 'सभ्यतामूलक राज्य' के विचारों को बढ़ावा दे रहा है। जहां, राष्ट्र-राज्य का अर्थ एक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व होता है जिसका जनता या एक भाषाई या नस्ली समूह के साथ साझा इतिहास होता है, वहीं सभ्यतामूलक राज्य एक पूरी सभ्यता का प्रतिनिधित्व करता है। अमेरिकन राजनीति विज्ञानी व अकादमिक सैमुअल हटिंगटन के 'सभ्यताओं के टकराव' सिद्धान्त ने शायद इसमें अपनी भूमिका अदा की हो, पर यह निश्चित रूप से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी नेताओं के बीच बहुत लोकप्रिय है। विदेशियों को संबोधित करते समय चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग चीनी सभ्यता और उसके विशिष्ट इतिहास पर जोर देते हैं। सरकार-समर्थक बुद्धिजीवी उनका अनुसरण करते हैं। फूदान विश्वविद्यालय के झांग वेईवेई ने 'द चाइना वेव: राइज़ आफ अ सिविलाइजेशनल स्टेट' नामक प्रभावशाली पुस्तक लिखी है। झांग के अनुसार आधुनिक चीन की सफलता का कारण पश्चिमी राजनीतिक विचारों का परित्याग है। इस सिद्धान्त के अनुसार, पुनर्जागरण विचारों के बजाय कन्फ्यूशियसवादी संस्कृति तथा मैंडारिन व्यवस्था ने थोड़े ही समय में चीन का असाधारण उभार संभव बनाया है। लेकिन यदि विद्वतापूर्ण शब्दावली तथा राजनीतिक लफ्फाजी को छोड़ दिया जाए तो वास्तव में चीन में सभ्यतामूलक



राज्य के बजाय एक 'पार्टी राज्य' है। यदि पाकिस्तान उन्नीसवीं शताब्दी के प्रूसिया की तरह 'राज्य वाली सेना' है तो चीन एक पार्टी-स्वामित्व वाला राज्य है। मजेदार बात है कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी सीसीपी की एक शाखा है। ऐसी व्यवस्था दुनिया के पहले कम्युनिस्ट राज्य पूर्व सोवियत संघ में भी नहीं थी। केवल ऐसे संवेदनशील मामलों को ध्यान में रख कर ही सीसीपी के विशिष्ट नेताओं की सोच पर गौर किया जा सकता है। सभ्यतामूलक राज्य की अवधारणा सीसीपी नेताओं को अपनी नापसंद वाले किसी भी देश के खिलाफ 'असीमित युद्ध' जारी रखने की अनुमति देती है, फिर चाहे वह भारत हो या अमेरिका।

बीजिंग नई दिल्ली से केवल यही चाहता है कि वह सिर झुका कर बहुआयामी चीनी आक्रमण स्वीकार कर ले जिसमें भारत की घेराबंदी, उसका बाजार अपनी वस्तुओं से पाट देना तथा भारतीय डेटा एकत्र करना शामिल हैं। भारत जो कुछ भी करता है, चीन उस पर निश्चित रूप से आपत्ति करता है, फिर चाहे वह क्वाड में सहभागिता हो अथवा ताइवान के साथ संबंध सुधार। इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि चीन ने भारत-अमेरिका संयुक्त सैनिक अभ्यास-'युद्ध अभ्यास' पर आपत्ति जताई जो वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी के निकट हो रहा है। लगभग दो सप्ताह का यह अभ्यास हर साल भारत और अमेरिका संयुक्त रूप से करते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि एलएसी के निकट संयुक्त सैनिक अभ्यास 'भारत और चीन के बीच 1993 व 1996 में हुए समझौतों की भावना का उल्लंघन करता है।' ऐसा कहना चीन को शोभा नहीं देता है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों को जरा भी सम्मान न देने वाले चीन ने हेग में 2016 में अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण का फैसला अनदेखा कर दिया है जिसने दक्षिण चीन सागर के विवादित समुद्री स्थल पर फिलीपीन्स के दावे स्वीकार किए थे। चीन ने जिद पर अड़े रह कर भारत के साथ सीमा निर्धारण से इनकार किया है। उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में 'वीटो' से बाधा डाली है। इसके बावजूद वह भारत को द्विपक्षीय समझौतों की 'भावना' पर उपदेश देता है। भारत ने ठीक ही कहा है कि वह 'युद्ध अभ्यास' जैसे मामलों पर किसी तीसरे देश, यानी चीन को वीटो अधिकार नहीं देता है।

# भारत की शतकीय पारी और विज्ञान

**गौतम आर देसिराजू**
**और शरण शेट्टी**




**15 अगस्त** 2022 को जब भारत ने आजादी के 75 वर्ष पूरे कर लिये, उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हम सबका आह्वान किया था कि हम उस यात्रा में शामिल हो जायें जिसमें भारत 2047 तक एक विकसित देश के रूप में परिवर्तित हो जायेगा। यही वह वक्त है जब एक आजाद देश के रूप में भारत अपनी शतकीय पारी पूरी करेगा। प्रधानमंत्री के वक्तव्य की मुख्य विशेषताओं में इस यात्रा के तीन पड़ावों का जिक्र था। यह तथ्य कि हम आकांक्षी समाज बन गये हैं यह कि अब भारतीयों में सांस्कृतिक व सभ्यतामूलक पुनर्जागरण हो रहा है और यह कि विश्व में हम अपना अधिकारपूर्ण स्थान प्राप्त करने का जो दावा कर रहे हैं उसे अब पूरी दुनिया गंभीरता से ले रही है। हर चीज की योजना के लिये 25 वर्षों का समय कोई लंबा समय नहीं होता और यह बिलकुल साफ है कि विज्ञान व प्रौद्योगिकी में ठोस प्रगति किये बिना विकसित होने के इस तमगे को प्राप्त करना कठिन होगा। अगर विकसित देश का दर्जा हासिल करना है तो भारतीय विज्ञान के लिये उसी के अनुरूप ठोस रोडमैप तैयार करना होगा। पिछले सप्ताह बाली इंडोनेशिया में जी 20 की अध्यक्षता प्राप्त करते समय इन मुद्दों को रेखांकित किया गया था। विशेष रूप से देखा जाये तो विज्ञान20 या एस20 साइंस इंगेजमेन्ट ग्रुप को सरकार ने स्थापित किया है।

बिना वक्त गंवाये केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने एस20 शिखर बैठकों की तैयारी का जायजा लेने के लिये एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। एस20 शिखर बैठक अगले वर्ष कोयंबटूर में होगी जिसकी विषयवस्तु डिसरप्टिव साइंस फॉर इनोवेटिव एंड सस्टेनेबल गोल है। इस शिखर बैठक के दौरान रिसर्च इनोवेशन इनीशियेटेड गैदरिंग (आरआईआईजी) विषय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। आरआईआईजी बैठक के उप विषयों में सतत ऊर्जा के लिये सामग्रियां, वैज्ञानिक चुनौतियां व सतत ब्लू इकोनॉमी, जैव विविधता और जैव अर्थव्यवस्था की प्राप्ति के लिये अवसर तथा ऊर्जा अंतरण के लिये आर्थिक नवोन्मेष शामिल हैं। सरकार को उम्मीद है कि शिखर बैठक सहयोगात्मक वातावरण को बढ़ावा देगी, जहां पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के लिये प्रारूपों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा प्रौद्योगिकी स्थानांतरण, वैश्विक स्टार्ट अप इको प्रणाली की रचना तथा आईपी शेयरिंग पर आग्रह एजेंडा का हिस्सा होंगे। विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने में हमें कई दशक लगे हैं। अगले वर्ष जब भारत जी 20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, तब हमारे पास यह शानदार अवसर होगा कि हम आगे की राह दिखायें तथा तकनीकी आत्मनिर्भरता और विदेशी सोर्सिंग के बीच संतुलन बिठा सकें। एक प्रधानमंत्री का कर्तव्य होता है कि वह एक राष्ट्रीय परिकल्पना प्रस्तुत करे। इस क्रम में प्रतिष्ठित प्रधानमंत्रियों ने अतीत में जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान के रूप में इसे प्रस्तुत किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने इसमें अब जय अनुसंधान को जोड़ दिया है। विज्ञान और शोधात्मक नवोन्मेष बहुत महत्वपूर्ण हो गये हैं। वे निरंतरता और समावेशिता के मद्देनजर जन परिवेश में भी शामिल हो गये हैं। यह बहुत खास बिंदु है क्योंकि कोई भी देश मात्र समान उच्च जीवन मानकों के बल पर विकसित अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उसके लिये विज्ञान और अनुसंधान व विकास प्रक्रिया में भारी निवेश भी करना पड़ता है जिसके तहत विज्ञान प्रयोगशालाओं से निकलकर जन मानस तक पहुंच जाता है। हमारे औपनिवेशिक दुर्भाग्य ने हमें विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा को पश्चिम की तुलना में 150 वर्ष तथा चीन की तुलना में मोटे तौर पर 30 वर्ष पीछे कर दिया। हमने जो 25 वर्षीय योजना बनाई है उसे हासिल किया जा सकता है लेकिन यह तभी होगा जब हम बिलकुल सटीक रणनीति के साथ योजना बनायेंगे और उस पर अमल करेंगे।

आंकड़ों के आधार पर देखें तो इस वर्ष 7.8 प्रतिशत की विकास दर के बल पर वर्ष 2026-27 तक, यदि तेल की कीमतों में कोई भारी उलट फेर न हो, हम पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। जीवाश्म ईंधन से नवीकरणीय ऊर्जा तक संभावित पहुंच के कारण सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि हम 2031-32 तक 9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तथा 2047 तक 40 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकते हैं। इस स्थिति में हम सिर्फ पीपीपी नंबरों के आधार पर नहीं बल्कि पूर्ण मौद्रिक संदर्भों में दुनिया के तीन सर्वोच्च देशों में शामिल हो जायेंगे।

2047 का लक्ष्य हासिल करने के लिये हमें क्या करना होगा: आर जगन्नाथ और आशीष चंदोरकर ने स्वराज्य में जो लिखा है हमें उस पर ध्यान देना होगा। इसके अतिरिक्त मैं इसमें शिक्षा, फार्मा व महिला स्वास्थ्य सहित स्वास्थ्य निर्यात मांग आपूर्ति के असंतुलन पर ध्यान देना, उर्वरक सहित पोषण समुद्री और ध्रुवीय अनुसंधान सहित जल, जलवायु परिवर्तन, जिनोमिक्स, नैनोमेटीरियल सहित उन्नत पदार्थ, रोबोटिक्स, विद्युत और सौर ऊर्जा चालित वाहन, ड्रोन, वाह्य अंतरिक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी को आमतौर पर जोड़ना चाहूंगा। इसमें कुछ जरूरी सेक्टरों को भी जोड़ना उचित होगा जहां विशेषज्ञों द्वारा संचालित वैज्ञानिक कार्य पद्धति को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धात्मक प्रौद्योगिकी में बदलना शामिल है। विकसित देश बनने की सीढ़ी चढ़ते वक्त उद्योग को केंद्रीय भूमिका अदा करनी होगी, जिसमें सरकार मुख्य तथा सुविधा प्रदान करने वाली भूमिका में होगी। इन सबको वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के संदर्भ में लेना होगा। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला देशों के बीच एक नये युद्ध का औजार बन चुकी है, जिसे हम ठंडे स्थान पर गर्म युद्ध कह सकते हैं। 25 वर्ष की इस छोटी सी अवधि को मद्देनजर रखते हुये हम कुछ अड़चन वाले क्षेत्रों में आयातित समाधानों की उपेक्षा नहीं कर सकते। इसके लिये भारत के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये सोची समझी विदेश नीति की जरूरत है। हमें यह भी ध्यान में रखना होगा कि कोई भी देश परिस्थितियों को देखते हुये मित्र भी हो सकता है तटस्थ हो सकता है या विरोधी भी हो सकता है। आर्थिक मोर्चे पर, तकनीकी मामलों को आगे बढ़ने, कौशल विकास, ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बौद्धिकता तथा आपूर्ति श्रृंखला की खामियों पर भी ध्यान देना होगा, यह भारी-भरकम पैकेज है।

गैर आर्थिक, गैर वैज्ञानिक मामले भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। इन पर फौरन ध्यान देना होगा वरना ये मुद्दे तकनीकी प्रगति के सारे प्रयासों को कमजोर कर सकते हैं। जगन्नाथन ने सात आपात मुद्दों की सूची बनाई है जिन पर फौरन ध्यान जरूरी है: न्यायिक सेवा और कानून लागू करने की प्रक्रिया में सुधारय प्रशासनिक सुधारय उपरोक्त श्ठंडे स्थानों पर गर्म युद्ध को ध्यान में रखते हुये रक्षा सुधार तथा युद्ध में कृत्रिम बौद्धिकता का उपयोगय गहरे और आपाद संवैधानिक संशोधन, जिसके लिये संविधान सभा जैसी व्यवस्था दरकार होय चुनाव सुधार, जो बुनियाद में बैठे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाये, सभ्यता सम्बंधी कामों को दोबारा करना, भारत की अस्मिता के साथ भारत के पुनर्जागरण का एकीकरण और अंत में केंद्र तथा राज्यों के बीच शक्तियों का विकेंद्रीकरण। इनमें से कुछ मुद्दे अन्यों की अपेक्षा भारतीय वैज्ञानिक क्रांति को ज्यादा प्रभावित करते हैं लेकिन कोई भी गैर जरूरी नहीं है। अपने मौजूदा प्रशासनिक और प्रबंधन ढांचे को देखते हुये हम कैसे इस महत्वाकांक्षी सूची में दर्ज मामलों को पूरा करेंगे प्रगति का एक महत्वपूर्ण अंग है शिक्षा का उचित प्रबंधन। भारत की आजादी के बाद से जितनी भी सरकारें आईं, उन सबने सबको शिक्षा को सुगम बनाने का मार्ग बनाया। आईआईएससी, आईआईटी और आईआईएम जैसे उच्च शिक्षा संस्थानों ने दुनिया के सामने यह झांकी पेश की कि भारत क्या कुछ करने की क्षमता रखता है। इस सबके बावजूद हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिये तथा उसके लिये आमूल अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिये अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इस समय हमें पूरी तरह उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने की जरूरत है यदि आवश्यक हुआ तो निजी विश्वविद्यालयों में। वैज्ञानिक उत्कृष्टता के अभाव में, गुणवत्ता व परिमाण की दृष्टि से हमें विकसित देश बनने का कोई मौका नहीं मिल सकता। इस सम्बंध में प्रथम चिंता निवेश की है। इस समय हम अपने सकल घरेलू उत्पाद का 0.8 प्रतिशत शिक्षा और अनुसंधान पर खर्च करते हैं। इस आंकड़े को बढ़ाने की जरूरत है यानी वह सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम 3.4 प्रतिशत तो हो। चीन ने 1990 के आसपास ही इस मद में भारी निवेश करना शुरू कर दिया था। इसका नतीजा आज सबके सामने है कि वहां फलता-फूलता वैज्ञानिक इको सिस्टम मौजूद है। अपनी बहाल होती अर्थव्यवस्था को देखते हुये सरकार के भरोसे ही बैठ रहना ठीक नहीं होगा। शिक्षा के क्षेत्र में निजी सेक्टर की भूमिका न केवल जरूरी है बल्कि सजग नियमों के तहत उसे आगे भी बढ़ाना जरूरी है। बहरहाल एक और पक्ष भी है, जिस पर विचार करने की जरूरत है। एक बार फिर 25 वर्ष की छोटी सी अवधि को देखते हुये हम कह सकते हैं कि शिक्षा में जो भी बुनियादी बदलाव किया जायेगा उसके नतीजे 15 वर्षों के बाद ही नजर आयेंगे। इसलिये हमें एक ऐसी रणनीति की फौरन जरूरत है जो इस समय हमारे पास मौजूद संसाधनों के इस्तेमाल में वृद्धि कर सके। इस बीच, सरकार को भी वित्तपोषण, प्रवेश और प्रशासन के मामले में शिक्षण संस्थानों को चलाने के काम से दूरी बना लेनी चाहिये। केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों के बीच की असमानताओं को दूर करना होगा, क्योंकि छात्रों की एक बड़ी तादाद राज्य विश्वविद्यालयों में ही पाई जाती है। भारत का प्रौद्योगिकीय और अनुसंधान व विकास कार्य का बोझ अभियान आधारित सरकारी प्रयोगशालाओं को वहन करना चाहिये और इनके जिम्मे शैक्षिक कार्य नहीं होना चाहिये। साथ ही कॉर्पोरेट अनुसंधान प्रयोगशालाओं को भी सरकारी प्रयोगशालाओं के साथ अनुबंध करके उपरोक्त काम पूरा करना चाहिये। आईआईटी से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे वृद्धि आर्थिक उपयोग तथा आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन की समस्याओं का समाधान करेंगे। उनकी गतिविधियां ज्यादा से ज्यादा अच्छे स्टार्ट अप तक हो सकती हैं लेकिन यह भी कोई बड़ा और बुनियादी कारनामा कर दिखाने के लिये अपर्याप्त होगा जिसकी भारत 2047 को जरूरत है। अमेरिका 1950 के दशक की शुरूआत में वानेवर बुश के काम को तेजी से आगे बढ़ाने में सफल रहा। इसका कारण था अकादमिक जगत, उद्योग और सरकार तथा ज्यादातर उनकी रक्षा प्रयोगशालाओं के बीच सटीक तालमेल। चीन के असैन्य-सैन्य तालमेल के तहत भी यह रणनीति चलाई जा रही है। हमें किसी भी कीमत पर इससे कम नहीं रहना है।

*(गौतम आर देसिराजू इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, विज्ञान में सेवारत हैं और भारत सरकार के एस20 इंगेजमेन्ट ग्रुप के सदस्य हैं। शरण शेट्टी स्वराज्य के एसोशिएट संपादक हैं)*

# म्यांमार में सेना के लिए संकेत अच्छे नहीं



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)

**क्या** कोई म्यांमार में मिलिट्री जनता (सेना) के आपराधिक शासन के अंत की शुरुआत देख रहा है? प्रश्न ध्यान देने योग्य है। अल जज़ीरा द्वारा 11 नवंबर, 2022 को ज़हीना रशीद की एक रिपोर्ट और म्यांमार के लिए विशेष सलाहकार परिषद (इसके बाद एसएसी-एम) की वेबसाइट में प्रदर्शित, उत्तरार्द्ध को सार्वजनिक रूप से यह कहते हुए उद्धृत करती है कि जनता 2023 तक जीवित नहीं रह सकता है , जब तक कि कुछ नाटकीय रूप से वर्तमान प्रक्षेपवक्र को बदल नहीं देता।

क्रिस्टल-गेज़िंग एक खतरनाक व्यवसाय है। हालांकि, म्यांमार की स्थिति पर एक करीबी नज़र डालने से संकेत मिलता है कि देश जनरलों के नियंत्रण से बाहर हो रहा है। 9 सितंबर, 2022 को मिज़िमा (एक बर्मी बहु-मीडिया समाचार संगठन) की एक रिपोर्ट, 5 सितंबर, 2022 को जारी द्वारा एक संक्षिप्त विवरण का हवाला देते हुए कहती है कि सेना प्रभावी रूप से देश को नियंत्रित नहीं करती है, और अक्षम है इसे नियंत्रित करना। रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट (एनयूजी) म्यांमार की वैध सरकार है और म्यांमार की मिलिट्री जनता के विरोध में संगठनों द्वारा गठित एक लोकतांत्रिक क्रांति के केंद्र में है। ये संगठन म्यांमार की आबादी और क्षेत्र के संबंध में वास्तविक अधिकारी हैं, जो कि जनता से अधिक है, जिसका देश के 330 टाउनशिप में से केवल 72 पर स्थिर नियंत्रण है, जो म्यांमार के भूमि क्षेत्र का केवल 17 प्रतिशत आता है, क्योंकि इनमें से कई छोटे शहरी टाउनशिप हैं। द इंटरप्रेटर में 29 सितंबर, 2022 को प्रकाशित एक लेख में, ऑस्ट्रेलिया स्थित एक स्वतंत्र थिंक टैंक, लोवी इंस्टीट्यूट द्वारा दैनिक प्रकाशित किया गया, एडम सिम्पसन ने एसएसी-एम की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि एनयूजी और जातीय प्रतिरोध संगठन म्यांमार के 52 प्रतिशत क्षेत्र पर प्रभावी नियंत्रण। तेईस प्रतिशत चुनाव लड़े गए और जनता का 17 प्रतिशत पर स्थिर नियंत्रण था।



जैसा कि देखा जा सकता है, ऊपर उल्लिखित अधिकांश रिपोर्टें अपनी जानकारी का श्रेय एसएसी-एम को देती हैं, जो 1 फरवरी, 2021 को तत्माडॉ के सैन्य तख्तापलट के बाद गठित हुआ था, जो अपनी वेबसाइट में खुद को इस रूप में वर्णित करता है। मानवाधिकारों, शांति, लोकतंत्र, न्याय और जवाबदेही के लिए संघर्ष कर रहे म्यांमार के लोगों का समर्थन करने के लिए काम कर रहे अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का एक स्वतंत्र समूह। इसका हवाला देते हुए, जनता के समर्थक तर्क दे सकते हैं कि यह शायद ही एक तटस्थ खिलाड़ी है और इसके आकलन और बयान जमीन पर वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। इसके विपरीत, इसे दुनिया भर में म्यांमार की स्थिति के बारे में जानकारी के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में माना जाता है क्योंकि यह यंगी ली, मरजुका दारुसमैन और क्रिस सिदोटी जैसे लोगों द्वारा चलाया जाता है, जो देश पर संयुक्त राष्ट्र के पूर्व विशेषज्ञ हैं।

एनएसी की प्रतिष्ठा के अलावा, दो संकेत हैं कि जनता तेजी से हताश महसूस कर रहा है - वह बर्बर, अंधाधुंध हिंसा जो इसने प्रतिरोध बलों के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में फैलाई है, और विपक्षी संगठनों में शामिल होने वालों के साथ जानलेवा व्यवहार। ततमादॉ विपक्षी क्षेत्रों पर बमबारी और गोलाबारी कर रहा है, और कथित तौर पर 100 गांवों को जला दिया है। अब तक देखे गए सबसे बुरे उदाहरणों में से एक 23 अक्टूबर, 2022 की रात को काचिन स्वतंत्रता संगठन की 62वीं वर्षगांठ के अवसर पर उत्तरी राज्य काचिन में एक समारोह पर हवाई हमला था। गायकों और कलाकारों सहित अस्सी लोग मारे गए।

प्रतिरोध आंदोलन में शामिल होने वाले लोगों के इलाज के लिए, उदाहरण के लिए एक 46 वर्षीय स्कूल शिक्षक सॉ तुन मो का मामला है, जो एक पत्नी और दो साल के बेटे के साथ है, जो जनता के मुखर आलोचक थे। 16 अक्टूबर, 2022 को गाइड के रूप में काम कर रहे सशस्त्र नागरिकों के साथ 80 तत्मादाव के सैनिकों के एक स्तंभ द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया था। अगले दिन उनका कटा हुआ सिर एक स्कूल के नुकीले गेट पर पाया गया था, जिसके सामने उनका क्षत-विक्षत शरीर पड़ा था।

हाल के अन्य उदाहरणों में एक पूर्व विधायक, विन माइन हलिंग का मामला शामिल है, जिसे 30 अक्टूबर, 2022 को मैगवे जिला अदालत ने म्यांमार के कठोर आतंकवाद विरोधी क़ानून के विभिन्न प्रावधानों के तहत कुल 148 साल की जेल की सजा सुनाई थी। जेल में 25 साल की पहले की सजा को गिनते हुए, उन्हें 173 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इसी अदालत ने 15 नवंबर, 2022 को आंग खांट ऊ को 203 साल कैद की सजा सुनाई थी। वंडविन के क्याव खेत को मौत की सजा के अलावा 225 साल की कैद की सजा दी गई थी, जबकि हनी माउंग को 95 साल की जेल और मौत की सजा सुनाई गई थी। इससे पहले, दाऊ आंग सान सू की के राजनीतिक दल, नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी के पूर्व विधायक, फ्यो ज़ेया थाव, प्रमुख लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता, क्यॉ मिन यू, और दो अन्य पुरुषों, हला मायो आंग और आंग थुरा ज़ॉ को मार डाला गया था, संभवत: सबसे अधिक 23 जुलाई, 2022 को यांगून की कुख्यात इनसीन जेल में फांसी दे दी गई।

5 मई, 2021 को एनयूजी की सैन्य शाखा के रूप में गठित पीपुल्स डिफेंस फोर्स, 6 जून, 2022 के द न्यूयॉर्क टाइम्स में रिचर्ड आर पैडॉक की एक रिपोर्ट के अनुसार, कुल 60,000 की ताकत थी। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, इसमें अब 250,000 से अधिक की ताकत वाली 300 बटालियन शामिल हैं। ज्वार इसके पक्ष में हो रहा है। हालांकि, अभी भी जमीन पर बड़ी लड़ाई जीतने के लिए आवश्यक हथियारों, कवच और वायु सेना की कमी है। क्या ततमादॉ से बढ़ती मरुस्थलीकरण उन्हें उसी तरह लाएगी, जिस तरह गति माओत्से तुंग, कुओमिन्तांग (कुओमिनतांग भी कहा जाता है) सैन्य अभियान के दौरान चीनी कम्युनिस्टों को हथियारों का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन गया, जिसने उन्हें सत्ता में लाया? उत्तर पर बहुत कुछ निर्भर करेगा।

## आप की बात

### सत्ता बनाम विपक्ष

**सत्ता** यानी विपक्ष की बड़ी बहन. विपक्ष को अपनी बड़ी बहन का आदर करना सीखना चाहिए, उसकी भावना को समझना चाहिए। माना की विपक्ष उसका छोटा भाई है परन्तु वो खोटा नहीं है। हां नटखट हो सकता है, लेकिन इतना भी उसे नटखट नहीं बनना चाहिए कि बड़ी बहन अपना बड़प्पन निभाते-निभाते क्रोधित हो जाए और उसे सीख देने के लिए न चाहकर भी सख्त कदम उठाने के लिए विवश हो जाए। यह तो राजनीति है, और दोनों ही राजनीति के ज्ञाता हैं। कभी भाई शासक बन जाए बहन सत्ता में आ जाए. भाई बहन का रिश्ता यदि बेहतर तरीके से निभाना है एवं उसे और अधिक प्रगाढ़ बनाना है तो विपक्ष को अपनी आदरणीय बड़ी बहन से इस वर्ष रक्षाबंधन को रक्षा सूत्र अपने हाथ में बंधवा लेना चाहिए, ताकि दोनों एक-दुसरे की रक्षा कर सकें वैमनस्यता खत्म हो और आपसी भाई-चारा बन सके। जिससे दोनों में एक-दूसरे के प्रति सहयोग भावना जन्म ले सके और दोनों मिलकर अपने-अपने काम को एक-दूसरे के सहयोग से आगे बढ़ा सकें। क्योंकि दोनों का पेशा जनसेवा और देशसेवा याने एक जैसा ही है। तब विचारों में भी भले ही प्रतिस्पर्धात्मक मतभेद हो जाएं किन्तु जनसेवा व देशसेवा के लिए मनभेद न उभरें।

- **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### सख्त प्रशासन

**उप्र** को अपराध मुक्त बनाने के लिये योगी सरकार ने माफियाओं और संगठित अपराधियो के खिलाफ बेहतरीन कार्य किया। लेकिन प्रदेश में सबसे ज्यादा विकास के नाम होने वाले भ्रष्टाचार पर जो ग्रामीण क्षेत्रों में होता है। महीनों जांच होती है। गड़बड़ी मिलने पर केवल नोटिस जारी होती है। लाखों रुपये के गड़बड़झालों की खबरे छपती हैं। लेकिन गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं होती। सरकार को ध्यान देना चाहिये। जिले से लेकर राजधानी तक अधिकारियों की फौज है। इनका उपयोग विकास कार्यो में हुई गड़बड़ी की जांच के लिये क्यों नही किया जाता? यदि गड़बड़ी हुई तो गड़बड़ी करने वालों से वसूली की जाए। जांच होने तक उन्हें निलंबित कर दें। विकास के नाम पर खर्च धन की निगरानी के लिये जवाबदेह तन्त्र बनाया जाए। जिससे विकास के नाम पर होने वाले भ्रष्टाचार पर रोक लगे। आमजनता उप्र के मुख्यमंत्री से सख्त, सजग, सक्रिय और जवाबदेह प्रशासनतन्त्र और अधिकारियों की टरकाऊ, लटकाउं और भटकाऊ कार्य शैली पर रोक लगाने की अपेक्षा करती है। जांच त्वरित और निदान भी निश्चित समय पर हो। ऐसी व्यवस्था बनाने की ओर सरकार को त्वरित ध्यान देना चाहिये।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### राहुल की यात्रा

**भाजपा** आज कल राहुल बाबा को शुद्ध रूप से देशभक्त हिंदू बनाने पर तुली है तभी तो वह बार-बार उन्हें छैड़ती रहती है,कभी धर्म के नाम पर तो कभी देश के नाम पर। इसीलिए अब राहुल बाबा जनेऊ भी पहनने लगे हैं एवं इन दिनों मंदिर-मंदिर भी जाने लगे हैं। राम- राम और जय श्री महाकाल भी रटने लगे हैं। अत: लगता है कि इन दोनों के बीच यह वार अब काफी लंबे समय तक चलती रहेगी। यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कहना है कि यह वही राहुल जी है जो भगवान के प्रति संदेहास्पद बातें करते थे एवं उनकी पार्टी एक समय राम के अस्तित्व तक को स्वीकार नहीं करती थी तथा राम मंदिर के बनने में अड़ंगा भी लगाती थी। वहीं राहुल गांधी जब अब जयश्री महाकाल एवं जय सीयाराम भी बोलने लगे हैं, अत: अब हम उनसे जय श्री कृष्ण और राधेकृष्ण भी बुलाएंगे। अब तो हम उन्हें धर्म एवं संस्कृति का पाठ भी अवश्य पढ़ाएंगे। अब उन्हें देश एवं संस्कृति को भी अवश्य पढ़ना चाहिए। लगता है इसी कारण देश को समझने के लिए वे देश की पैदल यात्रा करने के लिए भी निकले हैं।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भारत** के पास शांति, एकता, पर्यावरण व टिकाऊ विकास के प्रति दृष्टिकोण के बारे में सभी चुनौतियों के समाधान हैं।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**नाटो** चीन के पास तनाव को बढ़ावा दे रहा है जिससे रूस की सुरक्षा को खतरा है।

- **सर्जेई लावरोव**
रूसी विदेश मंत्री



**पूरे** साल मुझे केन्द्र से लगभग कुछ नहीं मिला। लेकिन क्या आपने मुझे इन जोकरों की तरह सड़कों पर चीखते-चिल्लाते देखा?

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# खेलों के विकास, खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को सरकार प्रतिबद्धः योगी

● मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप और उनके मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों के भरपूर प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए धन की कोई कमी नहीं है। खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश में बड़े पैमाने पर संसाधन मजबूत किए जा रहे हैं। ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ आदि प्रतियोगिताओं में पदक विजेता प्रदेश के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार राशि देने के साथ उनको राजपत्रित अधिकारी के रूप में नियुक्ति पत्र वितरण की प्रक्रिया प्रख्यापित है। खिलाड़ी शासन से मिल रही सुविधाओं और अपनी खेल भावना से प्रदेश में खेल के माहौल को और समृद्ध करें।

सीएम योगी रविवार को ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता के समापन-पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसके तहत हर गांव में खेल के मैदान व ओपन जिम विकसित किए जा रहे हैं। जिला स्तर पर स्टेडियम व मिनी स्टेडियम बने हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 77 स्टेडियम, 68 बहुउद्देश्यीय स्पोर्ट्स हाल, 39 तरणताल, 2 इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, 14 सिंथेटिक हॉकी मैदान, 36 जिम, 3 सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, 19 डोरमेट्री, 16 बास्केटबॉल स्टेडियम, 11 कुश्ती हाल, 11 वेटलिफ्टिंग हाल बनाए जा चुके हैं। तीन स्पोर्ट्स कॉलेज व 44 क्रीड़ा छात्रवासों के जरिये 16 प्रकार के खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का भत्ता 1000 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1994 से स्पोर्टस होस्टल के विभिन्न मदों की व्यय राशि को कभी बढाया नहीं गया था। इसे बढ़ाने के साथ ही खिलाड़ियों की डाइट मनी 250 रुपये से बढ़ाकर 375 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हों, इसके लिए 1.50 लाख रुपये के मानदेय पर 50 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को बतौर प्रशिक्षक आबद्ध किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि ओलंपिक, एशियन गेम्स, कामनवेल्थ में पदक विजेता प्रदेश के खिलाड़ियों को भारी पुरस्कार राशि दिए जाने की व्यवस्था की गई है। ओलंपिक एकल स्पर्धा में गोल्ड मेडलिस्ट को 6 करोड़, रजत पदक विजेता को 4 करोड़ तथा कांस्य पदक विजेता को 3 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। ओलंपिक की टीम स्पर्धा में यह राशि क्रमशः 3, 2 व 1 करोड़ होगी। एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता को 3 करोड़ए रजत पदक विजेता को 1.5 करोड़ तथा कांस्य पदक विजेता को 75 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

## अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में अगली बार दोगुनी होगी पुरस्कार राशि

महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि अगली बार इस प्रतियोगिता में पुरस्कार की धनराशि दोगुनी कर दी जाए। अभी इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को दो लाख, उपविजेता को एक लाख तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली दो टीमों को 50-50 हजार रुपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप दी जाती है। उन्होंने कहा कि माटी से जुड़े खेल कबड्डी को देश, प्रदेश व जनपद स्तर की लीग प्रतियोगिताओं में भी जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। यह उत्तर प्रदेश का गौरव है कि उसने कबड्डी में कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं जिन्होंने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से देश का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अमेठी व आगरा में कबड्डी के छात्रावास संचालित कर रही है। अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप नाविकों को खेल से जोड़ने के लिए इस क्षेत्र में जनवरी-फरवरी माह में नौका दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश में नई खेल नीति तैयार की जा रही है और उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय गेम्स भी आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत रोइंग प्रतियोगिता गोरखपुर के रामगढ़ताल में आयोजित होगी। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि इस क्षेत्र में स्पोर्ट्स सिटी बनाने के लिए जमीन की तलाश भी शुरू कर दी गई है।

# आम समाज को जागरूक करने में प्रबुद्धजन की बड़ी भूमिकाः सीएम



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर

● मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन को किया संबोधित

● गोरखपुर को पहले सिक्सलेन फ्लाईओवर समेत 950 करोड़ की चार परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आम समाज को जागरूक करने में प्रबुद्धजनों की बड़ी भूमिका होती है। आज यूपी व गोरखपुर विकास-सुशासन के जिस नित नए प्रतिमान को स्थापित कर रहा है उसमें प्रबुद्ध जनों द्वारा जनजागरण से जुड़ने की भूमिका का निर्वहन किया गया। उसी का परिणाम है कि देश में यूपी की छवि बदली है। यूपी बीमारू राज्य से हटकर विकसित राज्य की तरफ होते हुए नंबर एक अर्थव्यवस्था की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था को ग्रोथ इंजन के रूप में तैयार करता है तो आने वाले समय में नौकरी व रोजगार के लिए नौजवानों को दूसरे प्रदेश व देश में नहीं जाना पड़ेगा बल्कि वहां के लोगों को यहां आना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में प्रबुद्धजन सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बटन दबाकर 950 करोड़ की 4 बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। सीएम ने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा हमेशा आगे बढ़ाती है। इसी का परिणाम है कि सुशासन व बेहतर कानून व्यवस्था के जरिए निवेश, पर्यटन, आर्थिक समेत सभी क्षेत्र में विकास के लिए प्रदेश ने खुद को स्थापित किया है। गोरखपुर इसका उदाहरण है। गोरखपुर की छवि 10 साल पहले क्या थी। शासन से सदा उपेक्षित था। कानून व्यवस्था, गोरखपुर की छवि, जनता को मिलने वाली बिजली, सड़कें, कनेक्टिविटी की सुविधा ठीक नहीं थी। कोई यहां निवेश नहीं करना चाहता था। गोरखपुर के नाम से लोगों में भय होता था पर पांच साल में आपने गोरखपुर की बदली छवि को देखा है। अब गोरखपुर का नाम लेने से सम्मान का भाव प्रदर्शित होता है। इसे बनाए और बरकरार रखने, अभिवृद्धि करने का दायित्व हर नागरिक पर है। मेरा नगर, कस्बा, गांव, प्रदेश व देश इस सम्मान के लिए सदैव लोगों की जुबान पर रहे। सीएम ने कहा कि 1990 में यहां खाद कारखाना बंद हो गया था। पूर्वी उप्र का एकमात्र बीआरडी मेडिकल कॉलेज को विपक्षी सरकार कबका यहां से हटवा दी होती। डबल इंजन की सरकार में अब गोरखपुर में न सिर्फ कारखाना चल चुका है बल्कि 105 फीसदी उर्वरक उत्पादन से भी जुड़ा है। पीएम के विजनरी नेतृत्व में कमोबेश रसायन की पूर्ति भी की जा रही। पिछली सरकारों में बंद पड़े उर्वरक कारखानों को फिर से चलाया गया। आज मेडिकल कॉलेज की तस्वीर बदल चुकी है। मेडिकल कॉलेज के साथ एम्स ने भी बेहतरीन तरीके से सेवाएं देना प्रारंभ कर दिया। शिक्षा के बेहतरीन हब के रूप में गोरखपुर स्थापित हो रहा है। सीएम ने कहा कि रामगढ़ताल में रवि किशन सांसद जैसे अभिनेताओं के लिए शूटिंग के बेहतर केंद्र बन गए हैं। मुंबई से यहां पूरी यूनिट को लाकर अन्य कई भाषाओं की फिल्म की भी शूटिंग हो रही है। पिछले दिनों मलयालम भाषा के निर्देशक मिले थे। वे गोरखपुर आकर शूटिंग करने के साथ स्थानीय कलाकारों को मौका व रोजगार दे रहे हैं। गोरखपुर को फिल्म सिटी व पर्यटन के रूप में विकसित करने में योगदान दे रहे हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर ने कहा कि प्रबुद्धजन गोरखपुर को सकारात्मक ऊर्जा के साथ और तेजी से बढ़ाएं। प्रबुद्धजन नहीं होते तो हम गोरखपुर में सफल नहीं हो पाते। 25 वर्षों में विकासए कानून व्यवस्था समेत किसी भी मुद्दे पर जब हमने आंदोलन किया तो प्रबुद्धजन व हर नागरिक खड़ा हुआ। हमें और अच्छे मॉडल खड़े करने होंगे। हमें नौजवानों, शिक्षा केंद्रों, किसानों को जोड़कर नयापन करना होगा। हर फील्ड में आप नया करते हैं तो वह मॉडल बनेगा। पूर्वी उप्र, बिहार व नेपाल का बड़ा भूभाग विकास के लिए गोरखपुर की तरह देखता है।

# गीता से मिलती है निष्काम कर्म की प्रेरणाः मुख्यमंत्री

● गीता प्रेस में गीता जयंती समारोह आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर, लखनऊ

**मानवीय** जीवन की व्यवस्था में गीता वह पावन ग्रन्थ है जिससे क्षेत्र, भाषा, जाति, मत, मजहब से परे सभी लोगों को निष्काम कर्म की प्रेरणा मिलती है। दुनिया में अनेक ग्रन्थ रचे गए लेकिन गीता युद्धक्षेत्र में भगवान के श्रीमुख से रचित वह ग्रन्थ है जो देश, काल, परिस्थितियों से ऊपर उठकर चराचर जगत के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। यह आने वाली पीढ़ी के लिए अमर वाक्य बनकर प्रेरणा देने का सार्वभौमिक ग्रंथ है।

रविवार शाम गीता प्रेस में आयोजित गीता जयंती समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर व्यक्ति अपनी प्रकृति के अनुरूप गीता के मंत्रों को अंगीकार करता है। पर वास्तव में गीता से हमें यह प्रेरणा प्राप्त होती है कि सभी समस्याओं का समाधान निष्काम कर्म करने से ही संभव है। यदि हम अपना काम स्वयं न करके या किए गए कार्य से अधिक की अपेक्षा करेंगे तो किसी न किसी दूसरे के हक पर डकैती होगी। भगवान ने गीता की रचना सिर्फ अर्जुन के द्वंद्व को समाप्त करने के लिए ही नहीं बल्कि समूची मानवता को कर्तव्य पथ पर चलने की प्रेरणा देने के लिए की थी। कारणए अर्जुन जैसी स्थिति सामान्य मनुष्य की भी होती है। पांच हजार वर्ष पहले कुरुक्षेत्र में गीता के रूप में भगवान के श्रीमुख से दिव्य वाणी का प्रकटीकरण हुआ था तब वर्तमान आधुनिक सभ्यताओं का अस्तित्व भी नहीं था। सीएम योगी ने कहा कि निष्काम कर्तव्य के प्रति आग्रही होना वास्तव में भगवान का काम करने के समान है। यदि हम निष्काम कर्म की प्रेरणा से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने लगे तो दुनिया की सभी समस्याओं का समाधान अपने आप ही होता दिखाई देगा।

## शताब्दी वर्ष में 100 करोड़ धार्मिक साहित्य का लक्ष्य रखे गीता प्रेस

मुख्यमंत्री ने गीता व अन्य धार्मिक साहित्य के प्रकाशन के लिए गीता प्रेस के संस्थापक सेठ जी जयदयाल गोयनका, कल्याण पत्रिका के आदि संपादक भाई जी हनुमान प्रसाद पोद्दार का भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि सेठ जी ने 100 वर्ष पूर्व गीता प्रेस की स्थापना कर धार्मिक साहित्य के क्षेत्र में अद्भुत व अनुकरणीय मानक स्थापित किए। वहीं जन जन तक कल्याण पत्रिका के जरिये सनातन संस्कृति का संवर्धन करने वाले भाई जी हनुमान प्रसाद पोद्दार मानवीय रूप में दिव्य पुरुष थे। उन्होंने कहा कि विश्व भर में रहने वाले सनातन धर्मावलंबियों के लिए गीताए गीता प्रेस और यहां से प्रकाशित होने वाला धार्मिक साहित्य आस्था का विराट केंद्र है। मुख्यमंत्री ने गीता प्रेस प्रबंधन का आह्वान किया कि वह शताब्दी वर्ष समारोह में 100 करोड़ धार्मिक साहित्य छापने का लक्ष्य रखे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने चित्रमय सुंदरकांड का विमोचन भी किया और समस्त जनमानस को पावन गीता जयंती की शुभकामनाएं दीं।

# दबंगों को सिखाओ सबक, गरीबों के बनवाओ मकान

● मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में दो सौ फरियादियों की सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को करारा सबक सिखाया जाए। साथ ही गरीबों और जरूरतमंदों के मकान बनवाए जाएं। अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

सीएम योगी में ये निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर में आहूत जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब दो सौ लोगों की फरियाद सुनी। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला को मकान उपलब्ध कराया जाए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार वाले फरियादियों को सीएम ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आए बच्चों को दुलारते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

# कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा जनवरी 2023 के पहले हफ्ते में यूपी में करेगी प्रवेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● यूपी के सभी 75 जनपदों में प्रादेशिक भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम घोषित

**कांग्रेस** प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा को लेकर समूचे उत्तर प्रदेश में अपनी राजनैतिक पृष्ठभूमि को मजबूत करना चाहती है। आगामी नववर्ष जनवरी 2023 के पहले हफ्ते में 'भारत जोड़ो यात्रा' उत्तर प्रदेश के अंदर प्रवेश करने जा रही है। लगभग 5 दिनों तक उत्तर प्रदेश में चलने वाली भारत जोड़ों यात्रा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नोएडा, ग्रेटर नोएडा और बुलंदशहर आसपास के जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों से होते हुए हरियाणा में प्रवेश करेगी। यात्रा में सहयात्री के रूप में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश में रहने वाले विभिन्न वर्गों और संप्रदाय के लोगों के बीच इस पद यात्रा को लेकर काफी उत्साह देखा गया। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में लोगों के उत्साह को देखते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी आदरणीय प्रियंका गांधी और प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में प्रादेशिक भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है। कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व उत्तर प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के जरिए जगह . जगह लोगों को आमंत्रण पत्र देकर वैचारिक और मनोवैज्ञानिक तौर से यात्रा के उद्धेश्य से जोड़ना चाहता है। खासतौर से उत्तर प्रदेश में ष्भारत जोड़ों यात्राष् के अभूतपूर्व स्वागत को ध्यान में रखकर प्रभारी सभी राष्ट्रीय सचिव, प्रदेश अध्यक्ष व प्रांतीय अध्यक्षगणों को विशेष रोड मैप के साथ जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री श्रीवास्तव ने मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा आरएसएस भाई से भाई को लड़ाकर समाज में धर्म व सम्प्रदाय के आधार पर नफरत का बीज बोकर राज करना चाहती है।

# समाजवादी पार्टी अंदर खाने भाजपा से मिली हुई हैः खाबरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रामपुर** के उपचुनाव के दौरान सपा मुखिया अखिलेश यादव के इस बयान पर कि 'मेरी सरकार में योगी जी की फाइल आई थी, परंतु हमने कठोरता नही दिखाई' इस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने अखिलेश यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इससे तो साफ साबित होता है कि अंदर खाने में समाजवादी पार्टी लगातार बीजेपी के साथ मिली हुईं हैं और मददगार है। श्री खाबरी ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को याद दिलाया कि आज उत्तर प्रदेश में भय, नफरत और बंटवारे की जो राजनीति है। उसके लिए भारतीय जनता पार्टी की पिच को मजबूत करने का काम समाजवादी पार्टी ने हमेशा किया है।

श्री खाबरी ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को याद दिलाते हुए कहा की जब वह सरकार में थे।तब उन्हें भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल आपराधिक चरित्र और प्रोफाइल के नेताओं के साथ कड़ाई से कानून का अनुपालन कराना चाहिए था। श्री खाबरी ने कहा कि समूचे उत्तर प्रदेश के दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों ने देखा है कि समाजवादी पार्टी सरकार में बीजेपी द्वारा नफरत विघटन बंटवारे की साजिशों पर सपा मूकदर्शक बनकर ध्रुवीकरण की राजनीति का लाभ लेती रही। जिससे उत्तर प्रदेश का विकास और सामाजिक ताना.बाना लगातार बिगड़ता गया।

## आरक्षण विधेयक पारित कराने को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ सरकार को दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने 76 प्रतिशत आरक्षण विधेयक को पारित कराने के लिए कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बधाई दी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बृज लाल खाबरी इसे लोकतंत्र में विश्वास और बराबरी का उत्सव बताते हुए कहा कि इस विधेयक के पारित होने के बाद छत्तीसगढ़ के विकास में यहां के आदिवासी 32 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग 27प्रतिशत, अनु जाति 13 प्रतिशत और गरीब सवर्ण को 4 प्रतिशत न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष श्री खाबरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने इस निर्णय से नेहरू के लोकतांत्रिक समाजवाद को मजबूती प्रदान किया हैं। महात्मा गांधी जी ने अंतिम व्यक्ति कोए जो अधिकार व सामाजिक न्याय प्रदान करने की नीतियों का बीज मंत्र दिया था एउसे छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जमीन पर उतार दिया है। इस क्रांतिकारी परिवर्तनकारी कदम से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सामाजिक लोकतंत्र को निश्चित तौर से मजबूती मिली है।

# सभी नगरीय निकायों में 12 दिसंबर तक चलेगा 'नगर सुशोभन अभियान'



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सभी के सहयोग से निकाय एवं शहरों में गंदगी के कोढ़ को समाप्त किया जा सका हैः एके शर्मा

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सभी नगरीय निकायों में 5 दिसंबर से 12 दिसंबर तक एक सप्ताह का 'नगर सुशोभन अभियान' चलाया जाएगा। इस दौरान साफ-सुथरा बनाए गए सभी कूड़ा स्थलों को सजाया जाएगा। ऐसे स्थलों का सुंदरीकरण किया जाएगा, जिससे कि फिर से यह कूड़ा स्थलों के रूप में परिवर्तित न हो सके। उन्होंने कहा कि विगत 01 दिसंबर को 75 घंटे का 75 जिलों में कूड़ा स्थलों की सफाई का महा अभियान चलाया गया। रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे इस अभियान के अनवरत सफाई के 75 घंटे पूरे हुए। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने रविवार अपराह्न 12. 30 बजे जल निगम के फील्ड हॉस्टल संगम में नगर विकास के सभी अधिकारियों के साथ वर्चुअल संवाद कर प्रदेश में स्वच्छता के लिए चलाए गए 75 जिला, 75 घंटे, 750 निकाय अभियान का समापन किया और निर्देश दिए कि 5 दिसंबर से 01 सप्ताह का 'नगर सुशोभन अभियान' पूरे प्रदेश में चलाया जाए। इसके तहत अभी तक साफ किए गए सभी कूड़ा स्थलों को सुंदर बनाया जाएगा, जिससे कि यह कूड़ा स्थल फिर से कूड़ा एवं गंदगी का रूप न ले सके। उन्होंने 75 घंटे सफाई अभियान की ऐतिहासिक सफलता पर सभी सहयोगियों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों एवं आमजन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही छोटे बड़े निकाय एवं शहरों में स्थाई रूप ले चुके गंदगी के कोढ़ को समाप्त किया जा सका है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सफाई निरंतर चलने वाला कार्य है। इस सफ़ाई को सभी के सहयोग से बनाए रखना है। एके शर्मा ने कहा कि विगत 07 माह से प्रदेश में साफ किए गए ऐसे सभी जगहों, स्थानों की साफ -सफाई स्थाई, टिकाऊ एवं पूर्णकालिक बनाने के लिए इन स्थानों पर पौधरोपण कराया जाए, पार्क व बगीचा बनाए जाय, बच्चों के लिए खेलकूद का स्थान बनाया जाए। वहां पर रंगोली बनाई जाए, गमले लगाया जाए, फूलों के पौधे लगाए जाएं, दीवालो की रंगाई पुताई, पेंटिंग कराई जाए। सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएं। इन सभी कार्यों में स्थानीय शैक्षणिक संस्थाओं, आर्ट्स के बच्चों, सामाजिक संगठनों एवं एनजीओ का भी सहयोग लिया जाय।

# सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को दिया ज्ञापन

● सपा समर्थक मतदाताओं को रोकने की हो रही साजिशः राजेन्द्र चौधरी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली को ज्ञापन देकर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी एवं रविदास मेहरोत्रा विधायक ने आरोप लगाया है कि समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं का मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में उत्पीड़न, बल प्रयोग और हिरासत में लेकर मतदान से रोकने की बड़ी साजिश की जा रही है। ज्ञापन में मांग की गई है कि समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओंए समर्थकों और शुभचिंतको की बहुलता वाले क्षेत्रों के मतदान स्थलों बूथों को संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेणी से मुक्त कर दिया जाए व समस्त मतदेय स्थलों की वेबकास्टिंग कालिंग चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी और मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराया जाए, जिससे कि मतदान के समय मतदेय स्थलों पर होने वाली घटनाओं और गड़बड़ियों की जानकारी उन्हें भी प्राप्त हो सके तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सके। राजेन्द्र चौधरी एवं रविदास मेहरोत्रा विधायक ने कहा है कि मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में भाजपा मतदाताओं को अराजकतत्व बताने पर तुली हुई है। विपक्षी दलों के नेताओं, समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करके लोकतंत्र का गला घोंट रही है जो कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की परिधि में हैए ऐसे लोगों को चिन्हित करके उनके विरुद्ध आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज की जाए। समाजवादी प्रतिनिधिमंडल में केके श्रीवास्तव, राम सागर यादव, डॉ. हरिश्चन्द्र एवं राधेश्याम शामिल थे।

# सपा मुख्यालय में मनाई गई स्वामी ब्रह्मानंद की जयंती



**लखनऊ।** स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद स्वामी ब्रह्मानंद की 128वीं जयंती रविवार को समाजवादी पार्टी मुख्यालय में सादगी से मनाई गई। स्वामी ब्रह्मानंद के चित्र पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की तरफ से राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने माल्यार्पण कर उन्हें महान समाज सुधारक और शिक्षाविद बताते हुए नमन किया। स्वामी ब्रह्मानंद का ग्राम बरहेरा ब्लाक सरीला, राठ में जन्म हुआ था। उनका घर का नाम शिव दयाल था। प्रारंभ से ही वे परोपकारी थे और सामाजिक संकीर्णताओं के खिलाफ रहते थे। बुंदेलखंड जैसे पिछड़े इलाके में उन्होंने शिक्षा की ज्योति जलाई। राठ में उनके नाम से एक महाविद्यालय भी चल रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राम प्रकाश प्रजापति पूर्व प्रत्याशी हमीरपुर कामता राजपूत, राजेश राजपूत, चंद्रकांता राजपूत, राम सागर यादव, परशुराम प्रजापति पूर्व प्रधान हमीरपुर नीरज कश्यप, वीरबहादुर सिंह, अजय प्रताप बिन्नू, सुरेश रावत पार्षद आदि ने भी पुष्पांजलि दी।

# शहर के 10 स्थानों से कूड़ा उठा, बनाए गए सेल्फी प्वाइंट

**● नगर पालिका प्रशासन ने कराया सौन्दर्यीकरण, पार्क और खेल का मैदान बनाने की है तैयारी, चिन्हित स्थानों पर किया जाएगा पौधरोपण**

संवाददाता। सीतापुर

**शहरों में** शुरू की गई स्वाच्छता के लिए नई पहल के क्रम में सीतापुर शहर के चिन्हित स्थानों से कूड़ा हटाकर उन्हें सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। नगर पालिका परिषद सीतापुर द्वारा लगातार 75 घंटों तक चले सफाई अभियान में शहर के 10 स्थानों से कूड़ा उठाने के साथ आप जनमानस से अपील की गई कि इन स्थानों पर अब कूड़ा न डाले। जिन स्थानों की सफाई कर उन्हें आकर्षक बनाया गया है। वहां भविष्य में पौधरोपड़ के साथ पार्क खेल का मैदान आदि बनाये जाने की तैयारी नगर पालिका सीतापुर की तरफ से की गई है। पहली दिसम्बर से शुरू हुए इस सफाई अभियान के 75 घंटे तो शनिवार को ही पूरे हो गए थे। लेकिन नगर पालिका की तरफ से रविवार को भी विशेष सफाई का अभियान जारी रखा गया। शहर में तरणताल, हॉण्डा ऐजेन्सी के पास, पीडब्लूडी आफिस के पास, वैदेही वाटिका के पास, चांदी हनुमान मंदिर के पास, अकबर टेलर की दुकान के पास, आसू धर्मकांटा के पास आदि चिन्हित प्वाइंटों से कूड़ा हटवाया गया। लगातार सफाई कार्य में योगदान देने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण जानकारी देते हुए। बता दें कि उत्तर प्रदेश में नया स्वाच्छता अभियान 75 घंटों तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में चलाया गया। जिसमें जनपद सीतापुर भी शामिल रहा। प्रतिबद्ध नामक विशेष सफाई अभियान के अन्तर्गत वह स्थान चिन्हित किए गए खासतौर पर कूड़ा एकत्र किया जाता था। उन चिन्हित स्थानों से कूड़ा कचरा उठान के बाद उनका सौर्न्यीकरण कराया गया। अब इन स्थानों को सेल्फी प्वाइंट के रूप् में नई पहचान मिलेगी।

# अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर हुईं खेल प्रतियोगिताएं

**● सराही गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सम्पन्न कराई 28 प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**

**सीतापुर।** अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर दिव्यांगों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में दिव्यागजनों ने मनोहारी प्रदर्शन किया। दिव्यांगों की इस प्रदर्शन को काफी सराहा गया। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में मुख्य अतिथि बीएसए अजीत कुमार ने प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया। मंदबुद्धि बालकों के बीच 50 मीटर की केला दौड़ प्रतियोगिता हुई जिसमें सिधौली के अनीस और रेहान को प्रथम और दूसरा स्थान मिला। अस्थि दिव्यांग बालकों की दौड़ में लहरपुर के अनुज कुमार, हरगांव के परवेज और बिसवां के फजल विजयी रहे। इसी तरह 28 खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न कराई गईं। सभी विजयी प्रतिभागियों को मेडल व पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। खेल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में खण्ड शिक्षाधिकारी रमाकांत मौर्य, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा प्रमोद कुमार गुप्ता, सहयोगी साइटसेवर्स इंडिया को जिला प्रोजेक्ट समन्वयक आराधना सिंह भदौरिया, जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा अपूर्व दीक्षित, मनीष पाण्डेय, रविन्द्र दीक्षित, सुरेन्द्र गुप्ता, खुश्तरर्रहमान, आराध्य शुक्ल, नवीन श्रीवास्तव, पवन सिंह, राकेश सिंह सहित सभी स्पेशल एजुकेटर व सहयोगी मौजूद है।

## दीवार को लेकर हुई मारपीट कई कई घायल

**बरेली।** दो पक्षों के बीच दीवार को लेकर हुए झगड़े के बाद एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिससे कई लोग घायल हो गए उन्हें पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया और फिर जिला अस्पताल लाया। भोजीपुरा थाने के गांव जानमपुर निवासी अफ्शोज उसके बेटे फिरोज, अरशद, फरीद और बड़े भाई फरजंद अली को बीती रात घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां अफ्शोज ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले गुलाब शाह की दीवार काफी जर्जर हालत में उसने 2 दिन पहले गुलाब शाह से दीवार को गिरा कर ठीक बनवाने के लिए कहा था ताकि उसके गिरने पर किसी को चोट ना लगे जिससे नाराज गुलाब शाह उसे गालियां देने लगा और विरोध करने पर उसने अपने बेटे अरमान फारुख, वसीम की मदद से उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया बचाने पहुंचे उसके बेटों और बड़े भाई से भी मारपीट की गई।

## क्विक न्यूज

### पंडित केके शंखधार को मिली जान से मारने की धमकी एसएसपी से की सुरक्षा की मांग

**बरेली।** महीनाथ अगस्त मुनि आश्रम सामने रहने वाले पंडित के के शंखधार जो शादी विवाह अनुष्ठान शुद्धिकरण आदि कराते रहते हैं उनके लिए फोन पर जान से मारने और सर कलम करने की धमकी मिली है। उन्होंने एसएसपी से सुरक्षा की मांग की है। बताते चले कि शंखधार पुत्र स्वर्गीय गंगाशरण शर्मा थाना सुभाष नगर क्षेत्र के श्री अगस्त मुनि आश्रम बड़ी शाखा महीनाथ हनुमान गढ़ी मंदिर के सामने के निवासी है। पंडित केके शंखधार ने बताया श्री अगस्त्य मुनि आश्रम में धर्माचार्य एवं धर्मगुरू महन्त के रूप में कार्य करते है तथा हिन्दू धर्म का प्रचार प्रसार करते है एवं धर्म से सम्बन्धित सभी कृत्य जैसे शादी विवाह अनुष्ठान, शुद्धिकरण आदि प्रार्थी द्वारा किये जाते है। इस क्रम में कई बार कुछ उग्र विधर्मी लोग अनायास ही षडयंत्र के तहत व अनजाने में प्रार्थी को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करते रहते है। फोन पर कई बार अज्ञात लोगों द्वारा जान से मारने और सर कलम करने की धमकियां मिली है। पंडित के के शंखधार ने शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंचकर एक शिकायती पत्र दिया है और न्याय की मांग की है।

### मां के डांटने पर छात्रा ने जहर खाकर जान दी

**बरेली।** मां के डांटने पर कक्षा नौ की छात्रा ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हाफिज गंज थाने के गांव तिगरा निवासी वीरेंद्र सिंह की 14 वर्षीय बेटी गुनगुन को आज सुबह जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया अस्पताल में मौजूद मृतका के परिजनों ने बताया कि गुनगुन कक्षा नौ की छात्रा थी और आज सुबह उसकी मां बबली ने किसी बात पर उसको जमकर डांट लगा दी जिससे गुस्साई गुनगुन ने कुछ देर बाद ही घर में रखा कीटनाशक पी लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी पता चलने पर घरवाले उसे पहले स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए और फिर हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल लाए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत के बाद लगाया हत्या का आरोप

**बरेली।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पति और सास को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। कस्बा व थाना देवरिया निवासी आकाश की 22 वर्षीय पत्नी विनीता देवी की कल शाम घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के ताऊ महेंद्र पाल ने बताया कि नवाबगंज के गांव बरौर निवासी केशव बाबू ने अपनी बेटी विनीता का विवाह इसी साल 7 मई को आकाश से किया था विवाह में 100000 रुपए नकद की मांग पूरी ना होने पर पति और ससुराल पक्षों लोग विनीता के साथ अक्सर मारपीट करते थे और कल शाम को उन्होंने उसके साथ जमकर मारपीट की जिससे विनीता की मौत हो गई लेकिन घटना की जानकारी मायके वालों को नहीं दी गई पड़ोस में रहने वाले कुछ रिश्तेदारों ने विनीता के मायके वालों को घटना की जानकारी दी जो मौके पर पहुंचे विनीता की लाश घर में ही तख्त पर मिली घटना की शिकायत पुलिस से की गई तब पुलिस ने मृतका की सास और पति को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से विवाहिता की मौत

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थिति में फांसी लगने से विवाहिता की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। भुता थाना क्षेत्र के गांव मटका पुर निवासी 28 वर्षीय सुमित्रा पत्नी लोकेश की बीती रात घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद पीलीभीत के जहानाबाद थाने के गांव शाही निवासी मदन प्रसाद ने बताया कि सुमित्रा का विवाह लगभग साढे 3 वर्ष पूर्व लोकेश से हुआ था जो अक्सर दहेज कम लाने की बात कहकर सुमित्रा को प्रताड़ित करता था कल शाम को यह सुमित्रा की गर्दन में रस्सी बांधकर फांसी लगा दी जिससे उसकी मौत हो गई पड़ोसियों ने घटना की जानकारी मायके वालों को दी जब वह मायके वाले मौके पर पहुंचे तो उन्हें सुमित्रा की नाज बिस्तर पर मिली और उसकी गर्दन में प्लास्टिक की रस्सी बंधी हुई थी मायके वालों ने घटना की शिकायत पुलिस से की मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।

# छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य के लिए अड्डा कोचिंग 24/7 की ब्रांच का हुआ शुभारंभ



**बरेली।** अड्डा कोचिंग 24/7 की ब्रांच का शुभारंभ अयूब खा चोपला मार्ग के मध्य मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व मंत्री एवं सांसद संतोष कुमार गंगवार विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ अरुण कुमार के बड़े भाई अनिल कुमार एडवोकेट कैंट विधायक संजीव अग्रवाल बरेली शहर के महापौर डॉ उमेश गौतम , भाजपा महानगर अध्यक्ष के एम अरोड़ा नामित पार्षद पूनम गौतम महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष नीलम जेठा महानगर महामंत्री अधीर सक्सेना , भाजपा नेता वीरू भाई साहब व्यापार मंडल के विशाल मल्होत्रा की उपस्थिति में हुआ।अड्डा कोचिंग के फाउंडर मेंबर आशीष गौतम द्वारा सभी अतिथियों का बुके एवं माला पहनाकर शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर महानुभावों का आभार प्रकट किया ।कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ कोचिंग सेंटर के शुभारंभ में बच्चों एवं मातृशक्ति ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पूर्व मंत्री एवं सांसद संतोष कुमार गंगवार ने कोचिंग के प्रबंधकों को शुभकामनाएं एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।कोचिंग सेंटर के आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय कार्य समिति सदस्य सुरेश जी भाई साहब एवं महानगर प्रचारक एक मयंक साधु जॉइन आर एस एस प्रमुख डॉक्टर अतुल शर्मा पशुपति नगर के नगर कारवां पुनीत आदरणीय शशिकांत गौतम अभिषेक शर्मा शलभ शर्मा नामित पार्षद पूनम गौतम ने कोचिंग के प्रबंधको एवं बच्चों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। कोचिंग के प्रबंधक आशीष गौतम शुभम श्रीवास्तव तेजाजी एवं संतोष कुमार ने शुभारंभ के अवसर पर आए हुए महानुभावों का हृदय से आभार प्रकट किया साथ ही इस आयोजन में पूर्ण सहयोग देने के लिए पार्षद पूनम गौतम पत्नी शशिकांत गौतम का हृदय से आभार प्रकट किया।

## कांग्रेस छोड़कर शिरोज सैफ कुरैशी पूर्व पार्षद प्रत्याशी व दर्जनों साथियों के साथ थामा सपा का हाथ

**बरेली।** रविवार को समाजवादी पार्टी की नीति रीति से प्रभावित होकर लगातार समाजवादी पार्टी से जनता जुड़ती जा रही है। इसी क्रम में आज कांग्रेस से आजमनगर से पिछला पार्षद चुनाव लड़े हुए कांग्रेस महानगर महासचिव शिरोज सैफ कुरैशी ने एवं पूर्व पार्षद प्रत्याशी शांति विहार विकास सक्सेना ,दीपक सक्सेना अपने दर्जनों साथियों के साथ निवर्तमान महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी से निवर्तमान जिला अध्यक्ष शिव चरन कश्यप की उपस्थिति में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष शिव चरन कश्यप एवं निवर्तमान महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने सभी का स्वागत किया,और पार्टी की रीति नीति का प्रचार करने को कहा,एवं आशा की की आगामी निकाय चुनाव में सभी युवा साथी मिलकर गली गली हर वार्ड में सपा का परचम लहराने का काम करेंगे।

# राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर में आयोजित हुई विज्ञान प्रदर्शनी

**● जनपद सीतापुर के कई कॉलेजों के छात्रों ने प्रस्तुत किए मॉडल**

संवाददाता। सीतापुर

**राजकीय इंटर** कॉलेज सीतापुर में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडलों को खूब सराहा गया। जूनियर वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर प्रथम, गौरी बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीतापुर द्वितीय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय टप्पा खजुरिया सीतापुर तृतीय स्थान पर रहा। इसके अलावा आर.आर.डी. इंटर कॉलेज सीतापुर, स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज खैराबाद, आर्य कन्या इंटर कॉलेज सीतापुर, कॉल्विन इंटर कॉलेज महमूदाबाद, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नेरी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। जबकि सीनियर वर्ग में गांधी इंटर कॉलेज सिधौली, राजकीय इंटर कॉलेज सीतपुर द्वितीय, हिन्दू कन्या पाठशाला सीतापुर तृतीय स्थान पर रहा। काल्विन इंटर कॉलेज महमूदाबाद, स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज खैराबाद, आरबीएसबी कॉलेज कमलापुर, जेएलएमडीजे खैराबाद, डीपी वर्मा मेमोरियल सीतापुर को सांत्वना पुरस्कार पाकर संतोष करना पड़ा। विज्ञान प्रदर्शनी में आरआरडी इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मिश्रिख, नागेन्द्र इंटर कॉलेज, यूनिवर्सल पब्लिक हाई स्कूल सिधौली, श्री गांधी इंटर कॉलेज सिधौली, आरबीएसबी इंटर कॉलेज कमलापुर, एचकेएम सीतापुर, कृषक इंटर कॉलेज महोली, जेएलएमडीजे इंटर कॉलेज खैराबाद, जीआईसी इंटर कॉलेज सीतापुर, स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज सीतापुर, सेक्रेडहार्ट इंटर कॉलेज सीतापुर, सुमित कन्या इंटर कॉलेज, गौरी बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीतापुर सहित कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर छत्रपाल यादव, रामसनेही, अनिल कुमार सिंह, नरेन्द्र कुमार, रश्मि सिरोही सहित तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# ट्राली की टक्कर से साइकिल सवार की हुई दर्दनाक मौत



**ढखेरवा खीरी।** डबल ट्राली जोड़कर तेज गति से गन्ना लेकर जा रहे ट्रेक्टर ने साइकिल सवार को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिये जिला मुख्यालय भेजा है। रविवार सुबह गौरिया के चमारन पुरवा निवासी सोबरन गौतम साइकिल द्वारा अपने घर से बनिगवां जा रहा थे। गौरिया से बनिगवां मार्ग पर मोहबतियाबेहड़ के पूर्व प्रधान श्रवण वर्मा अपने ट्रेक्टर में दो चौपहिया ट्रालियों में गन्ना भरकर तेज गति से आ रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच सोबरन साइकिल समेत ट्राली के नीचे आ गया और बुरी तरह घायल हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना की खबर मिलते ही राहगीर जमा हो गये और पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके की नजाकत देख ट्रेक्टर चालक श्रवण वर्मा वहां से भाग निकला। मौके पर पहुंचे कोतवाल चन्द्रभान सिंह व ढखेरवा चौकी पुलिस ने ट्रेक्टर को कब्जे में लेकर शव को पीएम के लिये जिला मुख्यालय भेजा है।

## सीबीएसई बोर्ड प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जनपद के होनहार छात्रों ने सिल्वर व गोल्ड मेडल जीता

**संतकबीरनगर।** सीबीएसई की स्पोर्ट इकाई द्वारा प्रयागराज में आयोजित प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सूर्या इण्टरनेशनल एकेडमी के छात्रों ने प्रतिभाग कर जीत हासिल की है। जीत हासिल करने के बाद एकेडमी पर पहुंचे छात्रों का प्रबंधतंत्र ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। छात्र प्रियांशु कुमार ने भाला क्षेपण में गोल्ड मेडल और छात्र विकास यादव ने ऊँची कूद प्रतियोगिता में प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल करके अपने संस्थान को सिल्वर मेडल के गौरव से सुशोभित किया। वहीं खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र अमित यादव ने प्रतिभाग किया है। एकेडमी के प्रबंधक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी और प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने तीनों छात्रों को सम्मानित करके उनका हौसला बढ़ाया है। उन्होने कहा कि सीबीएससी बोर्ड द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में दोनों छात्रों ने विद्यालय परिवार का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सीबीएससी बोर्ड द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में दोनों छात्रों ने विद्यालय परिवार का मान बढ़ाया है जिसके लिए उनको सम्मानित किया गया है।

# मिल न चलने से नाराज किसानों ने किया जीएम का घेराव

संवाददाता। बेलरायां-खीरी



**दस दिन** हो चुके हैं किसान अपने संसाधनों से गन्ना लिए मिल में खड़ा है और मिल चलने का नाम नहीं ले रही है जिससे नाराज किसानों ने आज जीएम वैभव मिश्रा का घेराव किया जीएम ने नाराज किसानों को समझाते हुए मिल चलाने को एक दिन का और समय मांगा एक दिन का समय देते हुए किसान शांत हुए।

सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां की दुर्दशा देखकर यूं तो पहले से ही किसान काफी आहत थे 25 नवम्बर को मिल चली लेकिन कुछ घण्टे चलने के बाद बंद हो गई दस दिन हो चुके हैं बायलर में प्रेशर नही उठ रहा जिससे मिल चल नही पा रही है आखिर किसान कितने दिन सयंम बरतेगा छः माह तक करोड़ों की लागत से रिपेयरिंग होने के बाद छः घण्टे भी मिल नही चल पाई टिसानों का अक्रोश बीती रात और बढ गया। हुआ यह चीनी मिल में लगी जाम से आजीज हो कर रविवार की रात एक दर्जन किसान चीनी मिल के अंदर जीवन से वार्ता करने पहुंच गए लेकिन जीएम के अड़ियल रवैया के चलते जीएम ने उनकी एक भी बात नहीं सुनी और अपने गार्डों से उन्हें धक्का लगवा कर बाहर निकलवा दिया। जिससे आक्रोशित किसान सुबह चीनी मिल का घेराव करना चाहते थे। और सैकड़ों की तादाद में सुबह चीनी मिल पहुंच गए ।किसानों की अगुवाई कर रहे मिल के पूर्व उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह ने जीएम वैभव मिश्रा से दो टूक लहजे में कहा कि जीएम साहब आप मिल चलाइए किसान वरना आप जाइए वहीं जीएम वैभव मिश्रा ने एक दिन का समय मांगते हुए कहा कि कुछ टेक्निकल फाल्ट है जिससे बायलर प्रेशर नही उठा रहा इंजीनियर बुलाए गए हैं कल पांच दिसम्बर को मिल चल जाएगी इस मौके पर मिल के पूर्व उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह,गुरजीत सिंह बब्बू,विक्रमेन्द्र प्रसाद भल्ला,संचालक रमाकांत जायसवाल, कुलदीप सिंह केडी,रविन्द्र वर्मा सहित हजारों किसान उपस्थित रहे।

# राम पंचायत सहिजना को थाना उचौलिया में जुड़ने से ग्राम वासियों ने दिया प्रार्थना पत्र

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी



**ग्राम पंचायत** सहिजना को थाना उचौलिया में जुड़ने से ग्राम वासियों को हो रही है प्रधान सहित अन्य लोगों का कहना है कि गांव सहजन आके आस-पड़ोस के सभी गांव मोहम्मदी खाने से संबंध है। ग्राम सहिजना को पुनः थाना पसगवां अथवा मोहम्मदी में ज्वाइंट करने के लिए संबंधित अधिकारियों से अपील की है। उनका कहना है अभी थोड़े दिन पहले नवंबर 2022 में पुलिस चौकी उचौलिया को प्रशासन द्वारा थाना बना दिया गया है और ग्राम पंचायत सहिजना को थाना पसगवां से काट कर थाना उचौलिया मे जोड़ दिया गया है। गांव की मजरा पसगवा में थाना उचौलिया में जुड़ने से प्रार्थी व ग्राम वासियों को काफी दिक्कत है। उनका कहना है कि क्योंकि थाना पसगवां की दूरी लगभग 15 किलोमीटर है। वहीं थाना उचौलिया को जाने के लिए लगभग 40 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी तथा ग्राम वासियों को बरौरा होते हुए थाना उचौलिया तक जाने के लिए कोई वाहन की व्यवस्था भी नहीं है जिन ग्राम वासियों के पास अपने निजी वाहन नहीं है वह किस तरीके से थाना उचौलिया पहुंचेंगे। ग्राम पंचायत सहिजना के चारों तरफ के गांव मोहम्मदी तथा पसगवां थाने में आते हैं। प्रार्थी व समस्त ग्राम वासियों का उच्च अधिकारियों से निवेदन है कि उनका गांव सहिजना को पुनः थाना पसगवां में जोड़ा जाये।

# पेज एक का शेष

## दिल्ली एमसीडी...

ट्रांसजेंडर व्यक्ति हैं। अधिकारियों ने मतदान के लिए दिल्ली में 13,638 मतदान केंद्र स्थापित किए थे। मतदान करने के लिए रोहिणी और बादली के ग्रामीण इलाकों, झुग्गी-झोंपड़ी और सीमापुरी, सीलमपुर, जाफराबाद, मुस्तफाबाद, ओखला और पुरानी दिल्ली जैसे मुस्लिम बहुल इलाकों में मतदान को लेकर खास उत्साह देखा गया। बात करने पर लोग मुखर होकर जलभराव, खराब सड़कें और स्कूलों में अच्छी शिक्षा जैसे स्थानीय मुद्दों पर ही वोट देने की बात कर रहे थे। रोहिणी सेक्टर 18 में एक मतदान केंद्र के बाहर लंबी कतार में अपनी बारी का इंतजार कर रहीं 86 वर्षीय शांति देवी ने बताया कि उनके इलाके में बेहतर जल निकासी और सड़कों की जरूरत है। चौहान बांगर के अमन ने कहा कि पेयजल, टूटी सड़कों और अवरुद्ध नालियों से संबंधित समस्याएं हैं, जिन्हें दूर किया जाना चाहिए। रोहिणी के ही रहने वाले सोमेश पुरी ने कहा कि इलाके की सड़कों पर हर साल बारिश के मौसम में घुटने तक पानी भर जाता है।

## दिल्ली कांग्रेस...

नाम जोड़ने या हटाने का कोई अधिकार नहीं है। पूर्व विधायक अनिल कुमार कोंडली के वार्ड नंबर 193 में अपना वोट डालने गए थे और उन्हें मतदाता सूची में अपना नाम नहीं मिला। अनिल कुमार ने पूर्वी दिल्ली के दल्लूपुरा में एक मतदान केंद्र पर कहा कि मेरा नाम न तो मतदाता सूची में है और न ही हटाई गई सूची में। मेरी पत्नी ने मतदान किया है। कांग्रेस ने इसकी विस्तृत जांच कराने की मांग की है। इसी प्रकार खजूरी खास के एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सूची उलट-पलट रहे 19 वर्षीय पुनीत कुमार रविवार को पहली बार मतदान करने के लिए उत्साहित थे, लेकिन सूची से अपना नाम गायब होने से वह निराश हो गए। उत्तर-पूर्वी दिल्ली और कई अन्य क्षेत्रों में भी लोगों ने शिकायत की कि मतदाता सूची में उनके नाम का उल्लेख नहीं किया गया था, जिस कारण वे मतदान नहीं कर सके। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के इशारे पर उनके उत्तर-पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के मौजपुर और यमुना विहार इलाकों में सैकड़ों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। मनोज तिवारी ने मौजपुर वार्ड में संवाददाताओं से कहा कि मैंने इस संबंध में राज्य चुनाव आयुक्त से बात की है और उनके पास शिकायत दर्ज कराई है। अगर जरूरत पड़ी तो हम यहां चुनाव रद्द करने की मांग करेंगे और कानूनी विकल्प भी तलाश करेंगे। नुसरा जहां (62) वोट डालने के लिए भजनपुरा के एक मतदान केंद्र पर पहुंचीं, लेकिन उन्हें बताया गया कि उनका नाम सूची में नहीं है।

## खड़गे ने...

वेणुगोपाल ने संवाददाताओं को बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के समापन के बाद आगामी 26 जनवरी से देश भर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके तहत ब्लॉक, पंचायत और बूथ के स्तर पर लोगों से संपर्क साधा जाएगा। वेणुगोपाल ने बताया कि दो महीने तक चलने वाले इस अभियान में राहुल गांधी का पत्र भी लोगों को सौंपा जाएगा, जिसमें यात्रा का संदेश होगा तथा उसके साथ नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ आरोप पत्र भी संलग्न होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से महिला मार्च भी निकाला जाएगा, जिसकी अगुवाई प्रियंका गांधी करेंगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा 24 दिसंबर को दिल्ली पहुंचेगी तथा 26 जनवरी तक श्रीनगर में इसका समापन होगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के बाद हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत तीन स्तरीय कार्यक्रम होगा। ब्लॉक और बूथ के स्तर पर यात्राएं होंगी, जिला स्तर पर अधिवेशन होंगे तथा राज्य के स्तर पर रैलियां होंगी। रमेश ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता हाथ से हाथ जोड़ो अभियान से संबंधित कार्यक्रमों शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में फरवरी के दूसरे पखवाड़े में होने वाले पार्टी के अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर खड़गे के निर्वाचन पर मुहर लगेगी और फिर नई कार्य समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू होगी। अधिवेशन के बारे में फैसला होने के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मुझे बताते हुए खुशी है कि कांग्रेस संचालन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 85वां अधिवेशन रायपुर में फरवरी माह में होगा। यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण पल होगा। संचालन समिति की बैठक आरंभ होने पर खड़गे ने कहा कि मेरा मानना है कि पार्टी और देश के प्रति हमारी जिम्मेदारी का सबसे बड़ा हिस्सा है कि संगठन में ऊपर से लेकर नीचे तक जवाबदेही हो। अगर कांग्रेस संगठन मजबूत होगा, जवाबदेह होगा, लोगों की उम्मीद पर खरा उतरेगा, तो ही हम चुनावी जीत हासिल कर देश के लोगों की सेवा कर पाएंगे।

## गुजरात विधानसभा...

पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस 90 सीट पर चुनाव लड़ रही है और उसकी सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने दो सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं। अन्य दलों में, भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) ने 12 और बहुजन समाज पार्टी ने 44 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। सोमवार को जिन 93 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा, वे अहमदाबाद, वडोदरा, गांधीनगर और अन्य जिलों में फैले हुए हैं। दूसरे चरण के कुछ महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का घाटलोडिया, भाजपा नेता हार्दिक पटेल का विरमगाम और गांधीनगर दक्षिण क्षेत्र शामिल हैं, जहां से भाजपा के ही अल्पेश ठाकोर चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा, दलित नेता जिग्नेश मेवानी बनासकांठा जिले की वडगाम सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, और गुजरात विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुखराम राठवा छोटा उदयपुर जिले के जेतपुर से उम्मीदवार हैं। वडोदरा जिले की वाघोडिया सीट से भाजपा के बागी मधु श्रीवास्तव निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं।

## मोदी-शाह...

इस्तेमाल करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री और गांधीनगर से भाजपा सांसद अमित शाह अहमदाबाद के नारणपुरा में नगर निगम के एक कार्यालय में स्थापित केंद्र में मतदान करेंगे। अहमदाबाद हवाईअड्डे पर आज शाम उतरने के बाद प्रधानमंत्री अपनी मां हीराबा से मुलाकात के लिए गांधीनगर में उनके आवास पर पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया। मोदी ने करीब 45 मिनट अपनी मां के साथ बिताए और गांधीनगर स्थित भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय कमलम के लिए रवाना हो गए। वहां उनका स्वागत अमित शाह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने किया। जिलाधिकारी धवल पटेल ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी सोमवार सुबह अहमदाबाद शहर के रानिप इलाके में स्थित निशान हाईस्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। मोदी रानिप क्षेत्र के पंजीकृत मतदाता हैं और उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव तथा पहले के अन्य चुनावों में भी यहां अपना वोट डाला था। यह मतदान केंद्र अहमदाबाद शहर की साबरमती विधानसभा के अंतर्गत आता है।

## मेरी छवि...

के लिए नियामगिरी भूमि अधिग्रहण का विरोध किया था, इसे अवैध बताते हुए अंततः अनुमति से इनकार कर दिया गया था। उत्तर प्रदेश के दिल्ली से सटे गौतमबुद्ध नगर जिले के भट्टा-परसौल में भूमि अधिग्रहण को लेकर 2011 में बड़े पैमाने पर किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया था। राहुल गांधी ने तत्कालीन मायावती सरकार के खिलाफ किसानों को भट्ठा पारसौल जाकर समर्थन दिया था। यह राजनीति में राहुल गांधी की यात्रा के सबसे उल्लेखनीय क्षणों में से एक रहा। वीडियो संदेश के जरिए राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने उनकी छवि खराब करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च कर दिए। भले ही विरोधियों ने मेरी छवि को नष्ट करने के लिए भारी मात्रा में धन खर्च किया और मेरी एक खास छवि बनाई। लोग सोचते हैं कि यह हानिकारक है, लेकिन यह मेरे लिए फायदेमंद है, क्योंकि सच्चाई मेरे साथ है। मुझ पर निजी हमले बताते हैं कि मैं सही दिशा में जा रहा हूं।

## ईरान ने...

रिवॉल्यूशनरी गाड्‍र्स कापर्स से जुड़े पैरामिलिट्री फोर्स बासिज के साथ मिलकर काम करता है।

## झीलों के...

का अवसर मिलेगा। इसमें कहा गया कि शेरपाओं की बैठक में नई दिल्ली में अगले साल सितंबर में होने वाले जी20 के सम्मेलन में रखे जाने वाले नेताओं के घोषणापत्र में शामिल होने वाले विभिन्न कार्यों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय सौर संगठन, कोलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलियंट इन्फ्रास्ट्रक्चर और एशियाई विकास बैंक आमंत्रित अंतरराष्ट्रीय संगठन हैं।

# चित्रकूट पुलिस ने तीन के कब्जे से छह देशी बम किये बरामद


पुलिस गिरफ्त में बम बाज

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस अधीक्षक** अतुल शर्मा के निर्देश पर कोतवाली कर्वी पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से छह देशी बम बरामद कर गिरफ्तार किया है। रविवार को चौकी प्रभारी शिवरामपुर रजोल नागर की टीम ने मोहित सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह, सुनील पटेल पुत्र रामलखन पटेल निवासी शिवरामपुर के कब्जे से चार देशी बम बरामद कर 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत जेल भेजा है। मोहित सिंह का आपराधिक इतिहास भी कोतवाली कर्वी में दर्ज है। टीम में चौकी प्रभारी रजोल नागर, सिपाही प्रकाश मिश्रा व अरविन्द सोनी शामिल रहे। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा रामआधार सिंह की टीम में छुट्टन पाल उर्फ ललिया पुत्र श्रीपाल निवासी सढा थाना कालिंजर जिला बांदा के कब्जे से दो देशी बम बरामद कर दबोचा है। उसे भी 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत जेल भेजा है। छुट्टन पाल का भी खासा आपराधिक इतिहास है। उस पर चोरी, माल बरामद व एनडीपीएस एक्ट आदि के मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। टीम में दरोगा रामआधार सिंह व सिपाही दीपांकर सिंह शामिल रहे।

# स्व. श्रीमती बुइयाबाई इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव संपन्न

## ● डीआईओएस बलिराज और एएसपी चक्रपाणि ने किया टापर बच्चों का सम्मान


वार्षिकोत्सव में अतिथियों के साथ मौजूद छात्रायें

**चित्रकूट।** स्व. श्रीमती बुइयाबाई इंटर कालेज नारायणपुर का वार्षिकोत्सव बडे ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम व विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं कालिका देवी इंटर कालेज पुरवा तरौंहा के पूर्व प्रधानाचार्य गिरजाशंकर अवस्थी मौजूद रहे।समारोह के दौरान बोर्ड परीक्षा में अव्वल रहकर जिले में विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। रविवार को जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम ने दीप प्रज्जवलित कर स्व0श्रीमती बुइयाबाई इंटर कालेज में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ किया। इस मौके पर डीआईओएस ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा विकास की रीढ है। शिक्षा से ही व्यक्ति के सम्पर्ण व्यक्तित्व विकास संभव है। उन्होने कहा कि गुणवत्तयुक्त शिक्षा की वजह से जिले में अग्र्रणी शिक्षा का केंद्र बन चुके स्व0श्रीमती बुइयाबाई इंटर कालेज नित नई उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। उन्होने यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में विद्यालय का तीसरा स्थान हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी।

वहीं विशिष्ट अतिथि रहे अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज और राष्ट्र की उन्नति संभव है। उन्होने बच्चों से लक्ष्य तय कर मन लगा कर पढाई करने का आहवान किया। कहा कि बच्चे आईएएस और आईपीएस बन कर अपना और विद्यालय का नाम जिले में रोशन करें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत नाटक, नृत्य, कव्वालियां व लोकगीत पेश किये। नन्हे-मुन्हे बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ-चढकर हिस्सा लिया। विद्यालय में प्रथम स्थान पाने वाले शालिग्राम,द्वितीय स्थान पाने वाले समर कुमार व तृतीय स्थान पाने वाले शुभम निषाद को एवं कक्षा में स्थान पाने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में जिले में तीसरा स्थान पाने वाली छात्रा कु शिवानी पुत्री मोहनलाल को पुरस्कृत कर उत्साह बढाया। समारोह में भारी तादाद में अभिभावक व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# फर्जी जाब कार्ड में फंसे, प्रधान सचिव और रोजगार सेवक

## ● पूर्व प्रधान जुग्गी लाल, पूर्व सचिव प्रमोद कुमार श्रीवास्तव व तकनीकी सहायक से 3.18 लाख की वसूली का हुआ आदेश

**बस्ती।** एक ही परिवार में एक से अधिक मनरेगा जॉब कार्ड बनाने और निरस्त करने के बाद भी उस पर भुगतान करने के मामलें में डीएम प्रियंका निरंजन ने सदर ब्लॉक के सहर के बार्डर वाले ग्राम पंचायत भुवरनिरंजनपुर के तत्कालीन प्रधान जुग्गीलाल, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव और तकनीकी सहायक मृतक विष्णुदेव उपाध्याय से तीन लाख आठ हजार आठ रुपये की वसूली का आदेष दिया है। यह कार्रवाई एक साल तीन माह पहले गांव के ही ध्रुवनाथ पुत्र झकरी प्रसाद ने सदर तहसील के समाधान दिवस पर किया था। इसकी जांच बीएसए और डीआरडीए के एई ने एक साल पहले किया। जांच में एक ही परिवार को एक से अधिक जाब कार्ड जारी करके अनियमित रुप से रोजगार देने का मामला पाया गया। सरकार को इससे तीन लाख आठ हजार आठ रुपये का नुकसान हुआ। इसे लेकर प्रधान और सेक्रेटरी सहित अन्य लोगों को नोटिस जारी हुआ। प्रधान के स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया। कहा गया कि यह तो तय है, कि एक ही परिवार के एक से अधिक जॉब कार्ड निर्गत किया गया। इतना ही नहीं जॉब कार्ड के डिलीषन होने के बाद भी भुगतान किया गया। कहा गया कि फर्जी जॉब को निरस्त करने की सारी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होती है। चूंकि ग्राम पंचायत ने अपने दायित्वों का निवर्हन नहीं किया और फर्जीवाड़ा किया, इस लिए तीनों से एक लाख छह हजार तीन रुपये के दर से बराबर वसूली की जाए।

# गुरु राम राय पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव हुआ संपन्न



**बाँदा।** गुरु राम राय पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य विंसेंट अल्बर्ट ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत, प्रधानाचार्य सरदार राजेंद्र सिंह के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में अंग्रेजी स्कूल विद्यावती के प्रधानाचार्य श्याम निगम वा संत तुलसी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य मनीष गुप्त पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके स्कूल द्वारा तैयार किए गए विभिन्न राष्ट्रीय नृत्य सॉन्ग नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई जिसके मंचन से बच्चों के अभिभावकों ने लुफ्त उठाया और ज्ञान का श्रवण भी हुआ कई नाटकों में दर्शको के मन मुगध हो गया।

## रोटरी क्लब ने लगाया चिकित्सा शिविर, 379 मरीजों लाभान्वित



**बस्ती।** रविवार को रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर द्वारा अध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिकित्सक डा. वी.के. वर्मा के संयोजन में पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल गोटवा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिये एक बड़ा अवसर है। शिविर में 379 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवायें भी उपलब्ध करायी गई। शिविर में मुख्य रूप से डा. आलोक रंजन, डा. चन्दा सिंह, डा. मनोज मिश्र, डा. सुरभि वर्मा, डा. आर. एन. चौधरी, डा. लालजी यादव, डा. अतुल श्रीवास्तव, डा. आशुतोष, डा. अफजल, डा. एस.पी. भारती, डा. श्यामनरायन, के साथ स्वास्थ्यकर्मी मनीष चौधरी, शिव प्रसाद, रामस्वरूप, सतीश, शिवशंकर, रामभजन, ध्रुवचन्द, पूजा यादव, कविता, फूलपत्ती, राम अजोर के साथ ही रोटेरियन

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**मुस्करा ( हमीरपुर )।** शादी समारोह में सजावट करके घर जा रहे बाइक सवार युवकों को ट्रक ने टक्कर मार दी,जिससे कानपुर उपचार के लिये जाते समय एक युवक की रास्ते में मृत्यु हो गयी।

कस्बा मुस्करा निवासी पवन कुशवाहा(24) शादी समारोह में फूलों की सजावट का काम कर बीती रात चरखारी रोड पर एक गेस्ट हाउस में सजावट करके पवन अपने दोस्त कपिल के साथ बाइक से वापस घर जा रहा था तभी पावर हाउस के सामने तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक के पीछे बैठा पवन ट्रक की चपेट में आ गया वह गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि बाइक चला रहे कपिल को खरोच तक नहीं आई तुरंत ही जानकारी होने पर घायलावस्था में पवन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा ले गए जहां पर डाक्टरों ने उसे कानपुर के लिये रिफर कर दिया। कानपुर ले आते समय रास्ते में घाटमपुर के बाद पवन की मृत्यु हो गई इसके बाद स्वजन उसे वापस मुस्करा ले आए सुबह घर आते ही चीख-पुकार मच गई पवन की शादी नहीं हुई थी पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में कर लिया है।

# ई रिक्शा पलटने से एक दर्जन सवारियां घायल

**कुरारा( हमीरपुर )।** कुरारा थाना क्षेत्र के झलोखर गांव के आगे पेट्रोलपंप के पास शाम चार बजे कुरारा से सवारी लेकर जा रहा ई रिक्शा के सामने अचानक बकरी आ जाने से अनियंत्रित होकर गड्ढे में जाकर पलट गया। जिसमें एक दर्जन से अधिक सवारी गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही थाना पुलिस ने एम्बुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। कस्बा कुरारा से हमीरपुर सवारी लेकर जा रहे ई रिक्शा के सामने झलोखरगांव के आगे पेट्रोल पंप के समीप सडक में अचानक बकरी आ जाने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिसमें सवार एक दर्जन से अधिक महिलाये व बच्चे व सवारी घायल हो गए। तथा मौके पर चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने घायलों को बाहर निकाल कर थाना पुलिस व एम्बुलेंस को फोन कर जानकारी दी। तब मौके पर पहुंचे पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल एम्बुलेंस से भेज दिया है।

# ठंड से बचाव, भूसे चारे का इंतजाम न होने पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने काटा हंगामा

**कदौरा ( जालौन )।** नगर पंचायत की उदासीनता के कारण आए दिन गोवंश घायल हो रहे है। शनिवार रात नगर पंचायत कार्यालय के समीप वाहनों की टक्कर से घायल पड़े गोवंश की सूचना स्थानीय लोगों ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को दी। प्रखंड संयोजक भानू प्रताप करोसिया की अगुवाई में पहुंचे कार्यकर्ताओ ने हंगामा काटना शुरू किया तो हड़कंप मच गया। आनन फानन में मौके पर पहुंचे ईओ ने किसी तरह से आक्रोशित बजरंग दल कार्यकर्ताओं को संतुष्ट करते हुये उन्हें आश्वासन दिया कि गौशाला संचालन में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जायेगी। सभी गौवंशों का सर्दी से बचाव के साथ उन्हें नियमित चारा दिया जायेगा।

हंगामे की सूचना पर पहुंचे ईओ ने घायल गोवंश को कान्हा गोशाला में पहुंचाया। उसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता गोशाला पहुंचे। मवेशियों को ठंड में ठिठुरते देख कर नाराजगी जताते हुए। अलाव जलाने के लिए कहा लेकिन वहां मौजूद शराब के नशे में धुत्त कर्मचारी गजेन्द्र बहस करने लगा और कार्यकर्ताओ को गोशाला से बाहर जाने के लिए कहने लगा। मामला बढ़ता देख कर अन्य कर्मियों ने इसकी सूचना ईओ को दी। ईओ के पहुंचने से पहले शराब के नशे में धुत्त कर्मचारी भाग गया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि गोशाला में ठंड से बचाव के इंतजाम नही है। गौशाला में अंधेरा रहता है। गोशाला में मौजूद कर्मचारी समय से भूसा चारा भी नहीं देते है। प्रभारी ईओ पवन किशोर का कहना है कि प्राइवेट कर्मचारी है जिसका हटा दिया गया है। गोशाला की व्यवस्था दुरुस्त है। इस दौरान नगर संयोजक मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

# चार सदस्यीय कायाकल्प टीम ने किया सीएचसी रामपुरा का निरीक्षण

संवाददाता। रामपुरा (जालौन)


अस्पताल का निरीक्षण करती कायाकल्प टीम

**लखनऊ** से गठित कायाकल्प की टीम ने रामपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।

प्रतिवर्ष की भांति कायाकल्प के चार सदस्यीय टीम ने रामपुरा अस्पताल पहुँचकर अस्पताल में मरीजों मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जाना। टीम में आये डॉ. अरुण राजपूत डिस्ट्रिक्ट क्वालिटी कंसन्टेन्ट, डॉ रंजन प्रसाद डिविजनल अधिकारी, डॉ. तारिक अंसारी व डीडब्लूएच नंदलाल यादव द्वारा निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम अस्पताल की साफ सफाई देखी। जिसके बाद लेबर रूम, लेब, ओपीडी, आईपीडी के साथ गर्भवती महिलाओं को प्रसव के बाद मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की जानकारी महिलाओं से ली। अस्पताल में अपना इलाज कराने आये मरीजों से अस्पताल से मिलने वाली दवाओं के बारे में जाना। लखनऊ से आयी कायाकल्प की टीम ने अस्पताल के प्रत्येक पटल पर बारीकी से जानकारी ली। अस्पताल की व्यवस्था देख डॉक्टरों की टीम ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विनय पाण्डेय के कार्य की सराहना करते हुए अपनी तरफसे अस्पताल के स्टॉफको जरूरी निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान कायाकल्प की टीम में डॉ. अरुण राजपूत डिस्ट्रिक्ट क्वालिटी कंसन्टेन्ट, डॉ. रंजन प्रसाद डिविजनल अधिकारी, डॉ. तारिक अंसारी व डीडब्लूएच नंदलाल यादव तथा रामपुरा अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विनय पाण्डेय, डॉ. सर्वेश राजपूत के साथ समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

## परिषदीय विद्यालयों की प्रबंध समिति

# शासन ने दिये असीम अधिकार जानकारी के अभाव में सब बेकार

## ● शासन ने कहा-एसएमसी के चुनाव के पहले कराया जाये प्रचार-प्रसार

संवाददाता। हमीरपुर

**जिले में** परिषदीय विद्यालयों में हर दो साल में गठित होने वाली पंद्रह सदस्यीय विद्यालय प्रबंध समिति( एसएमसी ) के पास शासन ने ढेर सारे अधिकार दे रखे है मगर विद्यालयों के हेडमास्टर एसएमसी का चुनाव न कराकर अपने जेब की पूरी समिति का चुनाव कर लेते है। ताकि उन्हे भविष्य में समिति से प्रशासनिक व वित्तीय समस्याए न होने पाये।

जानकारी के मुताबिक जनपद के गैर सहायता प्राप्त विद्यालयों के अतिरिक्त समस्त विद्यालयों में विद्यालय समिति का गठन हर दो साल में होता है इसके लिये एक प्रक्रिया शासन ने सुनिश्चित कर रखी है,जिसमे ग्राम सभा की खुली बैठक बुलाकर समिति के चुनाव के बारे में जानकारी देनी चाहिये,विद्यालय के हेडमास्टर को चाहिये कि बैठक में समिति के अधिकार के बारे में जानकारी देनी चाहिये। सार्वजनिक रुप से चुनाव कराना चाहिये। समिति में अध्यक्ष को वित्तीय पावर के अलावा प्रशासनिक पावर भी प्राप्त होते है। समिति में ग्राम प्रधान लेखपाल,हेडमास्टर,व एएनएम को रखा जाता है। यही नही समिति के अध्यक्ष को शासन ने पावर दे रखा है कि वह विद्यालय को छात्र हित में अपने अनुसार संचालित कर सकता है,अध्यक्ष को एमडीएम,विद्यालय निर्माण,टीएलएम,स्वेटर,जूता मोजा खरीदारी के अलावा अन्य कई प्रकार के पावर शासन ने दे रख है मगर ये सब कागजों में संचालित होते है। समिति में एक अध्यक्ष व एक उपाध्यक्ष में एक महिला का होना अनिवार्य होता है। समिति के सचिव हेडमास्टर को बनाया जाता है। एसएमसी के मेम्बरो से मिलकर विभाग के उच्चाधिकारियों को समय समय पर उसकी समीक्षा करनी चाहिये ताकि विद्यालय की व्यवस्था सुचारु रुप से चल सके। हाल में शासन ने एक आदेश जारी करते हुये कहा है कि एसएमएसी के चुनाव के पहले उसका प्रचार प्रसार कराया जाये ताकि संबंधित विद्यालय के लोग जागरुक हो सके।

# उद्यान राज्यमंत्री ने की समीक्षा,कहा अब खाद की कालाबाजारी न हो

**रायबरेली।** उद्यान राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बीते कुछ दिनों से खाद के लिए मचा हाहाकार से हर किसान परेशान है इसी को देखते हुए सभी जिम्मेदार अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की । समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने सीधे अधिकारियों को निर्देश दिए हैं किसानों को किसी प्रकार की असुविधा ना होने पाए तथा खाद की कालाबाजारी ना हो। खाद के लिए मचे हाहाकार के बीच गुजरात चुनाव के बाद लौटे राज्यमंत्री उद्यान विभाग एवं कृषि विपणन दिनेश प्रताप सिंह समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि मैं गुजरात में पार्टी के लिए सेवाएं दे रहा था। यहां आने पर पता चला कि कुछ किसानों को धान बेचने एवं खाद की समस्या हो रही है इसी समस्या के तहत मैंने प्रमुख सचिव सहकारिता तथा निदेशक कृषि से बात कर खाद की सुचारू रूप से उपलब्धता पर जोर दिया। आज गुजरात पोर्ट से डीएपी की एक रैक आ रही है। अभी मौजूदा समय में यूरिया पर्याप्त मात्रा में स्टॉक में है फिर भी दो रैक यूरिया भी आ रही है। कुछ जनपदों के लिए रायबरेली का कोटा डायवर्ट किया गया था बाद अब कोटा किसी प्रकार से डायवर्ट नहीं किया जाएगा और खाद की समस्या नहीं रहेगी। समस्या सिर्फ राजनीतिक विरोध के कारण ज्यादा हो रही है किसानों को इस बीच असुविधा भी हुई है परंतु उत्तर प्रदेश सरकार इसकी व्यवस्था में

## अधिकारियों को निर्देश- किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो

पूरी तरह से लगी है। रायबरेली के किसानों से अपील है कि वह भ्रमित ना हो उन्हें खाद की किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। रायबरेली जनपद को 57500 मीटन डीएपी की आवश्यकता है वर्तमान में 27600 मीटन स्टॉक में है और 30000 मीटन की रैक आ रही है। इसलिए किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी । वही धान क्रय केंद्रों पर हो रही असुविधा पर उन्होंने अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि किसानों का धान खरीदना प्राथमिकता में है किसी भी किसान को वापस ना किया जाए अन्यथा कार्यवाही होगी।

**राजघाट पुल से तक लगभग 3 से 4 किलोमीटर ऑनलाइन डिवाइडर:** सुंदर सुंदर शहर बसने का सपना चल रही पूरा होने वाला है शहर के प्रमुख मार्ग में पढ़ने वाले विद्युत पोलों को सेंट्रलाइज कर डिवाइडर बनाने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है कुछ विभागों में इसके लिए बजट भी जारी हो चुका है जानकारी देते हुए उद्यान राज मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि फिरोज गांधी चौराहे से राजघाट सई नदी के पुल तक लगभग 3 से 4 किलोमीटर ऑनलाइन डिवाइडर बनाने सहित उसके किनारे वृक्षारोपण कराए जाने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से वार्ता के उपरांत मंजूरी मिल गई है।

# विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरित



**रायबरेली।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकास भवन परिसर में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा यादव की उपस्थिति में दिव्यांगजन के लिए चिन्हाकन शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन परिसर में दिव्यांगजनो को 10 ट्रायसाईकिल, 3 को कान की मशीन एवं 4 को बैसाखी का वितरण कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा एवं सभी विभागीय कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# क्विक न्यूज

## अप्रैल 2021 के बाद विवाह करने वाले 'दिव्यांग दंपति' को मिलेगा 35 हजार

**बस्ती।** शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत जनपद के ऐसे दिव्यांग दम्पति, जो अप्रैल 2021 के बाद विवाह किये हो, उन्हें विभाग द्वारा प्रोत्साहन राशि दिया जायेगा। उक्त जानकारी प्र0 जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रेखा गुप्ता ने दी है। उन्होने बताया है कि वर दिव्यांग है, तो रू0 15,000-00 की धनराशि एवं वधु दिव्यांग है, तो रू0 20,000-00 दिया जाएगा। वर-वधू दोनो दिव्यांग है, तो रू0 35,000-00 की धनराशि प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होने बताया कि इसके लिए दम्पत्ति अपना विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार प्रमाण पत्र, ज्वाइन्ट खाता एवं ज्वाइन्ट फोटो के साथ अपने नजदीकी सहज जन सेवा केन्द्र/साइबर कैफे/कम्प्यूटर की दुकान पर जाकर ऑनलाइन करा सकते है।

## तेज रफ्तार एसयूवी कार ने एनएच पर कइयों को कुचला

**बस्ती।** एनएच में तेज गति से गाड़ी चलाना भारी पड़ सकता है, यह सायद चलाने वाने और सड़क पर चलने वालों को भी पता नहीं होता। आए दिन तेज गति से चलने वालों की चपेट में राहगीर आते है। इनमें अधिकतर की तो मौके पर मौत हो जाती है, और घायल भी होते है, उनकी मौत इलाज के दौरान हो जाती है, और जो किस्मत से बच भी गए तो वह चलने लायक नहीं रह जाते है। कहा भी जाता है, कि जो एक्सीडेंट एनएच पर होता है, उनमें अधिकतर को सीधे पोस्टमार्टम में जाना पड़ता है। रविवार को पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के चौनपुरवा ओवरब्रिज पर एक बड़ा हादसा हुआ। एक तेज वाहन ने सड़क पर जा रहे साइकिल सवार और बाइक सवार दोनों को उड़ा दिया, जिसमें दोनो की मौके पर हुई दर्दनाक मौत मौत हो गई। बाइक सवार की पहचान नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बक्सर पोस्ट देवापार निवासी लालचंद्र के रुप में हुई।

## बाइक सवार युवकों ने रास्ते में जा रही महिला के कुंडल छीन भागे

**जालौन (उरई)।** औरैया मार्ग पर खेत पर जा रही महिला को रास्ता पूंछने बहाने बाइक सवार 2 युवकों ने रोक लिया। अकेली महिला के कान के कुंडल छीनकर दोनों युवक वहां से औरैया की ओर भाग गए। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रविवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा निवासी रामदेवी पत्नी छोटेलाल अपने गांव से औरैया मार्ग के पास स्थित खेत पर फसल देखने जा रही थी। कुदरा श्रमदान के पास जालौन की ओर से 2 बाइक सवार युवक वहां आए और उसे रास्ते में रोककर उससे गांव जाने का रास्ता पूछने लगे। जैसे ही महिला रास्ता बताने लगी तभी बाइक सवार एक युवक बाइक से उतरा और उसने महिला के कान के कुंडल छीन लिए। कान के कुंडल छीनकर युवक बाइक पर बैठा और दोनों बाइक लेकर औरैया की ओर भाग गए। पीड़ित महिला ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी अपने पुत्र कुलदीप को दी। जिसके बाद कोतवाली पहुंचे मां बेटे ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। उक्त संदर्भ में कोतवाली प्रभारी कुलदीप तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

## पति की हत्या के आरोप में पत्नी गिरफ्तार, भेजी गई जेल

**कोंच(जालौन)।** शुक्रवार की रात आपसी लड़ाई झगड़े में पति के सिर पर लोहे के चिमटे से वार कर पति की जान लेने वाली आरोपी पत्नी दीपा जाटव को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही के नेतृत्व में एसएसआई आनंद कुमार व महिला कॉन्स्टेबल ने रविवार की सुबह घर के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विदित हो कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरी निवासी 38 वर्षीय सुशील जाटव बीते करीब 10 माह से नगर के नया पटेलनगर क्षेत्र में सेवानिवृत्त लेखपाल रामेश्वरदयाल के मकान में अपने 2 बेटों व पत्नी के साथ रहकर मजदूरी कार्य करता था। सुशील शराब का आदि था और अक्सर पत्नी से उसका झगड़ा होता रहता था।शुक्रवार की रात करीब साढ़े 9 बजे सुशील नगर में एक विवाह घर से शराब के नशे में धुत्त होकर घर पहुंचा था। किसी बात को लेकर सुशील का अपनी पत्नी दीपा और बेटों 17 वर्षीय निर्मल व 7 वर्षीय गुड्डू से झगड़ा होने लगा था। तभी पत्नी ने गुस्से में आकर पति सुशील के सिर में लोहे के चिमटे से कई वार कर दिए थे जिससे वह खून से लथपथ होकर गंभीर हालत में जमीन पर गिर पड़ा था। आनन फानन में उसे सीएचसी ले जाया गया था जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे में से डंडा व खून से सना चिमटा और कपड़े बरामद कर अपने कब्जे में ले लिये थे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।उधर, मृतक सुशील के भाई विनोद कुमार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृतक सुशील की पत्नी दीपा के खिलाफदफा 304 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## मित्र की शादी में जा रहे युवक की कार पलटने से हुई मौत

कोंच(जालौन)। मित्र की शादी में शामिल होने पनबाड़ी जा रहे नगर के एक युवक की कार पलटने से दुःखद मौत हो जाने की घटना सामने आयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला तिलक नगर कंजड़ बाबा निवासी नेखपाल कुशवाहा का 18 वर्षीय पुत्र पवन कुशवाहा बीते रोज शनिवार की रात पनबाड़ी में अपने एक मित्र की शादी में शामिल होने के लिए कुछ मित्रों के साथ अपने जीजा की स्विफ्ट कार लेकर जा रहा था। बताया जा रहा है कि रात करीब 9 बजे राठ के समीप सड़क पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई जिसके चलते पवन की गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। उक्त घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया और रात में ही परिजन राठ के लिए रवाना हो गये थे। रविवार की दोपहर में पोस्टमार्टम होने के पश्चात शव कोंच लाया गया जहां मृतक युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक युवक बाइक सुधारने का काम करता था जबकि उसका पिता भाड़े पर ट्रैक्टर ले जाता है। मृतक अपने माँ बाप का इकलौता पुत्र था।

## दलित के आवास में आग लगने से लाखों का नुकसान

**जालौन** (उरई)अज्ञात कारणों के चलते घर में आग लगने से घर में रखा लाखों का सामान जलकर राख हुआ। प्रधान ने आग लगने की जानकारी तहसीलदार को दी। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सिकरी राजा निवासी प्रदीप अहिरवार पुत्र सेवाराम के परिवार के सदस्य शनिवार को रिश्तेदारी में आयोजित एक शादी समारोह में सपरिवार गए थे। रात में लगभग 10 बजे अज्ञात कारणों के चलते घर में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विशाल रूप धारण कर लिया। धुएं के चलते आसपास के मोहल्ले वालों की नींद खुल गई। मोहल्ले के लोगों ने एकत्रित होकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक घर में रखा अनाज, घर गृहस्थी का सामान और इलेक्ट्रिक उपकरण आदि जलकर राख हो चुके थे। ग्रामीणों ने आग लगने की जानकारी प्रदीप को दी। घर में आग लगने की सूचना मिलते ही वह घर लौट आए। आग से जले सामान को देखकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। मजदूरी करने वाले प्रदीप को आगे घर चलाने की चिंता सता रही है। ग्राम प्रधान ने आग से होने वाले नुकसान की जानकारी तहसीलदार को दी है।
नोट-माननीय महोदय फोटो एवं खबर को स्थान देने की कृपा करें।

## स्मार्टफोन से लैस हुए बीए के छात्र



**संतकबीरनगर।** विधायक सदर अंकुर राज तिवारी द्वारा शासन की महत्वकांक्षी योजना के तहत संत कबीर विद्यापीठ महाविद्यालय मगहर में निशुल्क स्मार्टफोन का वितरण किया गया। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के मार्गदर्शन में रविवार को तहसील खलीलाबाद अंतर्गत उप जिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा 17 विद्यालयों पर निःशुल्क स्मार्टफोन वितरित किए गए। उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा गंगा देवी कपिलदेव तिवारी पीजी कॉलेज भुजैनी तथा जीपीएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में, तहसीलदार शेख आलमगीर द्वारा पंडित अंबिका प्रताप नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय डुमरी हरिहरपुर तथा नायब तहसीलदार खलीलाबाद विजय कुमार गुप्ता द्वारा प्रभादेवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरित किए गए। उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि निः शुल्क स्मार्टफोन वितरण योजना शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है, उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का प्रयोग अपनी पढ़ाई को सुदृढ़ बनाने तथा नवीनतम जानकारियों से अद्यतन रहने के लिए कहा। स्मार्टफोन वितरण के अवसर पर सभी विद्यालयों में प्रबंधक, प्रधानाचार्य, छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक तथा अन्य राजस्व कर्मी उपस्थित रहे। इसी क्रम में शासन द्वारा निशुल्क स्मार्टफोन वितरण योजना के अंतर्गत तहसील मेहदावल के प्रेमलता महाविद्यालय अछिया, विकासखंड मेहदावल, मोहन धन सीरा पीजी कॉलेज जंगल बेलहर मेहदावल में स्मार्टफोन वितरित किया गया। तहसील धनघटा अंतर्गत अम्बा के पी एस कॉलेज ऑफएजुकेशन हरिहरपुर, तहसील धनघटा में स्मार्टफोन का वितरण किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 5 दिसंबर, 2022



# पूरा भरोसा मोदी शांतिपूर्ण और टिकाऊ दुनिया के लिए सबको साथ लाएंगे : मैक्रों

भाषा। लंदन



**फ्रांस के राष्ट्रपति** इमैनुअल मैक्रों ने जी-20 की अध्यक्षता संभाल रहे भारत के प्रति भरोसा जताते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक शांतिपूर्ण और टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए सभी को साथ लाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को भारत को अमेरिका का मजबूत साझेदार बताया और कहा कि वह भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान अपने दोस्त प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करने के लिए उत्सुक हैं। भारत ने बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की। मैक्रों ने रविवार को एक ट्वीट में अपनी और प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर साझा करते हुए एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की थीम का समर्थन किया, जिसे भारत ने जी-20 की अध्यक्षता के दौरान काम करने के लिए चुना है। फ्रांस के राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य। भारत ने जी-20 की अध्यक्षता संभाली है। मुझे अपने मित्र नरेन्द्र मोदी पर भरोसा है कि वह हमें शांति और अधिक टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए साथ लाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के विषय से प्रेरित होकर एकता को बढ़ावा देने के लिए काम करेगा और आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, महामारी को सबसे बड़ी चुनौतियों के रूप में सूचीबद्ध किया जा सकता है जिससे साथ मिलकर मुकाबला किया जा सकता है। मोदी ने एक लेख में कहा कि भारत की जी-20 प्राथमिकताओं को न केवल हमारे जी-20 भागीदारों, बल्कि दुनिया के दक्षिणी हिस्से में हमारे सहयोगियों के परामर्श से आकार दिया जाएगा, जिनकी आवाज अक्सर अनसुनी कर दी जाती है। यह लेख कई अखबारों में छपा और उनकी वेबसाइट पर भी पोस्ट किया गया। उन्होंने कहा कि भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्वाई उन्मुख और निर्णायक होगा।

## ओपेक के तेल आपूर्ति लक्ष्यों में कोई खास बदलाव नहीं, रूसी तेल की सीमा तय होने से बढ़ेगी अनिश्चितता

**फ्रैंकफर्ट।** रूस के खिलाफ नए पश्चिमी प्रतिबंधों के असर को लेकर अनिश्चितता के बीच सऊदी के नेतृत्व वाले ओपेक और अन्य संबद्ध तेल उत्पादकों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए तेल आपूर्ति के अपने लक्ष्य को नही बदला है। इन देशों में रूस भी शामिल है। ओपेक और अन्य संबद्ध देशों के पेट्रोलियम मंत्रियों की रविवार को हुई बैठक में यह फैसला किया गया। यह फैसला ऐसे वक्त में किया गया, जब सोमवार से रूस के तेल पर मूल्य सीमा लागू होने जा रही है। ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा, जापान, अमेरिका और 27 देशों के यूरोपीय संघ ने शुक्रवार को रूसी तेल के लिए 60 डॉलर प्रति बैरल की सीमा तय की थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के कार्यालय ने पश्चिमी देशों द्वारा रूसी तेल की कीमत और कम करने की मांग की।

## बलूचिस्तान की खदान में विस्फोट, छह की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी सूबे बलूचिस्तान की एक कोयला खदान में हुए शक्तिशाली गैस विस्फोट में छह श्रमिकों की मौत हो गई। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, यह विस्फोट शनिवार को हरनाई जिले के शाहरग कोयला क्षेत्र में स्थित कोयले की खदान में तब हुआ, जब मज़दूर वहां काम कर रहे थे। विस्फोट के बाद खदान का एक हिस्सा ढह गया, जिससे सभी खनिक फंस गए। बचाव दल और आसपास के अन्य खनिक फंसे हुए लोगों की मदद करने और शवों को निकालने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। सभी पीड़ित स्वात के शांगला इलाके के रहने वाले हैं। घटना के बारे में खान के मुख्य निरीक्षक गनी बलूच ने कहा कि गैस विस्फोट के बाद खदान में करीब 1,500 फुट नीचे आग लग गई, जिससे खदान का मुंह बंद हो गया। उन्होंने कहा कि बचाव दलों ने अब तक पांच शव बरामद किए हैं। अधिकारी ने कहा,एक शव अब भी मलबे में दबा हुआ है।



केट विंसलेट, बाएं से, सिगोरनी वीवर और ज़ो सलदाना लंदन में फिल्म अवतार द वे ऑफवॉटर के लिए फोटोग्राफरों के लिए पोज़ देते हुए

# इंडोनेशिया के माउंट सेमेरु में फिर हुआ ज्वालामुखी विस्फोट



भाषा। जकार्ता

**इंडोनेशिया** की सबसे घनी आबादी वाले द्वीप पर स्थित सबसे ऊंचे ज्वालामुखी में रविवार को हुए नए विस्फोट में गैस के गुबार और लावा की नदियां फूटीं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी के अनुसार, ऊर्जा एवं खनिज संसाधन मंत्रालय के तहत ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक खतरा शमन एजेंसी की जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि मॉनसून की बारिश खत्म हो गई और 3,676 मीटर ऊंचे माउंट सेमेरू के ऊपर लावा का गुंबद ढह गया, जिससे विस्फोट हुआ। कई गांवों में ज्वालामुखी से निकले लावों से पैदा हुए राख के गुबार के कारण सूरज की रोशनी नहीं पहुंच पा रही है, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। लोगों को क्रेटर के मुहाने से पांच किलोमीटर दूर रहने और क्रेटर से लगभग 13 किलोमीटर दूर स्थित बेसुक कोबोकन नदी के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी गई है।पूर्वी जावा प्रांत के लुमाजांग में आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख जोको संबांग ने कहा, सैकड़ों लोगों को अस्थाई आश्रयों में ले जाया गया या अन्य सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाया गया, जिनमें ज्यादातर महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग थे। सेमेरु का आखिरी बड़ा विस्फोट पिछले साल दिसंबर में हुआ था, जब ज्वालामुखी विस्फोट के कारण 51 लोगों की मौत हो गई थी।

# ईरान ने इज़राइल के लिए जासूसी करने पर चार लोगों को फांसी दी : सरकारी मीडिया

भाषा। तेहरान

**इज़राइल की** खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए काम करने के आरोप में चार लोगों को ईरान में रविवार को फांसी दी गई। वहीं, तीन अन्य को लंबी कैद की सजा सुनाई गई है।

सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने बताया कि ईरान की रेवलूशनरी गार्ड (सशस्त्र बल) ने इज़राइली एजेंसी से जुड़े लोगों के एक नेटवर्क को पकड़ने की जानकारी दी थी। उसने कहा कि इन लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है और उन्होंने देश की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है। खबर में कहा गया है कि ए लोग निजी और सरकारी संपत्ति चुराते थे तथा व्यक्तियों को अगवा कर उनसे पूछताछ करते थे।

## ईरान में परमाणु संयंत्र का निर्माण शुरू : सरकारी मीडिया

**काहिरा।** ईरान ने शनिवार को देश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ईरान के सरकारी टीवी ने यह खबर दी। विश्व शक्तियों के साथ इस्लामिक गणराज्य के परमाणु समझौते से अमेरिका के हटने के बाद ईरान पर लगाए गए व्यापक प्रतिबंधों के कारण उत्पन्न तनाव के बीच यह निर्माण शुरू हुआ है। यह घोषणा ऐसे वक्त आई है जब पुलिस की हिरासत में एक युवती की मौत के बाद देश भर में शुरू हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों से ईरान हिल गया है। देश की सरकारी टेलीविजन और रेडियो एजेंसी ने बताया कि करून नाम के 300 मेगावाट के नए संयंत्र को बनने में आठ साल लगेंगे और इस पर करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर की लागत आएगी। इसने कहा कि यह संयंत्र ईरान के तेल समृद्ध खुजेस्तान प्रांत में इराक के साथ लगती इसकी पश्चिमी सीमा के पास स्थित होगा।

## महाराजा चार्ल्स के राज्याभिषेक के लिए तैयार किया जा रहा रत्न जड़ा ताज

**लंदन।** टावर ऑफ लंदन के ज्वेल हाउस में रखे गए रत्न जड़ित एक ताज को अगले साल महाराजा चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक के लिए उनके सिर के आकार के अनुकूल तब्दील करने की कवायद शुरू हो गई है। बकिंघम पैलेस ने शनिवार को यह जानकारी दी। शाही महल ने बताया कि देश के क्राउन ज्वेल्स के ऐतिहासिक केंद्रबिंदु के रूप में वर्णित सेंट एडवर्ड ताज को छह मई 2023 को होने वाले राज्याभिषेक समारोह के लिए तैयार करने के वास्ते विश्व प्रसिद्ध टॉवर से बाहर निकाला गया है।

## आगामी महीनों में यूक्रेनी सेना के लिए बेहतर संभावनाएं हो सकती हैं: अमेरिकी खुफिया प्रमुख

**कीव।** अमेरिकी खुफिया विभाग की प्रमुख एवरिल हैन्स का कहना है कि यूक्रेन में रूस के खिलाफ युद्ध धीमी गति से जारी है। उन्होंने कहा कि आगामी महीनों में यूक्रेनी सेना के लिए बेहतर संभावनाएं हो सकती हैं। हैन्स ने कुछ लोगों द्वारा पूर्व में दी गई उन सूचनाओं की ओर इशारा किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सलाहकार उन्हें युद्ध के घटनाक्रम से जुड़ी बुरी खबरों से बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह रूस में सेना के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक ने शनिवार देर रात कैलिफोर्निया के सिमी वैली में रीगन नेशनल डिफेंस फोरम में कहा, लेकिन यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि उनके पास इसकी पूरी जानकारी है, या नहीं। हैन्स ने कहा, ईमानदारी से कहा जाए तो हम देख रहे हैं कि यूक्रेन में रूस के खिलाफ युद्ध धीमी गति से जारी है। आगामी महीनों में यूक्रेनी सेना के लिए बेहतर संभावनाएं हो सकती हैं। हाल के सप्ताहों में, रूस का ध्यान यूक्रेनी बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने और पूर्वी हिस्से में बखमुत शहर के पास दबाव बनाने पर रहा है।

# नेपालः संसदीय चुनाव में नेपाली कांग्रेस की बढ़त बरकरार

भाषा। काठमांडू

● सियांग्जा सीट से पार्टी उम्मीदवार की जीत

**नेपाल के** संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पार्टी नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार धनराज गुरुंग ने सियांग्जा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-2 से जीत हासिल कर ली है, जिसके बाद पार्टी की अगुवाई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने अपनी बढ़त बनाए रखी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गुरुंग ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी सीपीएन (यूएमएल) की पद्मा कुमारी आर्यल को हराया। गुरुंग को 31,466 वोट मिले, जबकि कुमारी को 25,839 वोट हासिल हुए।इसके साथ ही नेपाली कांग्रेस ने प्रत्यक्ष चुनाव के तहत प्रतिनिधि सभा की 57 सीट पर जीत हासिल कर ली है और पार्टी सदन में पहले स्थान पर रही है। इसके बाद सीपीएन-यूएमएल का स्थान है, जिसने अब तक 44 सीट पर जीत हासिल की है।प्रत्यक्ष चुनाव में सीपीएन-माओइस्ट सेंटर को 17 सीट मिली हैं, जबकि सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट को 10 सीट पर जीत हासिल हुई है। अब तक 163 निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना पूरी हो चुकी है और मात्र दो सीट पर मतों की गिनती बाकी है।तीन निर्वाचन क्षेत्रों-सियांग्जा-2, बाजुरा और दोलखा के लिए मतगणना देर से शुरू हुई, क्योंकि इन निर्वाचन क्षेत्रों में विभिन्न समूहों के बीच विवाद के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था।नेपाल की 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा में 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से चुने जाएंगे, जबकि शेष 110 आनुपातिक चुनाव प्रणाली के माध्यम से निर्वाचित होंगे। किसी पार्टी को बहुमत से सरकार बनाने के लिए कम से कम 138 सीट की जरूरत होगी।पांच दलों वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-माओइस्ट सेंटर, सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनमोर्चा शामिल हैं। गठबंधन के पास प्रत्यक्ष निर्वाचन के तहत प्रतिनिधि सभा में अब 85 सीट हो गई हैं, जबकि विपक्षी सीपीएन-यूएमएल के पास 57 सीट हैं। इस बीच, नेपाली कांग्रेस नेता राम चंद्र पौडेल ने रविवार को कहा कि अब जो सरकार बनेगी वह राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और गांवों में विकास तथा रोजगार प्रदान करेगी। उन्होंने दलील दी कि मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन का लक्ष्य शांति स्थापित करना, सुशासन लाना और स्थिर सरकार प्रदान करना है। राइजिंग नेपाल अखबार ने उनके हवाले से कहा, देश को सुशासन की जरूरत है। अगर हम भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी रोक सके तो देश समृद्ध होगा। हमें कृषि में क्रांति लाकर खाद्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना होगा।

## इस्लामिक स्टेट ने काबुल में पाकिस्तानी दूतावास पर हमले की जिम्मेदारी ली

**भाषा, इस्लामाबाद।** इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने पिछले हफ्ते अफ़गानिस्तान मे पाकिस्तान के दूतावास पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। इस हमले मे पाकिस्तान के दूतावास के प्रभारी राजदूत तो बच गए थे, लेकिन उनका एक सुरक्षाकर्मी जख्मी हो गया था। आईएस खुरासन शाखा ने शनिवार देर रात अरबी भाषा मे जारी किए संक्षिप्त बयान मे दावा किया कि उसके दो लड़ाको ने पाकिस्तानी दूतावास के प्रभारी राजदूत और उनके सुरक्षा कर्मियो पर तब हमला किया, जब वे पाकिस्तानी दूतावास के परिसर में थे। इस हमले मे एक सुरक्षाकर्मी जख्मी हुआ और इमारत को नुकसान पहुंचा। उसने इससे ज्यादा जानकारी नही दी।

## पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने वजीरिस्तान में आतंकवादी कमांडर को मार गिराया

**पेशावर (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर पश्चिम भाग मे सुरक्षा बलो ने एक आतंकवादी कमांडर को गिराया जो हाई प्रोफाइल आतंकवादी गतिविधियों मे संलिप्तता को लेकर वांछित था। सेना ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि दो दिसंबर को उत्तरी वजीरिस्तान के शेवा क्षेत्र मे सुरक्षा बलो के साथ मुठभेड़ आतंकवादी कमांडर मुहम्मद नूर उर्फ सरकई मारा गया था। पाकिस्तान के सुरक्षा बलो के खिलाफ कई आतंकी गतिविधियों मे शामिल होने और अपहरण तथा फिरौती के अनेक मामलो मे शामिल होने के कारण नूर सीटीडी द्वारा वांछित था।

# विशेषज्ञों की राय, रेपो दर में 0.25 से 0.35 प्रतिशत की वृद्धि करेगा रिजर्व बैंक

भाषा। नई दिल्ली

**खुदरा** मुद्रास्फीति में नरमी के संकेतों और वृद्धि को बढ़ावा देने की जरूरत को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बुधवार को अपनी आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा में दरों में वृद्धि को लेकर नरम रुख अपना सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि ब्याज दरों में लगातार तीन बार 0.50 प्रतिशत की वृद्धि करने के बाद अब केंद्रीय बैंक इस बार ब्याज दरों में 0.25 से 0.35 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक सोमवार से शुरू हो रही है। तीन दिन की बैठक के नतीजों की घोषणा सात दिसंबर को की जाएगी। घरेलू कारकों के अलावा एमपीसी अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व का अनुसरण कर सकती है जिसने इस महीने के अंत में दरों में कुछ कम वृद्धि करने के संकेत दिए हैं। रिजर्व बैंक ने इस वर्ष मई से प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 1.90 प्रतिशत की वृद्धि की है। इसके बावजूद मुद्रास्फीति जनवरी से ही छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, हमारा मानना है कि एमपीसी इस बार भी दरों में वृद्धि करेगी। हालांकि, यह वृद्धि 0.25 से 0.35 प्रतिशत तक ही होगी। ऐसा अनुमान है कि रेपो दर इस वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। इसका मतलब है कि फरवरी में रेपो दर में एक और वृद्धि देखने को मिलेगी। आरबीआई मौद्रिक नीति तय करते वक्त उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर प्रमुख रूप से गौर करता है। सीपीआई में कुछ नरमी के संकेत मिल रहे हैं लेकिन यह अब भी केंद्रीय बैंक के संतोषजनक स्तर से ऊपर है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च में मुख्य अर्थशास्त्री डी के पंत ने कहा, मुद्रास्फीति में और गिरावट आने की उम्मीद है। हालांकि, इस तिमाही में यह छह प्रतिशत के ऊपर ही रहेगी। हमारा मानना है कि आरबीआई दिसंबर, 2022 की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर 0.25 प्रतिशत बढ़ा सकता है। कोटक महिंद्रा बैंक के पूर्णकालिक निदेशक शांति एकंबरम ने कहा कि फेडरल रिजर्व के नरम रुख और मुद्रास्फीति में कुछ कमी को देखते हुए आरबीआई और एमपीसी भी दरों में कुछ कम यानी 0.25 से 0.35 प्रतिशत की वृद्धि करेंगे।

## रिजर्व बैंक के ब्याज दरों पर निर्णय, विधानसभा चुनावों के नतीजों से तय होगी बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के ब्याज दरों पर निर्णय से इस सप्ताह मुख्य रूप से स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उनका कहना है कि इसके अलावा वैश्विक रुझान और विदेशी कोषों की गतिविधियां भी बाजार को दिशा देंगी। बाजार निवेशकों की निगाह सप्ताह के दौरान राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों पर भी रहेगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, वैश्विक संकेतों की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। हालांकि, बाजार भागीदारों की निगाह घरेलू संकेतकों मसलन रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के नतीजों तथा गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों के नतीजों पर भी रहेगी। विधानसभा चुनावों के नतीजे आठ दिसंबर को आएंगे। मीणा ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल और डॉलर इंडेक्स में गिरावट आई है और आगे बाजार की इसपर भी नजर होगी। वृहद आर्थिक मोर्चे पर सोमवार को सेवा क्षेत्र के लिए खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई)के आंकड़े आएंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, निवेशक बेसब्री से विधानसभा चुनावों के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 574.86 अंक या 0.92 प्रतिशत के लाभ में रहा। सैमको सिक्योरिटीज में बाजार परिदृश्य प्रमुख अपूर्व सेठ का मानना है कि इस सप्ताह शेयर बाजारों के लिए सबसे बड़ा घटनाक्रम रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा है।

# एफपीआई ने नवंबर में शेयरों में 36,329 करोड़ रुपए डाले

भाषा। नई दिल्ली

**लगातार दो** माह तक भारतीय शेयर बाजारों से निकासी के बाद नवंबर में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) एक बार फिर लिवाल बन गए हैं। अमेरिकी डॉलर इंडेक्स में कमजोरी तथा भारत का कुल वृहद आर्थिक रुख सकारात्मक होने के बीच एफपीआई ने नवंबर में भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 36,329 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह इस साल तीसरा महीना (जुलाई, अगस्त और नवंबर) है जबकि एफपीआई का निवेश प्रवाह सकारात्मक रहा है। इसके अलावा दिसंबर माह की शुरुआत भी सकारात्मक रुख के साथ हुई है। अरिहंत कैपिटल की पूर्णकालिक निदेशक एवं संस्थागत कारोबार प्रमुख अनीता गांधी ने कहा, आगे चलकर एफपीआई का प्रवाह दिसंबर में सकारात्मक रहने की उम्मीद है। हालांकि, एफपीआई का रुझान महंगे शेयरों से मूल्य प्रदान करने वाले शेयरों की ओर हो सकता है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि भारत को अपने हिस्से का एफपीआई निवेश मिलेगा। हालांकि, ऊंचे मूल्यांकन की वजह से यह कुछ प्रभावित हो सकता है।

## पहली छमाही में राज्यों का सामूहिक पूंजीगत व्यय मात्र 2.2 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 18 राज्यों के पूंजीगत खर्च में सिर्फ 2.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, इस अवधि में इन राज्यों का सामूहिक राजस्व घाटा एक साल पहले की समान अवधि में घटकर एक-चौथाई रह गया है। इक्रा रेटिंग्स ने 18 बड़े राज्यों के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर कहा कि इसका मतलब है कि 2022-23 के बजट लक्ष्य को पूरा करने के लिए इन राज्यों को दूसरी छमाही में पूंजीगत व्यय में 57 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी करनी होगी। इन 18 राज्यों ने सामूहिक रूप से 6.2 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का बजट लक्ष्य रखा है।

## डिजिटल मुद्रा को अभी तय करना है लंबा सफरः सुभाष

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बहुत सीमित उपयोग के लिए प्रायोगिक आधार पर सरल डिजिटल रुपए की शुरुआत की है और सही मायने में बलॉकचेन आधारित डिजिटल मुद्रा के उलट यह पारंपरिक बैंक खाते की ही तरह है, जिसमें लेन-देन को लेकर रुपए के स्थान पर डिजिटल टोकन का उपयोग किया जाएगा। वास्तव में केंद्रीय बैंक को पूर्ण डिजिटल मुद्रा को लेकर अभी लंबा रास्ता तय करना है। आरबीआई के प्रायोगिक तौर पर खुदरा डिजिटल रुपया शुरू किए जाने के साथ पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने यह बात कही है। उन्होंने यह भी कहा कि अर्थव्यवस्था में मुद्रा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है लेकिन यह विकास का कोई प्राथमिक कारक नहीं है। डिजिटल व्यवस्था में सहज लोगों के लिए यह अच्छा है, लेकिन नकदी पर भरोसा करने वाले आम आदमी के लिए यह बहुत मायने नहीं रखता है।

# एनडीटीवी का सबसे बड़ा शेयरधारक बनने की ओर अडाणी समूह

भाषा। नई दिल्ली

**एनडीटीवी के** शेयरधारकों ने शनिवार को अडाणी समूह को करीब 53 लाख शेयरों की पेशकश की। इससे समूह मीडिया कंपनी का सबसे बड़ा शेयरधारक बन जाएगा और उसे प्रसारणकर्ता कंपनी का चेयरमैन नियुक्त करने का अधिकार मिल जाएगा। अडाणी समूह ने एक छोटी कंपनी का अधिग्रहण करके नई दिल्ली टेलीविजन लि.(एनडीटीवी) में 29.18 प्रतिशत हिस्सेदारी पर अप्रत्यक्ष अधिकार हासिल कर लिया था। इसके बाद समूह मीडिया कंपनी के निवेशकों के लिए खुली पेशकश लेकर आया। शेयर बाजार की अधिसूचना के मुताबिक, यह खुली पेशकश पांच दिसंबर को बंद होगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक, अडाणी की खुली पेशकश के तहत एनडीटीवी के अल्पांश शेयरधारकों से 294 रुपए प्रति शेयर के भाव पर 1.67 करोड़ या 26 प्रतिशत शेयरों की खरीद की पेशकश की गई है। इसमें से अडाणी समूह को अबतक 53.27 लाख शेयरों के लिए प्रस्ताव मिल चुके हैं। कॉरपोरेट निवेशकों ने सर्वाधिक 39.34 लाख शेयरों की पेशकश की जबकि खुदरा निवेशकों ने सात लाख से अधिक शेयरों की पेशकश की। पात्र संस्थागत खरीदारों ने 6.86 लाख शेयरों की पेशकश की। अडाणी की खुली पेशकश एनडीटीवी के शेयर के मौजूदा भाव की तुलना में काफी कम कीमत पर की गई है। खुली पेशकश के तहत शेयर का भाव 294 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है, जबकि शुक्रवार को शेयर बाजारों में एनडीटीवी का शेयर 414.40 रुपए पर बंद हुआ था।

# जी की अध्यक्षता के दौरान दुनिया को भारत की उपलब्धियों के बारे में बताएगा नीति आयोग : बेरी

भाषा। नई दिल्ली

**भारत की** जी20 की अध्यक्षता को एक अवसर की तरह इस्तेमाल करते हुए नीति आयोग इस दौरान दुनिया को देश की उपलब्धियों के बारे में बताएगा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने यह बात कही है। बेरी ने कहा कि अभी दुनिया सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने की भारत की क्षमता की बहुत सराहना नहीं करती है, इसलिए जी20 की अध्यक्षता का लाभ उठाकर हम देश की उपलब्धियों के बारे में बताने का काम करेंगे। बेरी ने कहा कि लोग चीन की कहानी जानते हैं, लेकिन वे भारत की कहानी से अनजान हैं।



उन्होंने कहा, जी20 की अध्यक्षता के दौरान भारत अगले साल सितंबर में शिखर सम्मेलन तक वैश्विक स्तर पर चर्चा या सुर्खियों में रहेगा। ऐसे में यह नीति आयोग का कर्तव्य है कि हम दुनिया को भारत की कहानी के बारे में बताएं। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, इसलिए हम लोगों को यूपीआई, कोविड-19 टीकाकरण और राशन कार्यक्रम सहित भारत की कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में बताएंगे। भारत की जी20 की अध्यक्षता एक दिसंबर से शुरू हो गई है और जी20 का शिखर सम्मेलन नौ और 10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाला है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि दुनिया बड़े पैमाने पर सार्वजनिक सेवाएं देने की भारत की क्षमता को मानती है, यहां तक कि वे एलपीजी कनेक्शन देने की भी सराहना नहीं करते हैं। मेरा मानना है कि वैश्विक मानकों के हिसाब से देखा जाए, तो इतनी बड़ी संख्या में एलपीजी कनेक्शन देना लगभग अकल्पनीय है। जी20 या समूह 20 दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकार स्तर का मंच है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं। जी20 का वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 80 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार में 75 प्रतिशत हिस्सा है। दुनिया की दो-तिहाई आबादी इन देशों में रहती है।

# भारत कई वर्षों तक नौ फीसदी की जीडीपी वृद्धि दर हासिल कर सकता है : सान्याल

भाषा। उदयपुर

**आर्थिक** सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने रविवार को कहा कि भारत कई वर्षों तक नौ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि 2030 के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने के लिए जरूरी है कि दुनिया लगातार उच्च वृद्धि दर हासिल करे। सान्याल ने यहां भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत पहली शेरपा बैठक के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत की प्रति व्यक्ति आय केवल 2,200 अमेरिकी डॉलर है और यह कई वर्षों की उच्च वृद्धि दर के बाद हासिल की गई है। एसडीजी हासिल करने के लिए खासतौर से दक्षिणी गोलार्ध में उच्च जीडीपी वृद्धि दर को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो हम जो कुछ भी कर रहे हैं, वह गरीबी के पुनर्वितरण से अधिक कुछ नहीं होगा। अपेक्षाकृत उन्नत देशों में भी ज्यादातर का कर्ज बहुत अधिक है। उनके लिए भी जीडीपी वृद्धि का उच्च स्तर बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण होगा।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I **Anju Chaudhary W/o Sh. Ratan Singh** R/o H.No. 1354, Sector-37, Faridabad-121003 purchaser of Property No. D-21, Okhla Industrial Area, Phase-1, New Delhi-110020, The Original Allotment Letter, Possession Letter & Possession Slip has been Lost/Misplaced. An F.I.R to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch Delhi FIR/LR No. 1044609/2022 dated 03.12.2022. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write contact with above address/Ph. No 9810087277 within 15 days from the date of publication of this notice. The person(s) claiming any right, interest, objection within respect to this property can personally inform or write to Deputy Director LSB (I) DDA Vikas Sadan, New Delhi-110023 Sd/-
**Anju Chaudhary W/o Sh. Ratan Singh Ph. No. 9810087277**

# सीएम शिंदे, फडणवीस ने समृद्धि एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें काले झंडे दिखाए**

**भाषा।** नागपुर/जालना

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेस के नवनिर्मित प्रथम खंड का निरीक्षण करने के लिए नागपुर और शिरडी शहर के बीच रविवार को टेस्ट ड्राइव किया। इस यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें जालना शहर में काले झंडे दिखाए। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को घोषणा की थी कि इस परियोजना के नागपुर से शिरडी तक के हिस्से का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 दिसंबर को करेंगे, जबकि शेष हिस्से का निर्माण छह महीने में पूरा किया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लंबित बिल को लेकर किसानों का बिजली कनेक्शन काटने, छत्रपति शिवाजी महाराज पर राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के हालिया बयानों सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर शिंदे तथा फडणवीस को यात्रा के दौरान काले झंडे दिखाए। वाहन के चालक की सीट पर फडणवीस बैठे हुए थे। उन्होंने और शिंदे ने अपने काफिले के साथ यात्रा दोपहर पौने एक बजे नागपुर में समृद्धि एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट से शुरू की। नागपुर से शिरडी के बीच की दूरी 520 किमी है। शिंदे को वाहन की अगली सीट पर फडणवीस के बगल में बैठे देखा गया। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के प्रबंध निदेशक राधेश्याम मोपलवार और कुछ अधिकारी उनके साथ थे। उनकी निरीक्षण यात्रा का विदर्भ क्षेत्र के नागपुर, वर्धा, अमरावती, वाशिम, बुलढाना जिलों में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। हिंदू हृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग की कुल लंबाई 701 किमी है। इसे 49,250 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया जा रहा। यह 10 जिलों में 392 गांवों से होकर गुजरता है। यात्रा से पहले नागपुर में संवाददाताओं से बात करते हुए शिंदे ने कहा कि समृद्धि एक्सप्रेसवे एक निर्णायक परियोजना साबित होगी, जो दोनों शहरों के बीच की दूरी घटाएगी और इससे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। नागपुर से शिरडी जाने के दौरान अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे जब शिंदे और फडणवीस जालना शहर के बाहरी इलाके में पहुंचे, तब रेल राज्य मंत्री रावसाहेब दानवे और पूर्व मंत्री अर्जुन खोटकर ने उनका स्वागत किया। आयोजन स्थल पर कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता भी पहुंच गए और काले झंडे लहराए। कांग्रेस की किसान शाखा के जालना जिला प्रमुख नारायण वाडेकर ने संवाददाताओं से बात करते हुए यह जानना चाहा कि राज्य सरकार किसानों का बिजली बिल माफ क्यों नहीं कर रही है। शिंदे और फडणवीस की यात्रा से पहले महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच दशकों पुराना सीमा विवाद का मुद्दा भी नागपुर में सामने आया। रविवार सुबह शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) के कार्यकर्ताओं ने नागपुर हवाईअड्डा के पास लगाए गए कर्नाटक सरकार के पर्यटन विभाग के पोस्टर फाड़ दिए। उन्होंने कर्नाटक सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

## महिलाओं को टिकट देना इस्लाम के खिलाफ है : शाही इमाम

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में जामा मस्जिद के शाही इमाम शब्बीर अहमद सिद्दीकी ने रविवार को कहा कि चुनावों में महिलाओं को टिकट देना इस्लाम के खिलाफ विद्रोह है तथा यह धर्म को कमजोर करता है। गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए दूसरे तथा अंतिम चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर यहां पत्रकारों से बातचीत में शाही इमाम शब्बीर अहमद सिद्दीकी ने कहा कि महिलाओं को नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं है क्योंकि इस्लाम में उनकी एक निश्चित जगह है। उन्होंने कहा, अगर आप इस्लाम की बात करते हैं...क्या आपने एक भी महिला को नमाज पढ़ते हुए देखा? इस्लाम में नमाज का बहुत बड़ा महत्व है। अगर इस्लाम में महिलाओं का लोगों के सामने आना उचित होता तो क्या उन्हें मस्जिद में प्रवेश करने से रोका जाता। शाही इमाम ने कहा, महिलाओं को मस्जिदों में जाने से रोका जाता है क्योंकि उनकी इस्लाम में एक निश्चित जगह है। जो भी पार्टी मुस्लिम महिलाओं को टिकट देती है तो वह इस्लाम के खिलाफ विद्रोह है। क्या आपके पास पुरुष (उम्मीदवार) नहीं हैं जो आप महिलाओं को ला रहे हैं? इससे हमारा धर्म कमजोर होगा।



नई दिल्ली में चीफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान साथ में चीफ नवल स्टाफ एडमिरल आर. हरी व अन्य नवी दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि देते हुए।

# प्रधानमंत्री मोदी आज भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक का उद्घाटन करेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक का उद्घाटन करेंगे। इसमें कुछ राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी के मद्देनजर पार्टी के राजनीतिक एजेंडे को रखा जाएगा। पार्टी ने एक बयान में कहा कि मोदी गुजरात विधानसभा चुनाव में मतदान करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी पहुंचेंगे और देश भर से पार्टी के वरिष्ठ संगठनात्मक नेताओं की बैठक का उद्घाटन करेंगे तथा उसे संबोधित करेंगे। परिपाटी के अनुसार राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा, पार्टी की प्रदेश इकाइयों के अध्यक्ष और महासचिव (संगठन) भी बैठक में भाग लेंगे।

बयान में कहा गया है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पार्टी की भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा, राज्य विधानसभा चुनावों के अगले दौर के लिए तैयारियों का जायजा लिया जाएगा तथा विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

पार्टी के नेता साल भर संगठनात्मक कार्यों में लगे रहते हैं और यह बैठक जायजा लेने की कवायद के तौर पर काम करेगी। पिछले लोकसभा चुनाव में जिन सीटों पर पार्टी को हार मिली थी, वहां अपनी स्थिति मजबूत करने और 2024 में जीत सुनिश्चित करने के मद्देनजर केंद्रीय मंत्रियों सहित पार्टी के नेताओं के विभिन्न समूह भी इस बैठक में हिस्सा लेंगे। लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के अलावा त्रिपुरा और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## फिल्म निर्माता नितिन मनमोहन को हृदय संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नितिन मनमोहन को हृदय संबंधी समस्याओं के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। ऐसा बताया जा रहा है कि बोल राधा बोल और लाडला जैसी फिल्मों के निर्माता मनमोहन को शनिवार की शाम को दिल का दौरा पड़ा और उन्हें नवी मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के एक अधिकारी के मुताबिक, नितिन मनमोहन फिलहाल गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में हैं। अधिकारी ने कहा, उन्हें कल रात हृदय संबंधी समस्याओं के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें बहुत गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया था। वह आईसीयू में हैं। नितिन मनमोहन दिवंगत अभिनेता मनमोहन के बेटे हैं, जिन्होंने ब्रह्मचारी, गुमनाम और नया जमाना जैसी फिल्मों में अभिनय किया था।

# विशाखापत्तनम में नौसेना दिवस समारोह में युद्ध कौशल का शानदार प्रदर्शन

**भाषा।** विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)

**भारतीय नौसेना** ने रविवार को यहां नौसेना दिवस के अवसर पर अभियानगत प्रदर्शन कर शानदार युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति और सैन्य बल की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू यहां रामकृष्ण बीच पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थीं। यह पहली बार था जब नौसेना दिवस नई दिल्ली के बाहर मनाया गया। पनडुब्बी आईएनएस सिन्धु कीर्ति और पोत आईएनएस तरंगिनी पर सवार नाविकों ने राष्ट्रपति का शानदार स्वागत किया।

नौसेना के कमांडो ने सी किंग हेलीकॉप्टर से प्रदर्शन किया, जिसके बाद मार्कोस (मरीन कमांडो) ने युद्ध कौशल दिखाते हुए एक बचाव अभियान के साथ ऑयल रिग (समुद्र से तेल निकालने के लिए बना ढांचा) को ध्वस्त कर दिया। हॉक विमान के साथ मिग-29 के विमानों ने भी प्रदर्शन दिखाए। नौसेना के युद्धपोत मिसाइल कार्वेट आईएनएस खंजर, आईएनएस कदमत्त और आईएनएस किर्च, डिस्ट्रॉयर आईएनएस दिल्ली, फ्रिगेट आईएनएस सह्याद्री और डिस्ट्रॉयर आईएनएस कोच्चि का प्रदर्शन किया गया। एक खोज और बचाव अभियान का प्रदर्शन भी किया गया जिसमें कमांडो नौसेना के चेतक और उन्नत हल्के हेलीकाप्टर एएलएच मच-3 से नीचे उतरे और मिशन को अंजाम दिया।

कार्यक्रम के तहत नौसेना के विमानों द्वारा फ्लाई-पास्ट के साथ, युद्धपोतों से रॉकेट दागे गए। स्काइडाइवर अनूप सिंह ने एक विमान से कूदने के प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को भारतीय नौसेना का इतिहास पुस्तक भेंट की। प्रसिद्ध संगीतकार तिकड़ी शंकर-एहसान-लॉय द्वारा रचित और प्रसिद्ध गीतकार प्रसून जोशी द्वारा लिखित, भारतीय नौसेना पर तैयार गीत को इस अवसर पर जारी किया गया। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी, रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और अन्य ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

राष्ट्रपति ने डिजिटल तरीके से कुरनूल जिले में नेशनल ओपन एयर रेंज और कृष्णा जिले के निम्मकुरु में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की एडवांस नाइट विजन प्रोडक्ट्स फैक्टरी का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने 925 करोड़ रुपए से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया, जिसमें एनएच-340 के रायचोटी-अंगल्लू खंड, एनएच-205 पर चार-लेन के रोड-ओवर-ब्रिज का काम शामिल है। मुर्मू ने राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में चार एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का भी उद्घाटन किया।

## क्विक न्यूज

### निजी संबंधों के आड़े राजनीति नहीं आनी चाहिए: टीएमसी सांसद दीपक अधिकारी

**कोलकाता।** बांग्ला फिल्मों के सुपरस्टार एवं टीएमसी के सांसद दीपक अधिकारी ने कहा कि पेशेवर अभिनेताओं को विरोधी खेमे के प्रति निष्ठा रखने वाले लोगों के साथ सहयोग करते समय अपनी राजनीतिक विचारधाराओं को किनारे रख देना चाहिए। दीपक ने कहा कि पेशेवर कलाकारों को प्रतिद्वंद्वी खेमे के प्रति निष्ठा रखने वाले लोगों के साथ सहयोग करने से हिचकिचाना नहीं चाहिए। राजनीति को कभी भी व्यक्तिगत संबंधों के आड़े नहीं आना चाहिए। उन्हें देव नाम से भी जाना जाता है। उनकी आगामी फिल्म प्रजापति में दिग्गज अभिनेता और भाजपा के नेता मिथुन चक्रवर्ती ने भी अभिनय किया है। हमारी आने वाली फिल्म में, मैं और मिथुन दा, क्रमश: बेटे और पिता की भूमिका निभा रहे हैं। हम दोनों ही अपनी पार्टी में बड़े नाम हैं। हम दोनों का हमारी पार्टियों द्वारा सम्मान किया जाता है। राजनीति का अपना स्थान है, और रचनात्मक कार्य का अपना। एक क्षेत्र को दूसरे क्षेत्र को प्रभावित नहीं करना चाहिए। अभिनेता ने कहा, मैं भी अपने व्यक्तिगत संबंधों को प्रभावित नहीं होने देता। घाटाल से जब उम्मीदवार के रूप में मेरे नाम की घोषणा की गई थी, तो मैंने अपने राजनीतिक विरोधियों सहित सभी के प्रति शिष्टाचार और सम्मान प्रदर्शित किया था। मैंने वामपंथी उम्मीदवार के चरण स्पर्श किए थे। मैंने कभी किसी का अपमान नहीं किया। देव (39) ने कहा कि राजनीति को लोगों को विभाजित नहीं करना चाहिए, बल्कि लोगों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करना चाहिए। अभिनेता ने कहा कि मिथुन चक्रवर्ती ने हमेशा उन्हें स्नेह किया है।

### डीआरडीओ ने आकाश प्रणाली का सीलबंद विवरण एमएसक्यूएए को सौंपा

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने आकाश हथियार प्रणाली (भारतीय सेना संस्करण) के तकनीकी विनिर्देश व गुणवत्ता दस्तावेज समेत सीलबंद विवरण (एएचएसपी) को प्रक्षेपास्त्र प्रणाली गुणवत्ता आश्वासन एजेंसी (एमएसक्यूएए) से संबंधित प्राधिकरण को सौंप दिया है, जिससे इसके उत्पादन का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि शनिवार को हैदराबाद में सीलबंद विवरण (एएचएसपी) सौंपा गया। उसने एक बयान में कहा, एएचएसपी हस्तांतरण के हिस्से के रूप में तकनीकी विनिर्देश व गुणवत्ता दस्तावेज एवं पूर्ण हथियार प्रणाली घटकों की ड्राइंग को प्रोजेक्ट आकाश द्वारा एमएसक्यूएए को सौंपा गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एएचएसपी हस्तांतरण को एक ऐतिहासिक अवसर करार देते हुए डीआरडीओ, भारतीय सेना व उद्योग जगत को बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह रक्षा सेवाओं की आवश्यकता को पूरा करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा। आकाश पहली अत्याधुनिक स्वदेशी सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है, जो लगभग एक दशक से सशस्त्र बलों के साथ भारतीय आकाश की रक्षा कर रही है। इसे भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना द्वारा 30,000 करोड़ रुपए के ऑर्डर मूल्य के साथ शामिल किया गया है, जो स्वदेशी मिसाइल प्रणाली के लिए सबसे बड़ी एकल प्रणाली ऑर्डर में से एक है।

### ट्रक ने सड़क किनारे खड़े लोगों को कुचला, छह की मौत, 10 घायल

**रतलाम (मप्र)।** मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में रविवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े कुछ लोगों को कुचल दिया, जिससे कम से कम छह लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए, जिनमें से आठ की हालत गंभीर है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना रतलाम जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर जावरा-लेबड़ फोरलेन पर सातरुंडा चौराहे पर हुआ। रतलाम के जिलाधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि इस हादसे में छह लोगों की मौत हुई है। हादसे में कम से कम 10 लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें रतलाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से आठ की हालत गंभीर है। घटनास्थल पर पहुंचे जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक हादसे के बाद लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ क्षत-विक्षत शव सड़क पर बिखरे पड़े थे।

## उत्तराखंड के हरिद्वार के कई कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल

**देहरादून।** उत्तराखंड के हरिद्वार के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता अपने समर्थकों सहित रविवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा राज्य मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में हरिद्वार से लोकसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक के अलावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए उनसे दिव्य-भव्य हरिद्वार के साथ श्रेष्ठ उत्तराखंड बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया। धामी ने कहा कि उनके भाजपा में शामिल होने से पार्टी का संगठन अधिक मजबूत होगा और सरकार के कामों को जनता के बीच पहुंचाने में मदद मिलेगी। पूर्व मुख्यमंत्री निशंक ने पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को अपनेअपने क्षेत्रों का योद्धा बताया और कहा कि इनके आने से संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूती मिलेगी। भट्ट ने पार्टी का हिस्सा बने लोगों को विश्वास दिलाया कि उनकी भावनाओं व विचारों को पूरा सम्मान दिया जाएगा।

# युवा भारत के विकास के इंजन है : अनुराग ठाकुर

**भाषा।** हिसार (हरियाणा)



**केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री** अनुराग ठाकुर ने रविवार को युवाओं को देश के विकास का इंजन बताया और उनसे अति सक्रिय एवं नवोन्मेषी होने तथा कुछ नया सीखने के लिए नई प्रौद्योगिकी अपनाने का आह्वान किया। ठाकुर हिसार में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग में स्थापित सामुदायिक रेडियो स्टेशन 90.0 भविष्यवाणी का भी उद्घाटन किया।

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता और हिसार से लोकसभा सांसद ब्रजेंद्र सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद थे। इस मौके पर ठाकुर ने कहा, पूरी दुनिया उम्मीद से भारत के युवाओं की ओर देख रही है, क्योंकि आप देश के विकास के इंजन हैं और भारत दुनिया के विकास का इंजन है। भारत अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है और हमें 2047 तक भारत को पूरी तरह विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कुशल एवं पेशेवर युवाओं की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शिक्षा की असीम संभावनाएं होनी चाहिए। ठाकुर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत बहु विषयक रवैए के जरिए सीखने का समग्र अनुभव हासिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, आप अच्छी तरह जानते हैं कि एनईपी लाने में 34 से अधिक साल लगे। मैं आज कह सकता हूं कि इसे सीखने का समग्र अनुभव उपलब्ध कराने के लिए अध्ययन की बहु विषयक प्रवृत्ति पर जोर देने के साथ ही बनाया गया है।

साथ ही उन्होंने स्टार्टअप कार्यक्रम के लिए नरेंद्र मोदी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी है। उन्होंने कहा कि 110 स्टार्टअप को यूनिकॉर्न का दर्जा मिला है। देश में 85,000 से अधिक स्टार्टअप हैं। केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने के लिए हरियाणा की बेटियों की प्रशंसा की। उन्होंने विश्वविद्यालयों तथा शैक्षणिक संस्थानों से खेल बुनियादी ढांचे को उन्नत करने तथा युवाओं से फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज पर जोर देते हुए फिट इंडिया मूवमेंट में सक्रियता से भाग लेने का आह्वान किया। ठाकुर बाद में हिसार के दूरदर्शन केंद्र भी गए।

# साल 2023 का चुनाव वाइब्रेंट त्रिपुरा की आधारशिला रखेगा : भौमिक

**अगरतला।** केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने रविवार को कहा कि 2023 का विधानसभा चुनाव वाइब्रेंट त्रिपुरा की आधारशिला रखेगा। उन्होंने माकपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राज्य में इस मिशन में शामिल होने का आग्रह किया। त्रिपुरा में साल 2023 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा की वरिष्ठ नेता भौमिक ने पश्चिम त्रिपुरा के बमबूटिया में आयोजित एक रैली में कहा, 2018 का चुनाव त्रिपुरा को वामवंथी शासन से मुक्त करने के लिए मुक्ति संग्राम की तरह था और 2023 के चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक वाइब्रेंट (जीवंत) त्रिपुरा की आधारशिला रखने के लिए होंगे। भाजपा ने 2018 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे को हराया था, जो राज्य में 25 वर्षों से सत्ता में था। भौमिक ने कहा, आप वाम दलों या कांग्रेस से जुड़े रहकर अपने सपने पूरे नहीं कर पाएंगे। आपको यह तय करना होगा कि आपकी आने वाली पीढ़ियां किसके हाथों में सुरक्षित हैं-नरेंद्र मोदी या राहुल गांधी। आइए अपने परिवार के साथ-साथ राज्य के लिए एक नई शुरुआत करने के लिए भाजपा से जुड़िए। केंद्रीय सामाजिक अधिकारिता एवं सामाजिक न्याय राज्य मंत्री भौमिक ने आरोप लगाया कि माकपा के शासन के दौरान गरीब किसान धान नहीं बेच पाते थे। 2018 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से ही त्रिपुरा में धान की खरीद शुरू हुई। इस साल राज्य ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 35,000 मीट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, बंबूटिया के करीब 2,500 गरीब किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत हर साल 6,000 रुपए मिल रहे हैं। भौमिक ने दावा किया कि भाजपा लोगों को उनके वैध अधिकारों से वंचित करने में विश्वास नहीं करती है, फिर चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो या फिर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि या कुछ और, लेकिन वह माकपा थी, जिसने लोगों को लंबे समय तक उनके अधिकारों से वंचित रखा।

# हम माफ कर सकते है, भूल नही सकते: नगालैंड के ग्रामीण

**ओटिंग (नगालैंड)।** नगालैंड में मोन जिले के ओटिंग में सैन्य बलों द्वारा गलत पहचान के कारण 14 लोगों की कथित रूप से हत्या किए जाने की घटना के रविवार को एक साल पूरे होने पर ग्रामीणों ने कहा कि वे इसमें संलिप्त कर्मियों को माफ कर सकते हैं, लेकिन इसे भूल नहीं सकते हैं। उन्होंने इस दुखद घटना की निशानियों को मिटाने के लिए घटनास्थल की घास तक जला दी है, लेकिन चार दिसंबर 2021 को हुई घटना की यादें अब भी इस छोटे से गांव के लोगों के ज़ेहन में हैं। ओटिंग गांव के सामुदायिक नेता खेतवांग कोन्याक ने कहा, हम कुछ मायनों में आगे बढ़ चुके हैं, लेकिन दर्द और पीड़ा अब भी है। नगालैंड में हम माफ करना जानते हैं, लेकिन हम इस त्रासदी को नहीं भूल सकते हैं। पूर्वोत्तर राज्य में मोन जिले के ओटिंग के लोगों ने कहा कि वे हत्याओं की पहली बरसी पर 14 लोगों की याद में एक शिला स्तंभ स्थापित करेंगे। पिछले साल चार दिसंबर को ओटिंग गांव में काम से लौट रहे छह कोयला खनिकों की सैन्य कर्मियों की गोलीबारी में मौत हो गई थी, जबकि सुरक्षा बलों के साथ झड़प के दौरान सात अन्य को गोली मार दी गई थी। गोलियों से छलनी किए गए मजदूरों के शव सेना के एक ट्रक में पाए जाने के बाद यह झड़प हुई थी। इस झड़प में एक सुरक्षाकर्मी की भी मौत हो गई थी। अगले दिन मोन शहर में भीड़ ने असम राइफल्स के शिविर पर हमला कर दिया था, जिसमें एक अन्य नागरिक की मौत हो गई। खेतवांग कोन्याक ने कहा, हमने नरसंहार स्थल को साफ कर दिया है और पुरानी घास और अन्य पौधों को जला दिया है। हम वहां स्मारक के रूप में एक शिला स्तंभ स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। हम काले झंडे और बैनर लहराएंगे। पिछले साल दिसंबर की घटना में जख्मी हुए चिंगमेई कोन्याक ने कहा, पर जन-जीवन सामान्य हो गया है, लेकिन हम सभी मानसिक, शारीरिक और आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। सेना की सप्लाई कोर के पूर्व कर्मी ने दावा किया, उन्होंने हमारे इलाज का खर्चा उठाया। हममें से कई लोग पहले की तरह अपने काम पर जाने लायक नहीं रह गए हैं और हम आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

खेतवांग कोन्याक ने यह भी दावा किया कि राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को नौकरी और अनुग्रह राशि प्रदान की है, लेकिन घायलों को बेसहारा छोड़ दिया गया है। हम उनके साथ सहयोग करते हैं या नहीं, यह समुदाय का निर्णय होगा। हम फिर से सेना के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं, लेकिन हम नरसंहार को आसानी से नहीं भूल सकते हैं। नगालैंड स्टूडेंट्स फेडरेशन (एनएसएफ) के महासचिव सिपुनी एन फिलो ने कहा कि ओटिंग घटना के बाद पीड़ितों को न्याय मिलने तक वे सुरक्षा बलों के साथ सहयोग नहीं करने के अपने फैसले पर अडिग हैं। ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) के अध्यक्ष आर त्सापिकू संगतम ने कहा कि ईएनपीओ चार और पांच दिसंबर को राज्य के समूचे पूर्वी हिस्से में काला दिवस मनाएगा। नगालैंड सरकार ने इस घटना की जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया था। उसने ओटिंग में गोलीबारी की घटना में सेना के 21 पैरा स्पेशल फोर्स के 30 कर्मियों के खिलाफ एक अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है।

# टीएमसी नेता अभिषेक के फरमान पर पंचायत प्रमुख ने इस्तीफा दिया

**कोलकाता।** पश्चिमी बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में एक पंचायत के प्रमुख ने तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी के निर्देश के बाद रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया लेकिन दावा किया कि वरिष्ठ नेता को पार्टी में उनके विरोधियों ने गुमराह किया है। मरिश्दा ग्राम पंचायत के दो अन्य पदाधिकारियों ने भी बनर्जी के कहने पर इस्तीफा दे दिया है। ममता बनर्जी के बाद अभिषेक बनर्जी को पार्टी में दूसरे नंबर का नेता माना जाता है। जिले के कौंथि में शनिवार को एक रैली में जाते वक्त बनर्जी ने अचानक मरिश्दा का दौरा किया। कुछ आक्रोशित लोगों से बात करने के बाद उन्होंने ग्राम पंचायत के प्रधान झुमुरानी मंडल और उनके दो सहकर्मियों को अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति के गरीब ग्रामीणों से कथित भेदभाव करने के लिए 48 घंटे के भीतर इस्तीफा देने को कहा था। मंडल ने अपने कार्यकाल में इलाके में विकास होने का दावा करते हुए पार्टी में अपने विरोधी गुट पर बनर्जी को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने पत्रकारों से कहा, यह मुझे फंसाने की कुछ लोगों की साजिश है। उन्होंने कहा कि राज्य तथा केंद्रीय परियोजनाओं के लाभार्थियों की सूची पंचायत प्रधान नहीं बनाता है। मंडल ने पूछा, मैं उन लोगों को पैसा कैसे बांट सकती हूं जो सूची में शामिल नहीं हैं? पश्चिम बंगाल के भाजपा के वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा ने बनर्जी के फरमान को ढकोसला बताया। सिन्हा ने कहा, अगर अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल में लोगों के एक बड़े समूह से बातचीत करते हैं तो उन्हें ऐसा ही अनुभव मिलेगा। पंचायत चुनाव नजदीक आने पर वह यह ढकोसला कर रहे हैं क्योंकि लोग टीएमसी नेताओं के खिलाफ हो गए हैं। राज्य में अगले साल की शुरुआत में पंचायत चुनाव होने हैं। वहीं, टीएमसी के प्रदेश प्रवक्ता कुनाल घोष ने कहा, हमारे नेता अभिषेक बनर्जी ने दिखाया है कि जब भी आम आदमी, गरीब और जरूरतमंद की सेवा की बात आती है तो पार्टी कड़ी कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकिचाएगी।

# छत्तीसगढ़: भानुप्रतापपुर उपचुनाव का मतदान आज

**भाषा।** कांकेर

**छत्तीसगढ़** में नक्सल प्रभावित भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को मतदान होगा। इस सीट के लिए सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। नक्सल प्रभावित कांकेर जिले के अंतर्गत भानुप्रतापपुर क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक और विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज सिंह मंडावी की 16 अक्टूबर को दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई थी, तब से यह सीट रिक्त है। निर्वाचन अधिकारियों ने रविवार को बताया, पांच दिसंबर को भानुप्रतापपुर में स्वतंत्र और निष्पक्ष उपचुनाव कराने के लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। मतदान सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक होगा। वोटों की गिनीत आठ दिसंबर को होगी। उपचुनाव के लिए पांच दिसंबर को होने वाले मतदान में क्षेत्र के एक लाख 95 हजार 822 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 95 हजार 266 पुरूष मतदाता, एक लाख 555 महिला मतदाता और एक तृतीय लिंग मतदाता शामिल है। भानुप्रतापपुर विधानसभा उप निर्वाचन के लिए कुल 256 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से 82 मतदान केन्द्र नक्सल संवेदनशील और 17 मतदान केंद्र अति नक्सल संवेदनशील हैं। राजनीतिक रूप से संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या 23 है। सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी में रविवार सुबह मतदान दलों को उनके संबंधित मतदान केंद्रों पर भेजने का काम शुरू हो गया। भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान के लिए अर्धसैनिक बलों सहित लगभग 2500 सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। उपचुनाव के लिए सात उम्मीदवार मैदान में हैं। सत्ताधारी दल कांग्रेस और विपक्षी दल भाजपा के बीच सीधी लड़ाई की संभावना है। इस सीट से कांग्रेस ने दिवंगत विधायक की पत्नी सावित्री मंडावी को मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा के उम्मीदवार पूर्व विधायक ब्रह्मानंद नेताम हैं। वहीं बस्तर में आदिवासियों की संस्था सर्व आदिवासी समाज ने भी अपना उम्मीदवार अकबर राम कोर्राम को चुनाव के लिए मैदान में उतारा है। कोर्राम निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। कोर्राम भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी हैं। 2020 में पुलिस उप महानिरीक्षक के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे।

इस उपचुनाव के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अपनी पार्टी की ओर से तथा प्रचार किया तथा भाजपा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने प्रचार किया। चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने भाजपा के उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम पर आरोप लगाया कि वह झारखंड में एक बलात्कार मामले में आरोपी हैं। कांग्रेस ने दावा किया है कि नेताम 2019 में पड़ोसी राज्य झारखंड के जमशेदपुर के टेल्को पुलिस थाने में दर्ज एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में आरोपी है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नेताम को पार्टी का उम्मीदवार बनाकर भाजपा ने संदेश दिया कि वह ऐसे अपराधियों को संरक्षण देने में सबसे आगे है। झारखंड से पुलिस का एक दल हाल ही में इस मामले की जांच के लिए यहां पहुंचा था।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 5 दिसंबर, 2022



# फ्रांस शान से क्वार्टरफाइनल में, एमबापे चमके



भाषा। दोहा

## एमबापे के दो गोल, पोलैंड को 3-1 से हराया

**गत चैम्पियन फ्रांस** ने किलियान एमबापे के दो गोल और ओलिवर गिरोड के रिकॉर्ड गोल की मदद से रविवार को यहां फीफा विश्व कप के राउंड 16 मैच में पोलैंड को 3-। से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। फ्रांस की टीम विश्व कप में लगातार तीन चरण (2014, 2018, 2022) के क्वार्टरफाइनल में खेलेगी। क्वार्टरफाइनल में फ्रांस का सामना 10 दिसंबर को इंग्लैंड और सेनेगल के बीच देर रात खेले जाने वाले मैच के विजेता से होगा। सेंटर फॉरवर्ड गिरोड (44वें मिनट) ने पहले हाफ में अपने देश के रिकॉर्ड 52वां गोल दागा। एमबापे (74वें और 90 वें मिनट) ने दूसरे हाफ में दो गोल किए और गिरोड को गोल करने में मदद भी की। पोलैंड के लिए सांत्वना गोल उसके करिश्माई स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की (90 9वें मिनट) ने पेनल्टी स्पॉट पर किया। पहले हाफ से एक मिनट पूर्व गिरोड फ्रांस के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले फुटबॉलर बन गए और उन्होंने थिएरी ऑनरी (123 मैच में 51 गोल) को पीछे छोड़ दिया। 36 वर्षीय गिरोड के 117 मैचों में 52 गोल हो गए हैं। ग्रुप डी के शुरूआती मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 4-। की जीत में वह ऑनरी की बराबरी पर आए थे। एमबापे ने बॉक्स के अंदर गिरोड को गेंद दी जिन्होंने बाएं पैर से शानदार शॉट लगाकर रिकॉर्ड गोल दागा और फ्रांस को।-0 से आगे कर दिया। कोच कोच डिडिएर डेसचैंप्स इसका जश्न मनाते दिखे। मैच के दौरान पोलैंड ने मौके बनाए लेकिन टीम दुर्भाग्यशाली रहे कि ए फलदाई नहीं रहे। ग्रुप डी में शीर्ष पर रही फ्रांस ने मैच के 15 मिनट में दबदबा बनाए रखा जिसमें गोल करने के तीन अच्छे प्रयास किए जिसमें से एक में ऑरेलियन चोउमेनी ने 13वें मिनट में गोल की ओर शॉट लगाया था, पर इसका पोलैंड के गोलकीपर वोजशिएक श्जेस्नी ने डाइव करते हुए अच्छा बचाव किया। पोलैंड के दिग्गज खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकरों में से एक लेवांडोव्स्की ने फ्रांस के हाफ में घुसने के लिए कई प्रयास किए। 1998 चैम्पियन फ्रांस को 27वें मिनट में बढ़िया मौका मिला जब बार्सिलोना के विंगर ओस्माने डेम्बेले ने गिरोड को क्रास दिया लेकिन वह इसे नेट में नहीं पहुंचा सके। पोलैंड के खिलाड़ी एमबापे को रोकने के लिए हर तरह के प्रयास में जुटे थे जो अब टूर्नामेंट में पांच गोल कर गोल्डन बूट की दौड़ में आगे चल रहे हैं। चोउमनी को फ्रांकोवस्की को टैकल कर फाउल करने के लिए इस दौरान पीला कार्ड भी दिखाया और पोलैंड को फ्री किक मिली जो बेकार चली गई। फ्रांस के गोलकीपर हुगो लौरिस टीम के लिए रिकॉर्ड 142वें मैच में उतरकर सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले लिलियन थुरम की बराबरी पर आ गए। उन्होंने 38वें मिनट में पोलैंड के पियोट्र जिलिंस्की के प्रयास का अच्छा बचाव किया। दूसरे हाफ में पोलैंड के बातोस्ज बेरेस्जिंस्की को ओस्माने डेम्बेले को गिराने के लिए पीला कार्ड मिला और फ्रांस को फ्री किक। पोलैंड के गोलकीपर ने फ्री किक पर एंटोइन ग्रिजमान के ताकतवर शॉट का डाइव करते हुए अच्छा बचाव किया। एमबापे को इस दौरान मौका मिला, लेकिन उनका शॉट वाइड चला गया। गिरोड के पास 66वें मिनट में बढ़त दोगुनी करने का मौका था, उन्होंने पोस्ट के करीब कौंडे के क्रास को दिशा देने की कोशिश की लेकिन यह नेट के साइड से निकल गया। पोलैंड के खिलाड़ी फ्रांस के हाफ में थे और तभी जवाबी हमले में फ्रांस के खिलाड़ियों ने गेंद का रूख बदल दिया। गिरोड ने डेम्बले को पास दिया जिन्होंने इसे एमबापे की ओर किया, इस स्टार ने पोलैंड के बॉक्स में दाएं पैर से ताकतवर शॉट से सीधे निशाना गोल में लगाया और श्जेसनी कुछ नहीं कर सके। एमबापे इस तरह 24 साल से कम उम्र में विश्व कप में आठ गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। इस तरह उन्होंने पेले के 24 साल पूरे होने से पहले किए रिकॉर्ड सात गोल को पीछे छोड़ा। एमबापे ने फिर एक और जादू दिखाते हुए मैच में अपना दूसरा गोल कर दिया। थुर्म के पास पर उन्होंने अपने विश्व कप गोल की संख्या नौ कर दी। पोलैंड की टीम 36 साल में पहली बार नॉकआउट दौर में पहुंची थी, उसके लिए सांत्वना गोल 99वें मिनट में हैंडबॉल उल्लंघन से हुई पेनल्टी पर हुआ।

## ऑस्ट्रेलिया को हराकर अर्जेन्टीना भी अंतिम आठ में



**अल रेयान।** लियोनल मेस्सी के गोल से अर्जेन्टीना ने शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेस्सी ने अपने करियर का 1000वां मैच खेलते हुए विश्व कप के नॉकआउट चरण का अपना पहला गोल दागा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालांकि अर्जेन्टीना की जीत की राह आसान नही रही जैसा कि लोगो ने उम्मीद की थी। अर्जेन्टीना की जीत मे गोलकीपर एमी मार्टिनेज की अहम भूमिका रही जिन्होने मैच के अंतिम सेकेंडो मे शानदार बचाव करते हुए मुकाबले को अतिरिक्त समय मे खिंचने से रोका। मेस्सी ने 35वे मिनट मे अर्जेन्टीना को बढ़त दिलाई जिसके बाद जूलियन अल्वारेज ने 57वे मिनट मे स्कोर 2-0 कर दिया।
मैच के 77वे मिनट मे ऑस्ट्रेलिया की वापसी की उम्मीद जगी जब एंजो फर्नांडिज ने आत्मघाती गोल दाग दिया। क्वार्टर फाइनल मे अब अर्जेन्टीना की भिड़ंत नीदरलैड से होगी। मुकाबले मे 2-0 से पिछड़ने के बाद अंतिम 20 मिनट मे ऑस्ट्रेलिया की वापसी की उम्मीद बंधी जब 77वे मिनट मे क्रेग गुडविन का शॉट अर्जेन्टीना के मिडफील्डर एंजो फर्नांडिज से टकराने के बाद गोल मे चला गया। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद हमले तेज किए। टीम को अंतिम लम्हों में गोल करने का मौका मिला जब गेरेग कुओल के पास गेंद पहुंची और उन्हें सिर्फ गोलकीपर को पछाड़ना था लेकिन उनके दमदार शॉट को मार्टिनेज ने रोक दिया। अर्जेन्टीना की टीम ने अपने पहले मैच में सऊदी अरब के खिलाफ उलटफेर भरी हार के बाद अच्छी वापसी की है और टीम लगातार तीन मैच जीत चुकी है। अपना पांचवां और संभवतः अंतिम विश्व कप खेल रहे मेस्सी के नाम अब 789 गोल हो चुके है। सात बार दुनिया के साल के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुने गए मेस्सी की नजरे 18 दिसंबर को फुटबॉल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट जीतने पर टिकी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला देखने के लिए अहमद बिन अली स्टेडियम मे अर्जेन्टीना के हजारो दर्शक मौजूद थे और टीम की हौसलअफ्जाई कर रहे थे। मेस्सी ने समर्थकों की सराहना करते हुए कहा, पूरा अर्जेन्टीना यहां आना चाहता है लेकिन यह संभव नही है। हमारे बीच जो यह जुड़ाव, एकजुटता है, वह शानदार है।

## दक्षिण कोरिया के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में ब्राजील की नजरें नेमार की वापसी पर



**दोहा।** ब्राजील की टीम फीफा विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल मे सोमवार देर रात (साढ़े 12 बजे) जब दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम के दिग्गज खिलाड़ी नेमार चोट से उबर कर वापसी करते है या नही। इस बात का फैसला मैच से पहले ब्राजील के अंतिम अभ्यास सत्र मे उनके प्रदर्शन पर होगा। ब्राजील का यह स्टार खिलाड़ी सर्बिया के खिलाफ टीम की शुरूआती जीत मे दाहिने टखने की चोट के कारण ग्रुप चरण के दो मैचो मे नही खेल पाया था। उन्होने शनिवार को टीम के साथियो के साथ अभ्यास किया लेकिन यह स्पष्ट नही है कि वह दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैदान मे उतरने के लिए पूरी तरह से फिट है या नही। टिटे ने रविवार को टीम के अभ्यास सत्र से पहले कहा, वह आज दोपहर अभ्यास करेंगे। अगर अभ्यास सत्र मे उनका प्रदर्शन अच्छा रहा तो वह खेलेगे। टिटे ने कहा कि अगर वह खेलने के लिए फिट होंगे तो वह शुरूआती एकादश मे शामिल रहेंगे। उन्होने कहा, मै मैच की शुरूआत से ही अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का इस्तेमाल करना पसंद करता हूं। इस तरह के फैसले और उसकी जिम्मेदारी लेना कोच का काम है। नेमार की गैरमौजूदगी मे भी ब्राजील की टीम अपने ग्रुप मे शीर्ष पर रही।

### क्रोएशिया के खिलाफ दमखम दिखाने को तैयार है जापान

**दोहा।** जापान की टीम फुटबॉल विश्व कप मे सोमवार को जब पिछली बार की उपविजेता क्रोएशिया के खिलाफ मैदान मे उतरेगी तो उसकी कोशिश नॉकआउट चरण मे पहली जीत दर्ज करने की होगी। मैच से पहले टीम के डिफेंडर युटो नाकाटोमो ने अपने साथी खिलाड़ियों से समुराई (जापानी योद्धा) की तरह जज्बा दिखाने की सलाह दी है। उन्होने कहा, हमें पूरे दमखम के साथ खेलना होगा। इस टीम ने ग्रुप चरण मे पूर्व चैम्पियन जर्मनी और स्पेन जैसी टीमों को हराकर उलटफेर किया लेकिन क्रोएशिया के खिलाफ 0-। से हार गई। अंतिम 16 मे पहुंची टीम मे आबादी के मामले मे क्रोएशिया सबसे छोटा देश है। महज 40 लाख के आबादी वाले इस देश ने पिछले विश्व कप मे दमदार खेल दिखाया था। टीम 1998 मे तीसरे स्थान पर रह चुकी है। कोच कोच ज्लाटको डालिच से जब पूछा गया, क्या तीसरी बार मे टीम को किस्मत का साथ मिलेगा तो उन्होने कहा, हां, क्यो नही। उन्होने कहा कि उनकी टीम जापान की चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। डालिच ने कहा, वे समुराई की सीख को इस खेल मे लागू करेंगे।

### लियोन को छह विकेट, ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज को हराया

**पर्थ।** ऑफ स्पिनर नाथन लियोन के छह विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन वेस्टइंडीज को 164 रन हराकर फ्रेंक वारेल ट्रॉफी को अपने पास बरकरार रखना सुनिश्चित किया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने दो टेस्ट की श्रृंखला मे।-0 की बढ़त बना ली है। लियोन ने 128 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया के 498 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम चाय से पहले 333 रन पर सिमट गई। लियोन ने अपने 110वें टेस्ट में 21वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए।

### इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान को जीत के लिए 263 रन की जरूरत

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में जीत के लिए मिले 343 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रविवार को चौथे दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 80 रन बनाकर ठोस शुरुआत की। पाकिस्तान को अब मैच के आखिरी दिन अधिकतम 90 ओवर में 263 रन की जरूरत है जबकि तीन मैचो की श्रृंखला मे बढ़त लेने के लिए इंग्लैंड को आठ विकेट चाहिए। स्टंप्स के समय पहली पारी के शतकवीर इमाम उल हक 60 गेद में 43 रन और पदार्पण कर रहे सउद शकील 24 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

### केरल ब्लास्टर्स ने जमशेदपुर एफसी को 1–0 से हराया

**जमशेदपुर।** दिमित्रियोस डायमंटाकोस के गोल से केरल ब्लास्टर्स ने रविवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले मे जमशेदपुर एफसी को।-0 से शिकस्त दी। मैच का इकलौता गोल यूनान के स्ट्राइकर डायमंटाकोस ने 17वें मिनट में किया। उनके गोल के दम पर टीम ने लगातार चौथे मैच मे जीत दर्ज की। इस जीत के बाद केरल की टीम तालिका में पांचवे स्थान पर बरकरार है। टीम के आठ मैचो मे पांच जीत और तीन हार से 15 अंक हो गए है। वही, लगातार पांचवी हार के बाद जमशेदपुर की टीम दसवे स्थान पर है।

### एरिगैसी, वैशाली टाटा शतरंज के चैंपियन बने

**कोलकाता।** अर्जुन एरिगैसी ने टाटा स्टील शतरंज भारत के आखिरी दिन रविवार को यहां हिकारू नाकामुरा को पछाड़कर ब्लिट्ज खिताब जीता। भारत के किशोरी खिलाड़ी के नाम 12.5 अंको रहे जो अमेरिका के नाकामुरा से एक अंक अधिक था। नाकामुरा के खिलाफ एरिगैसी पिछड़ रहे थे लेकिन अमेरिका के खिलाड़ी ने 30वे चाल मे गलती की जहां से भारतीय खिलाड़ी ने मैच में दबदबा बनना शुरू किया और जीत दर्ज की।

### यू मुंबा पर गुजरात जायंट्स की रोमांचक जीत में चमके प्रतीक दाहिया

**हैदराबाद।** प्रतीक दाहिया के शानदार प्रदर्शन के दम पर गुजरात जायंट्स ने प्रो कबड्डी लीग के मैच मे रविवार को यहां पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए यू मुंबा को 38-36 से शिकस्त दी।

# शाकिब और मेहदी हसन का कमाल, भारत बेहाल

## भारत को एक विकेट से हराया

भाषा। मीरपुर



मेहदी हसन

**बांग्लादेश ने** पहले शाकिबुल हसन के पांच विकेट और फिर आल राउंडर मेहदी हसन मिराज (नाबाद 38 रन) की पारी से रविवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में भारत को एक विकेट से हराकर तीन मैचों की क्रिकेट श्रृंखला में।-0 से बढ़त हासिल की। बांग्लादेश ने 40वें ओवर में अपना नौवां विकेट 136 रन पर हसन महमूद (शून्य) के रूप में गंवा दिया था लेकिन भारतीय टीम अगले छह ओवर में अंतिम विकेट नहीं झटक सकी। इसमें मेहदी हसन (39 गेंद, चार चौके, दो छक्के) और मुस्तफिजुर रहमान (नाबाद 10 रन) के बीच अंतिम विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी ने अहम भूमिका अदा की। शाकिब (36 रन पर पांच विकेट) के पांच विकेट से बांग्लादेश ने लोकेश राहुल (73) के जुझारू अर्धशतक के बावजूद भारत को 41.2 ओवर में 186 रन पर ढेर कर दिया था। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 40वें ओवर तक 136 रन पर नौ विकेट झटक लिए थे, वर्ना भारतीय टीम मैच पहले ही गंवा देती। इसके बाद भारत की जीत की उम्मीद जगी थी लेकिन इस मैच में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालने वाले राहुल और अनुभवी शिखर धवन ने कैच टपका दिए, तब बांग्लादेश को जीत के लिए 32 रन की जरूरत थी। वाशिंगटन सुंदर भी थर्ड मैन पर आसान कैच नहीं लपक सके जिससे मिराज और मुस्तफिजुर ने 46 ओवर में टीम को लक्ष्य तक पहुंचाकर जीत दिलाई। भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज (32 रन देकर तीन विकेट), शार्दुल ठाकुर (21 रन देकर एक विकेट) और सुंदर (17 रन देकर दो विकेट) ने शानदार प्रयास से इस आसान स्कोर को बांग्लादेश के लिए बड़ा कर दिया था। पदार्पण कर रहे कुलदीप सेन ने 37 रन देकर दो विकेट विकेट झटके। दीपक चाहर (32 रन देकर एक विकेट) ने पहली गेंद पर विकेट दिलाया लेकिन अंत में वह इतने प्रभावी नहीं दिखे। इससे पहले शाकिब के अलावा इबादत हुसैन ने भी 47 रन देकर चार विकेट चटकाए जिससे भारतीय टीम 41.2 ओवर में पवेलियन लौट गई। विकेट पर तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों को मदद मिल रही थी, राहुल ने 70 गेंद में पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 73 रन की पारी खेली लेकिन भारत के अन्य बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए जूझना पड़ा। उनके अलावा कप्तान रोहित शर्मा (27) और श्रेयस अय्यर (24) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** रोहित बो शाकिब 27,धवन बो मेहदी 07,कोहली का लिटन बो शाकिब 9,अय्यर का मुशफिकुर बो इबादत 24,राहुल का अनामुल बो इबादत 73, सुंदर का इबादत बो शाकिब 19, अहमद का शाकिब बो इबादत 00, ठाकुर बो शाकिब 02, चाहर पगबाधा शाकिब 00, सिराज का महमुदुल्लाह बो इबादत 09, सेन नाबाद 02, **अतिरिक्तः** (लेग बाईः 01, नोबोल 01, वाइड 12) 14, **कुल योगः** (41.2 ओवर में सभी आउट) 186 रन, विकेट पतनः।-23, 2-48, 3-49, 4-92, 5-152 , 6-153 , 7-156 , 8-156 , 9-178,**गेंदबाजीः** मुस्ताफिजुर 7-।-19-0,महमूद 7-।-40-0,मेहदी 9-।-43-।, शाकिब 10-2-36-5, इबादत 8.2-0-47-4

**बांग्लादेश पारीः** शांटो का शर्मा बो चाहर 00,दास का राहुल बो वाशिंगटन सुंदर 41, हक का वाशिंगटन सुंदर बो मोहम्मद सिराज 14,हसन का कोहली बो वाशिंगटन सुंदर 29, रहीम बो मोहम्मद सिराज 18,महमूदुल्लाह पगबाधा बो ठाकुर 14,हुसैन का सिराज बो सेन 06,मिराज नाबाद 38, हुसैन हिट विकेट बो सेन 00, महमूद पगबाधा बो मोहम्मद सिराज 00,रहमान नाबाद 10 **,अतिरिक्तः** 17,कुल योगः 46 ओवर मे नौ विकेट पर 187 रन,विकेट पतनः।-0, 2-26, 3-74, 4-95, 5-128 , 6-128 , 7-134 , 8-135 , 9-136,**गेंदबाजीः** चाहर8-।-32-।, सिराज10-।-32-3,सेन 5-0-37-2,अहमद 9-0-39-0,सुंदर 5-0-17-2, ठाकुर 9-।-21-।

## इन परिस्थितियों में स्पिनरों को कैसे खेलें, यह देखने की जरूरतः रोहित

भाषा। मीरपुर



**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को यहां बांग्लादेश से कम स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में मिली एक विकेट की हार के बाद इस बात को स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई कि उनकी बल्लेबाजी इकाई को मुश्किल विकेट पर स्पिनरों से निपटने के लिए काफी सुधार की जरूरत है। रोहित ने मैच के बाद कहा, पिच थोड़ी चुनौतीपूर्ण थी, इसमें गेंद टर्न ले रही थी। आपको समझना होगा कि इसे कैसे खेला जाए। इसमें कोई बहाना नहीं है, हम इस तरह के हालात के आदी हैं। उन्होंने कहा, हमें देखना होगा कि हम इस तरह के हालात में उनके स्पिनरों के खिलाफ कैसे बल्लेबाजी करें। हमारे खिलाड़ी इस तरह के हालात में खेलते हुए बड़े हुए हैं। यह बस दबाव से निपटने की बात है। बांग्लादेश ने 40वें ओवर में अपना नौवा विकेट 136 रन पर गंवा दिया था लेकिन टीम की अंतिम विकेट की जोड़ी ने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद की। रोहित ने कहा, स्कोर काफी नहीं था। अगर हम 30 से 40 रन और बना लेते तो इससे अंतर पैदा होता। केएल राहुल और वाशिंगटन सुंदर की बदौलत हम वहां तक पहुंच सकते थे।

### पंत को बांग्लादेश में भारतीय टीम से रिलीज किया गया



**मीरपुर।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को बांग्लादेश के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम से रिलीज (टीम से हटा देना) कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम से सलाह मशविरे के बाद पंत को रिलीज किया गया है और उनके विकल्प की मांग नहीं की गई है। बीसीसीआई ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, बीसीसीआई की मेडिकल टीम से सलाह मशविरे के बाद ऋषभ पंत को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह टेस्ट श्रृंखला से पहले टीम से जुड़ेंगे। उनके विकल्प की मांग नहीं की गई है। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी बांग्लादेश के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

## मुझे टीम प्रबंधन ने वनडे में विकेटकीपिंग के लिए तैयार रहने को कहा हैः राहुल

**मीरपुर।** भारतीय उप-कप्तान लोकेश राहुल ने रविवार को खुलासा किया कि भारतीय टीम प्रबंधन ने एकदिवसीय प्रारूप में उन्हें विकेट कीपिंग और मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहने के लिए कहा है। लोकेश राहुल ने 2021 में कुछ मैचों में विकेट के पीछे की जिम्मेदारी संभाली है। बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के शुरूआती एकदिवसीय में उन्होंने मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए 73 रन की पारी खेली और फिर विकेटकीपर की भूमिका निभाई। ऋषभ पंत को मेडिकल टीम की सलाह पर एकदिवसीय श्रृंखला से आराम देने के बाद लोकेश राहुल से विकेटकीपिंग करने का फैसला किया गया। उन्होंने हालांकि मेहदी हसन मिराज का कैच टपका दिया, जिससे भारतीय टीम को एक विकेट से हार का सामना करना पड़ा। लोकेश राहुल से जब पंत की गैरमौजूदगी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने थोड़ी निराशा वाले भाव में कहा, हमने पिछले आठ-नौ महीनों में ज्यादा एकदिवसीय मैच नहीं खेले हैं, लेकिन अगर आप 2020-21 को देखें, तो मैंने विकेट कीपिंग की है और मैंने चौथे तथा पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी की है।

## पेले की स्थिति स्थिर, इलाज पर दे रहे अच्छी प्रतिक्रिया

**साओ पाउलो।** ब्राजील के पूर्व महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले श्वसन संबंधी संक्रमण के इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और पिछले 24 घंटों में उनकी स्थिति और खराब नहीं हुई है। अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल ने शनिवार को यह जानकारी दी। महान खिलाड़ी 82 वर्षीय पेले मंगलवार से अस्पताल में भर्ती हैं। इंस्टाग्राम पर डाले गए बयान में पेले ने कहा, मैं बहुत आशावान और मजबूत हूं तथा हमेशा की तरह उपचार के अनुसार चल रहा हूं। मेरी देखभाल के लिए मैं पूरी चिकित्सा और नर्सिंग टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मुझे ईश्वर में बहुत विश्वास है और दुनिया भर से आपसे मिले प्यार का हर संदेश मुझे ऊर्जा से भर देता है। और ब्राजील को विश्व कप में खेलते हुए भी देखें। कैंसर का इलाज भी करा रहे तीन बार के विश्व कप विजेता पेले के लिए दुनिया भर से अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए संदेश आ रहे हैं। पेले की बेटी केली नैसिमेंटो ने इंस्टाग्राम पर कतर में ब्राजील के प्रशंसकों द्वारा झंडों और बैनरों के साथ अपने पिता को शुभकामनाएं देने की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। पश्चिम एशिया के इस देश की इमारतों में भी पूर्व महान फुटबॉलर के समर्थन में संदेश प्रदर्शित किए गए।ब्राजील विश्व कप में सोमवार को अंतिम 16 के मुकाबले में दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा।

# पांचवें मैच में ऑस्ट्रेलिया से 4-5 से हारा भारत

## श्रृंखला 1-4 से गंवाई

भाषा। एडीलेड



**कप्तान हरमनप्रीत** सिंह के दो गोल के बावजूद भारत को रविवार को यहां पांचवें और अंतिम हॉकी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे उसने दुनिया की नंबर एक टीम के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला।-4 से गंवा दी। टॉम विकहैम (दूसरे और 17वें मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया के लिए दो गोल दागे जबकि एरेन जेलवस्की (30वें मिनट), जेकब एंडरसन (40वें मिनट) और जेक वेटन (54वें मिनट) ने भी मेजबान टीम की तरफ से एक-एक गोल किया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (24वें और 60वें मिनट) ने दो जबकि अमित रोहिदास (34वें मिनट) और सुखजीत सिंह (55वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा। भारत ने शुरूआती दो मैच 4-5 और 4-7 से गंवाने के बार तीसरा मैच 4-3 से जीता था। चौथे मैच में मेहमान टीम को।-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। रविवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम दोनों टीम में कहीं बेहतर नजर आई। टीम ने शुरूआती दो क्वार्टर में मैच पर नियंत्रण बनाया। दूसरी तरफ भारतीय टीम ने धीमी शुरूआत की और उसके मूव में हिचक दिख रही थी। ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरूआत की और विकहैम ने दूसरे ही मिनट में मैदानी गोल दागकर मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। भारतीय खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई डिफेंस पर दबाव डालने में नाकाम रहे और पहले क्वार्टर में टीम ने बामुश्किल कोई मौका बनाया। विकहैम ने 17वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को दोगुना कर दिया। लैकलेन शार्प ने मिडफील्ड से गेंद को अपने कब्जे में लिया और भारत के कुछ डिफेंडरों को छकाते हुए गेंद को विकहैम के पास पहुंचाया जिन्हें सिर्फ भारत के गोलकीपर पीआर श्रीजेश को छकाना था और उन्होंने इसमें कोई गलती नहीं की। हरमनप्रीत ने 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर।-2 किया। ऑस्ट्रेलिया को इसके बाद लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन रिजर्व गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने जेरेमी हेवर्ड के प्रयासों को नाकाम कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि जेलवस्की की बदौलत मध्यांतर से ठीक पहले 3-। की बढ़त हासिल कर ली। मध्यांतर के बाद भारत ने आक्रामक शुरुआत की और रोहिदास के गोल से स्कोर 2-3 कर दिया। कुछ मिनटों बाद श्रीजेश ने शार्प के हमले को नाकाम किया। ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि दबाव बनाए रखा और 40वें मिनट में एंडरसन ने डेनियल बील के पास पर गोल दाग दिया। वेटन ने एक और गोल दागकर मेजबान टीम को 5-2 की बढ़त दिलाई। सुखजीत ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को कम किया। अंतिम मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को हरमनप्रीत ने गोल में बदला लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए।

## भारतीय भारोत्तोलक विश्व चैम्पियनशिप से शुरू करेंगे 2024 ओलंपिक की तैयारी

**बगोटा।** मीराबाई चानू की अगुवाई में भारतीय भारोत्तोलक सोमवार से यहां शुरू हो रही विश्व चैम्पियनशिप में जब अपनी दावेदारी पेश करेंगे तो उनकी निगाहें 2024 में पेरिस में होने वाले ओलंपिक पर होगी। ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई, राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता एस बिंदियारानी देवी (59 किग्रा), अचिंता (73 किग्रा) और गुरदीप (109 किग्रा से अधिक) अगस्त में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के बाद पहली बार किसी प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता में चुनौती पेश करेंगे। इन खिलाड़ियों का लक्ष्य पेरिस ओलंपिक का क्वालिफिकेशन हासिल करने के लिए जरूरी रैंकिंग अंक जुटाना होगा। पूर्व विश्व चैम्पियन मीराबाई के द्वारा इस प्रतियोगिता में अपनी अधिकतम भार सीमा को परखने की उम्मीद है लेकिन मुख्य कोच विजय शर्मा चाहते हैं कि अन्य भारोत्तोलक इसमें अपने स्तर को ऊंचा उठाए और कम से कम एक वर्ग (स्नैच , क्लीन एंव जर्क और कुल भार) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। इस टूर्नामेंट के लिए मेरी उम्मीद है कि मीराबाई के अलावा सभी को तीन श्रेणियों में से एक में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहिए। इससे उनके खेल में सुधार आएगा और उन्हें क्वालीफिकेशन में मदद मिलेगी।

## उन्नति और अनीश ने बैडमिंटन एशिया जूनियर चैम्पियनशिप में रजत पदक जीते



**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुड्डा और अनीश थोप्पानी ने रविवार को थाईलैंड के नोंथबुरी में बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप 2022 में रजत पदक हासिल किए। अर्श मोहम्मद और संस्कार सारस्वत की पुरूष युगल जोड़ी भी दूसरे स्थान पर रही। भारतीय दल ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते। ओडिशा ओपन चैंपियन उन्नति इस टूर्नामेंट के अंडर-17 वर्ग के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है। वह खिताबी मुकाबले में थाईलैंड की सरुनराक विटिडसन के खिलाफ 8-21 21-9 14-21 से हार गईं। अनीश अंडर-15 लड़कों के एकल फाइनल में चुंग-सियांग यिह से 8-21 24-22 19-21 से हार गए। अर्श और संस्कार की जोड़ी फाइनल में चीनी ताइपे के लाई पो-यू और ई-हाओ लिन की जोड़ी से 13-21 21-19 22-24 से हार गई।

### सुकांत और तीन अन्य भारतीय पेरू पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय के एकल फाइनल में

**नई दिल्ली।** सुकांत कदम सहित चार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने लीमा मे चल रहे पेरू पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के एकल फाइनल में प्रवेश किया। नित्या स्रे सुमति सिवान (एसएच6), मंदीप कौर (एसएल3) और नेहाल गुप्ता (एसएल3) ने भी शनिवार को अपने वर्गों के फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी सुकांत ने ग्वाटेमाला के राउल एंगुईयानो को एकतरफा सेमीफाइनल में 21-10 21-12 से शिकस्त दी। अब फाइनल में उनका सामना सिंगापुर के ची हियोग अंकसे होगा। सुकांत पिछली दो भिड़ंत में ची को हरा चुके है। नित्या ने पोलैंड की ओलिविया स्जमिगेल को 21-17 21-7 से जबकि मंदीप ने हमवतन पारूल परमार को 23-21 21-12 से तथा नेहाल ने उमेश विक्रम को 21-6 21-23 21-9 से शिकस्त दी।

### मनु और सरबजीत ने मिश्रित टीम पिस्टल खिताब जीता



**भोपाल।** मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने रविवार का यहां 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप प्रतियोगिता मे 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम खिताब अपने नाम किया। हरियाणा की इस जोड़ी ने स्वर्ण पदक मुकाबले में कर्नाटक की दिव्या टीएस और इमरोज को 16-4 से पराजित किया। मनु और सरबजोत क्वालीफिकेशन दौर मे भी 575 अंक से शीर्ष पर रहे थे जबकि कर्नाटक की जोड़ी ने 573 अंक जुटाए थे। पंजाब और ओएनजीसी ने कांस्य पदक साझा किए। जूनियर मिश्रित टीम पिस्टल स्पर्धा में उत्तर प्रदेश की अंजलि और सागर ने स्वर्ण पदक मैच मे उत्तराखंड की यशस्वी और अभिनव को 18-16 से पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश ने कांस्य पदक जीते।